नव भारत
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


# दो फेज में होगी जनगणना

## पहला अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच, दूसरा फेज फरवरी 2027 में होगा

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. संसद के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन महत्वपूर्ण घटनाओं से भरा रहा. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के एक सवाल का जवाब गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिया. उन्होंने लोकसभा में बताया कि जनगणना को दो फेज में कराने का निर्णय लिया गया है. पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चलेगा. वहीं दूसरा फेज फरवरी 2027 में होगा. पहले फेज में हाउज लिस्टिंग और हाउस सेंसस किया जाएगा, वहीं दूसरे फेज में पॉपुलेशन एन्यूमरेशन होगा.**

नित्यानंद राय ने कहा, जनसंख्या की गिनती फरवरी 2027 में होगी. इसकी रेफरेंस तारीख 1 मार्च 2027 है. जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके नॉन-सिंक्रोनस इलाकों व लद्दाख में जनगणना सितंबर 2026 में होगी, जिसकी रेफरेंस तारीख 1 अक्टूबर 2026 रखी गई है. उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना में जाति की गणना भी की जाएगी और जनगणना का पूरा प्रोसेस डिजिटल रहेगा. मोबाइल एप के जरिए डेटा एकट्ठा किया जाएगा और खुद से गिनती के लिए ऑनलाइन इंतजाम रहेगा. हर काम से पहले अलग-अलग मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और जनगणना डेटा यूजर्स से मिले इनपुट और सुझावों के आधार पर जनगणना के सवालों की लिस्ट को फाइनल किया जाता है.

### संसद में पीएम , अमित शाह, जेपी नड्डा और बीएल संतोष की हुई बैठक




**नई दिल्ली, 03 दिसंबर .** संसद भवन में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और बीजेपी के संगठन महामंत्री बीएल संतोष के बीच बुधवार को एक अहम बैठक हुई, जो करीब एक घंटा चली. इस बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा हुई. एक अनुमान के अनुसार बीजेपी को जल्द नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है. साथ ही यूपी में भी पार्टी की कमान नए अध्यक्ष को सौंपी जाएगी. इससे पहले सोमवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के आवास पर बीजेपी और आरएसएस के बीच समन्वय बैठक हुई. तीन घंटे चली इस मीटिंग में बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर मंथन किया गया. माना जा रहा है कि पार्टी इस हफ्ते नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है.

### अब फोन में प्री-इंस्टॉल नहीं होगा संचार साथी ऐप

केंद्र सरकार ने भारी विरोध और गोपनीयता संबंधी चिंताओं के बाद बुधवार को मोबाइल निर्माता कंपनियों के लिए संचार साथी ऐप की प्री-इंस्टॉलेशन अनिवार्यता को खत्म कर दिया है. सरकार ने कहा कि ऐप साइबर सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और नागरिकों की सुरक्षा करता है. यूजर्स इसे कभी-भी अनइंस्टॉल कर सकते हैं. इससे पहले लोकसभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद को सूचित किया कि सरकार जनता के सुझावों और फीडबैक के आधार पर प्लेटफॉर्म के नियमों में संशोधन (बदलाव) करने को तैयार है.

# आंगनवाड़ियों में मिलेगा गर्म भोजन

### सेंट्रल किचन की व्यवस्था होगी लागू

**03 वर्ष में बनेंगे आंगनवाड़ियों के 9 हजार नए भवन**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 3 दिसंबर. प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के आंगनवाड़ियों में नये वर्ष से गर्म भोजन ही मिलेगा. इसके लिये सेंट्रल किचन की व्यवस्था शहरी क्षेत्रों में नये वर्ष से लागू हो जाएगी.**

यह जानकारी बुधवार को मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दी गई. बैठक में विभाग के अगले तीन वर्ष के रोडमैप और पिछले दो वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों को लेकर प्रजेंटेशन भी दिया गया, जिसमें बताया गया कि विजन 2047 अनुरूप शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि के लिए वर्क बुक और विकास कार्ड की व्यवस्था की जाएगी. आंगनवाड़ी भवन निर्माण के मेगा प्लान के तहत अगले तीन वर्षों में 9,000 नए भवन बनाए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी वर्षों की कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.



समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि किसी भी चरण पर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का ड्रॉप आउट न हो. ड्रॉपआउट होने वाली बालिकाओं पर सख्त निगरानी रखी जाए और तुरंत कारणों का निराकरण कर उन्हें योजना में पुन: जोड़ा जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.

**ये होंगे काम**

- पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि के लिए वर्क बुक और विकास कार्ड की व्यवस्था की जाएगी.
- मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 34 लाख से अधिक बालिकाओं को छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा.
- हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन योजना के तहत जेंडर, सुरक्षा व कानूनी सहायता के संबंध में बड़े पैमाने जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जाएगा.

# दक्षिण अफ्रीका की रोमांचक जीत

- 49 .2 ओवर में 6 विकेट पर बनाए 362 रन
- भारत की और से कोहली-गायकवाड़ ने बनाया शतक

**रायपुर, 03 दिसंबर( वार्ता ) स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ( 102 ) के लगातार दूसरे शतक और ऋतुराज गायकवाड़ ( 105 ) के पहले शतक की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में बुधवार को 50 ओवर में पांच विकेट पर 358 रन का विशाल स्कोर बना लिया.**




लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने ओपनर एडन मारक्रम (110) के शानदार शतक की बदौलत चार गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली.

दक्षिण अफ्रीका ने 49.2 ओवर में छह विकेट पर 362 रन बनाकर वनडे क्रिकेट की तीसरी सबसे बड़ी चेज पूरी की.

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

- नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़
- डीआरजी के तीन जवान शहीद और दो घायल

**बीजापुर, 03 दिसंबर ( वार्ता ) बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा के पश्चिम बस्तर संभाग इलाके में बुधवार सुबह से चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नक्सली और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए और जिला रिजर्व गार्ड ( डीआरजी ) के तीन जवान शहीद हो गए तथा दो जवान घायल हो गए.**



घायल जवानों में से एक जवान का जिला अस्पताल बीजापुर में इलाज जारी है, इस जवान को जंगल से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से लाया गया है, दूसरे घायल जवान को अस्पताल लाने की कोशिश जारी है.

पुलिस के ही मुताबिक, इलाके में सुरक्षा बलों की निर्णायक और आक्रामक कार्रवाई जारी है. मुठभेड़ स्थल से एलएमजी, एसएलआर इंसास एवं 303 राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त हुआ है. पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि मृत कैडरों की पहचान की प्रक्रिया जारी है. घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार-बारूद बरामद होने से अंदेशा है कि माओवादी दस्ते की बड़ी मौजूदगी थी.

### पान मसाला के सभी पैकेट पर खुदरा विक्रय मूल्य अनिवार्य

**नई दिल्ली.** सरकार ने पान मसाला के सभी पैकेट पर 01 फरवरी 2026 से खुदरा विक्रय मूल्य (आरएसपी) लिखना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाना और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत अनुपालन आसान बनाना है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने इससे संबंधित वैधानिक माप-तौल दूसरा नियम, 2025 को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है.

# आज भारत पहुंचेंगे पुतिन

- भारत पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात
- रूस-भारत की बड़ी डिफेंस डील पर दुनिया की नजर

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार 4 दिसंबर को भारत पहुंचने वाले हैं, और उनके इस उच्च-स्तरीय दौरे को लेकर दिल्ली में सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई है। पुतिन के साथ सात मंत्री भी भारत दौरे पर आ रहे हैं.**

भारत-रूस के बीच होने वाली संभावित डिफेंस और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर डील के कारण यह यात्रा वैश्विक स्तर पर खास चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार, पुतिन भारत पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे, जबकि अगले दिन उनकी दिल्ली में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां प्रस्तावित हैं-जिसमें राजघाट पर श्रद्धांजलि, हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक और राष्ट्रपति भवन में राजकीय भोज शामिल हैं। इस दौरे को भारत-रूस रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।








# कन्यादान योजना में निवाड़ी-टीकमगढ़ पीछे

## संभागायुक्त ने समीक्षा बैठक में अपेक्षित कार्य नहीं करने पर नाराजगी जताई, जवाबदेह अधिकारियों को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया गया है कि संबंधित जिलों के जबावदेह अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण लें कि निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति क्यों नहीं हुई?**




कमिश्नर ने उक्त निर्देश सामाजिक न्याय विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. कमिश्नर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सागर संभाग के सभी जिलों में दिव्यांगजनों के लिए करेक्टिव सर्जरी कैंप लगाएं तथा करेक्टिव सर्जरी कैंपों के माध्यम से दिव्यांगजनों का समुचित उपचार करें. बैठक में कमिश्नर ने सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए. सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ होना चाहिए. बैठक में संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ने बताया कि सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिए संभाग में जिला स्तर पर कोषालयों में वेतन निर्धारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अपेक्षित परिणाम मिले हैं.

> बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उद्यमियों से सतत संपर्क करें। सागर संभाग में उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए सतत प्रोत्साहित करें. कमिश्नर ने निर्देश दिए कि उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधूरे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए. इस दौरान बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# भक्ति करने से सुंदर रूप मिलता है और मुनियों के गुणगान से यश की प्राप्ति मिलती



नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि भक्ति करने से सुंदर रूप मिलता है और दिगंबर साधु मुनियो का गुणगान करने से यश की प्राप्ति होती है.**

आचार्य श्री आज मंगलगिरी मे पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव मे तपकल्याणक पर प्रात:कालीन धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे. आचार्य श्री ने कहा कि आज प्रभु की दीक्षा हुई. कभी भी प्रभु की दीक्षा और मोक्ष कल्याणक तथा समाधि देखने को मिले तो कभी नही भूलना, भगवान की भक्ति करना चाहिए तभी भगवान बन पाओगे.

> मंगलगिरी मे पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव मे तपकल्याणक पर प्रात:कालीन धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि दीक्षा देखनी चाहिए, समाधि की भावना जागेगी तभी भगवान बन पायेंगे. आचार्य श्री ने कहा कि महातीर्थ मंगलगिरी भगवान बनाने की भूमि है, किसी भी जीव के प्रति अशुभ नही सोचना, हर जीव के प्रति दया भाव रखना, गुरू के सामने शिष्य को बोलने की जरूरत नही पडती है.

## एक नजर में



### सांसद ने मतदाता गणना पत्रक भरा

**सागर.** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सांसद लता वानखेड़े द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरा गया. इस दौरान तहसीलदार प्रतीक रजक, पटवारी विनोद साहू एवं बूथ लेवल अधिकारी श्रीमति ऊषा राठौर द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरकर मतदाताओं को फॉर्म भरने की जानकारी प्रदान की गई. कलेक्टर श्री संदीप जीआर ने कहा कि एसआईआर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्ध हैं, जिले में अब तक अच्छी प्रगति हुई है और आने वाले दिनों में यह और तेज होगी.



### स्कूलों को मिली स्मार्ट क्लास की सौगात

**राहतगढ़.** ग्राम खेजरामाफी पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल झिला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा राहतगढ़ शासकीय कन्या विद्यालय में युवा नेता आकाश राजपूत द्वारा स्मार्ट क्लास की बहुमूल्य सौगात दी गई, साथ ही मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल वितरण के माध्यम से बच्चों के चेहरों पर खुशियों की नई चमक देखने को मिली. इस अवसर पर प्रियंका तिवारी, सुरेंद्र रघुवंशी, संजना जैन, प्रथम सिंह, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र लोधी, हरगोविंद प्रजापति, शिवराज लोधी ,लक्ष्मी नारायण लोधी, रामकुमार सेन, शैतान सिंह राजपूत, राहुल राजपूत, अनुराग पाठक, सचिन घोषी, भीम सिंह राजपूत, चंदन पटेल, राहुल जैन, संदीप शुक्ला ,आयुष खटीक, शानू मंसूरी, नारायण लोधी, प्रियंका सेन, राहुल जैन, हनुमंत कुशवाहा उपस्थित रहे.



### आत्महत्या की रोकथाम के लिए कार्यशाला

**सागर.** शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की रोकथाम एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया.कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि यादव ने रूपरेखा प्रस्तुत की. डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी सहायक प्राध्यापक ने कहा कि आत्महत्या लंबे समय से समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय रही है और हाल के वर्षों में आत्महत्या की प्रवृत्ति में वृद्धि दर्ज की गई है. प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. जैन ने भी विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या तथा एड्स जैसे गंभीर विषयों पर अपने विचार रखे. अध्यक्षता डॉ. अजय सिंह ठाकुर द्वारा की गई. रासेयो जिला संगठन से आरसी प्रजापति ने विचार प्रस्तुत किए.



### शिवाजी वार्ड में जनचौपाल का आयोजन

**सागर.** महापौरसंगीता तिवारी ने शिवाजी नगर वार्ड में वन विभाग के पास, आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्तिकर, नामांतरण, प्रकरण, पार्क के कार्यों सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए. महापौर द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिवाजी नगर वार्ड में लंबित कार्यों की प्राथमिकता से समीक्षा कर तत्काल कार्यवाही की जाए. स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने, स्ट्रीट लाइट दुरुस्ती और नालियों की सफाई कराएं.

# एसआईआर को लेकर बैठक



नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. एसआईआर लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को मजबूत करने का कार्य है जिसका उद्देश्य है कि मतदाता सूची पूर्णत-सटीक, पारदर्शी और त्रुटि-रहित हो, जिसमें कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे.**

यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुरखी मंडल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही. बैठक में विधानसभा एसआईआर अभियान प्रभारी डॉ.वीरेंद्र पाठक, सुरखी मंडल अध्यक्ष बुंदेल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सीता ओमकार सिंह उपस्थित रही.बैठक के दौरान प्रथक रुप से श्री तिवारी ने बीएलओ से कार्य प्रगति की जानकारी ली.

# रुद्राक्ष धाम में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित दक्षिण मुखी श्री देव हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का सात दिवसीय समारोह पंडित प्रेमभूषण महाराज प्रयागराज के श्रीमुख से श्री राम कथा के आयोजन के साथ 31 जनवरी से 6 फरवरी को संपन्न होगा.**



श्री रामकथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन में देश भर से संतों, नेताओं व जनप्रतिनिधियों के साथ सागर जिले के प्रत्येक परिवार को आमंत्रण पत्रिका भेज कर आमंत्रित किया जाएगा. यह जानकारी तैयारी बैठक में आयोजन के मुख्य यजमान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेद्र सिंह ने दी. श्री सिंह ने बताया कि रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में पूर्व निर्मित भगवान श्री राधा कृष्ण जी के साथ सफेद संगमरमर से श्री देव हनुमान जी का सुंदर मंदिर का निर्माण हुआ है जिसमें मुख्य विग्रह की स्थापना ज्योतिष व शास्त्रोक्त खगोलीय कोणों की गणना अनुसार 100 प्रतिशत दक्षिण मुखी स्वरूप में की गई है. इस मंदिर में देव हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा का सात दिवसीय आयोजन 31 जनवरी से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रेमभूषण महाराज की श्री राम कथा को आरंभ होगा. ज्योतिषाचार्यों द्वारा शोधित अत्यंत शुभ मुहूर्त में 1 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा होगी. 6 फरवरी, को प्रसादी भंडारा आयोजित होगा.

### युवक ने लगाई फांसी

**सागर.** मकरोनिया थाना क्षेत्र के बटालियन वार्ड क्रमांक 15 में प्रेम विवाह के बाद युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है. मृतक युवक की पहचान विकास लोधी के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार उसने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी, जिला अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया गया. जानकारी के अनुसार विकास ने करीब सात माह पहले प्रेम विवाह किया था, रिश्ता आपसी सहमति से बना था, परंतु लड़की के परिजन इस विवाह से नाखुश थे. परिजनों के मुताबिक दीवाली की ग्यारस के दिन लड़की के परिवार वाले उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गए थे.

# चरण पादुका पालकी रथयात्रा की अगवानी

नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. बुंदेलखंड क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आस्था-केन्द्र गुलाब बाबा मंदिर में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ हुआ.**

नरसिंहगढ़-दमोह से आयी गुलाब बाबा चरण पादुका पालकी रथयात्रा मंदिर पहुँची.चरण पादुकाओं की मंदिर में स्थापना के साथ उत्सव विधिवत प्रारंभ हुआ. रथयात्रा गुलाब बाबा भूमि, बहेरिया तिगड्डा से प्रारंभ हुई. यह मकरोनिया, सिविल लाइन, गोपालगंज और संजय ड्राइव से होती हुई मंदिर परिसर में पहुँची. रथयात्रा का अभिनंदन किया.



मंदिर आगमन पर ट्रस्ट की श्रीमती ज्योति जिमी अल्मेड़ा, किरण पारासरे, डॉ. भरत आनंद वाखले, शीबू सोनी चरण पादुकाओं की आरती उतारी और स्वागत किया. मंदिर व्यवस्थापक सहयोगी प्रमेन्द्र (गोलू) रिछारिया एवं सचिव श्याम सोनी ने बताया कि 4 दिसंबर को गुलाब बाबा चरण पादुका पालकी रथयात्रा शोभायात्रा निकाली जाएगी. यह यात्रा नगर में सौहार्द, प्रेम और शांति के संदेश का प्रसार करेगी। गौरमूर्ति के समक्ष यात्रा मंडल द्वारा एक साथ खड़े होकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी किया जाएगा, जो उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा. शाम को आदर्श संगीत महाविद्यालय के शिक्षकों, कलाकारों और विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय नृत्य एवं गायन की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां होंगी.

### रानगिर में बैठक 14 को

**सागर.** जिला क्षत्रिय महासभा की बैठक 14 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से रानगिर मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई है. बैठक में जिला क्षत्रिय महासभा के सभी वरिष्ठ संरक्षकों, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों, महिला विंग की कार्यकारिणी सदस्यों, युवा विंग कार्यकारिणी सदस्यों के साथ महासभा की चिकित्सा, विधि, शिक्षा व कृषि समितियों के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है. जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने बताया है कि बैठक में क्षत्रिय महासभा व समितियों के कामकाज की प्रगति तथा क्षत्रिय समाज की वैवाहिक पत्रिका प्रकाशन जैसे अनेक विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा.

# हत्या के आरोपी पकड़े गए

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 3 दिसंबर. थाना शाहगढ़ पुलिस ने हत्या के एक गंभीर प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है. सभी आरोपी पर एसपी सागर द्वारा तीन-तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था.**

जानकारी के अनुसार ग्राम बगरोही निवासी फरियादी दीपपाल यादव ने थाना शाहगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके गांव के ही जगदीश यादव एवं अन्य करीब 10 लोगों ने कुल्हाड़ी व डंडों से हमला कर उसके पिता पप्पू उर्फ परमलाल यादव को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिससे उनकी मृत्यु हो गई. मामले में थाना शाहगढ़ में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था. पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के दौरान 7 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था, जबकि तीन आरोपी फरार चल रहे थे. शाहगढ़ पुलिस ने ग्राम बगरोही से अरविंद यादव, राजू यादव, जाहर यादव को गिरफतार किया है.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संदीप खरे, लोकविजय सिंह, हरिराम आदि शामिल रहे.




# तीर्थ रक्षा सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 का तीर्थ रक्षा सम्मेलन एवं तृतीय कार्यकारिणी की बैठक पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मंगलगिरी अतिशय क्षेत्र में संपन्न हुई.**

विशिष्ट अतिथि कमलेंद्र जैन, आरके जैन ने कहा कि जैन तीर्थ रक्षा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पावन तीर्थों के संरक्षण एवं उनकी मर्यादा बनाए रखने के लिए जैन कर्मचारियों को रखना होगा. संचालन कविता जैन ने किया. इस अवसर पर अरुण चंदेरिया, सुरेश जैन, राजेश जैन, रविंद्र जैन, हेमचंद्र जैन, पीसी जैन, जिनेश जैन, संजय जैन शक्कर, प्रमोद भायजी, महेश जैन, ललित सराफ, यूसी जैन, ऋषभ जैन, विमल सतभैया, मंजू सतभैया, मनीष विद्यार्थी, ममता जैन, वीरेंद्र जैन, विनीत परिधान, अनिल जैन, मुकेश जैन के साथ -साथ बड़ी संख्या में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में जिनेश जैन बहरोल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया.

### तीन सड़क स्वीकृत

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह की पहल पर खुरई विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सूखा नदी और नरेन नदी पर पुल निर्माण तथा इनायतपुर झौलसी मार्ग के नवीनीकरण कार्य को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है, जिनकी कुल लागत 1113.01 लाख रूपए है. ज्ञातव्य है कि पूर्वगृह मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री सिंह ने राज्य शासन से अनुरोध किया था कि विकास खण्ड़ खुरई में बूधौन-कुमरोल-बसियागौंड मार्ग के किलोमीटर 13/6 में सूखा नदी पर जल मग्नीय पुल निर्माण, विकास खण्ड मालथौन में बेसरा-दुगाहाकला-तलापार मार्ग के किलोमीटर 21/2 में नरेन नदी पर पुल निर्माण एवं इनायतपुर-झौलसी मार्ग के नवीनीकरण कार्य को बजट में शामिल किया जाये.

# महिला को प्रताड़ित कर घर से बेदखल किया

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 3 दिसंबर. थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम गुरसौरा में रहने वाली कल्पना लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है. बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पहले शिवपुरी के थाना बामौरकलां अंतर्गत ग्राम नयागांव निवासी आकाश लोधी के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुयी थी.**

बताया गया कि शादी में उसके पिता ने हैसीयत अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद पति आकाश, ससुर पंचम, सास सुनीता दहेज से संतुष्ट नहीं थे. आरोप है कि अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटर साइकिल की मांग की जाने लगी. कुछ समय पश्चात उसने एक पुत्र को जन्म दिया, जो कि वर्तमान में 2 वर्ष 2 माह का है, जिसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया. मामले की शिकायत पीड़िता ने महिला थाना और प्रोजेक्ट नई किरण में दी. प्रोजेक्ट नई किरण में उसका सुलह-समझौता कराते हुये पति के साथ भेज दिया गया, यहां आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद आकाश व सास-ससुर ने दहेज का उलाहना देते हुये मारपीट कर दी. पीडिता ने बताया कि आकाश ने शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ मारपीट की और दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटर साइकिल की मांग करते हुये मारपीट कर दी. मामले की सूचना पीड़िता ने अपने पिता को दी, जिस पर पिता ने उसके ससुराल पहुंच कर देखा तो उसके सिर, हाथ में चोट थी, ससुरालियों ने उसे घर से निकालते हुये जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

### महिला ने लगाए आरोप

**ललितपुर.** दोस्त की पत्नी को बदनाम करते हुये अभद्रता करने, गालियां देते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है. इस प्रकरण में महिला ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है. मोहल्ला चौकाबाग में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति का दो इलाईट चौराहा के पास रहने वाला अजय राजा उस पर आरोप लगाते हुये बदनाम कर रहा है और पति के खिलाफ भी उल्टा-सीधा बोल रहा है. इतना ही नहीं सार्वजनिक तौर पर बदनाम करने पर उसके खिलाफ पूर्व में पीड़िता द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी थी. जब वह घंटाघर के पास थी, तभी अजय राजा आया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये गालियां देने लगा. विरोध करने पर अजय राजा ने मारपीट की है.

# महिलाओं को डिजिटल स्पेस अवसरों का मंच हो

नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध बढ़ती डिजिटल हिंसा को रोकने के उद्देश्य से आईएमए, फोगसी तथा रोटरी क्लब ने डिजिटल हिंसा के खिलाफ सुरक्षित डिजिटल भारत अभियान की शुरुआत की.**




फोगसी अध्यक्ष डॉ. ज्योति चौहान ने कहा कि डिजिटल स्पेस महिलाओं व बालिकाओं के लिए अवसरों का मंच होना चाहिए, भय का नहीं. उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को डिजिटल हिंसा की पहचान, उससे बचाव और उसके प्रतिरोध के तरीकों के प्रति जागरूक करना है, ताकि सभी के लिए सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण निर्मित हो सके. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि आगामी दिनों में महिलाओं, बालिकाओं और उनके परिवारों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल नागरिकता, साइबर कानूनों की जानकारी तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पर आधारित कार्यशालाएं, जागरूकता कार्यक्रम और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे. रोटरी अध्यक्ष आशीष सिंह ने कहा कि यह अभियान डिजिटल जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देगा. कार्यक्रम में डॉ. जयश्री चौकसे, डॉ. संजीव मुखारया, डॉ. सिम्मी मुखारया, डॉ. जानवी मुखारया उपस्थित रहीं. वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. राम पाठक ने सभी का आभार प्रकट किया.

### धामोनी में होगी प्रस्तुति

**सागर.** धामोनी में 8 से 10 दिसम्बर तक सायं 6:30 बजे से झिरा मंदिर मैदान, धमौनी में गोण्ड सभ्यता के महानायकों की गाथाओं का नृत्य नाट्य के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया जाएगा. जानकारी के अनुसार 8 दिसम्बर को सायं 6:30 बजे से राजा पेमलशाह की गाथाओं पर आधारित नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी, निर्देशक रामचन्द्र सिंह, संगीतकार मिलिन्द त्रिवेदी होंगे. 9 दिसम्बर को सायं 6:30 बजे से राजा हीराखान सिंह की गाथाओं पर आधारित नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी, निर्देशक नवीन सिंह एवं संगीतकार कुलदीप सार्वा होंगे.

# आरोपी को किया गया गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**रहली 3 दिसंबर. कुर्मी समाज पर आशोभनीय टिप्पणी करने वाले आरोपी मुरारी पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रहली विधानसभा क्षेत्र के निवासी मुरारी पांडे ने व्यक्तिगत बुराई को लेकर कुर्मी समाज पर आशोभनीय टिप्पणी की थी. उक्त टिप्पणी के बाद कुर्मी समाज एकत्र हो गई. उक्त घटना का विरोध जगह-जगह हुआ था और अन्य समाजों ने भी विरोध करते हुए आरोपी की 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की थी.

# गैस कांड की बरसी पर हुई प्रार्थना सभा

## सभी धर्मगुरुओं ने ग्रंथों का पाठ कर दिवंगत गैस पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, 3 दिसंबर. भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर राजधानी में बुधवार को आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में दिवंगत गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई. विभिन्न धर्मगुरुओं ने धर्मग्रन्थों का पाठ किया और गैस त्रासदी को मानवता के लिए अपूरणीय क्षति बताया.**

श्रद्धांजलि सभा में गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर भोपाल मालती राय, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र सिंह सहित गणमान्य नागरिक, गैस




पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठनों के प्रतिनिधियों ने गैस त्रासदी में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि ऐसी त्रासदी भविष्य में कभी नहीं हो.

### मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर दिवंगत पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 और 3 दिसम्बर 1984 की मध्य रात्रि में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की हैं.

धर्मगुरुओं में रमेश त्रिपाठी, भोपाल शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी, गुरवेज सिंह, फादर अल्फ्रेड डी'सूजा, अजय जैन, शाक्य पुत्र सागर भंते ने अपने धर्म ग्रंथों का पाठ किया और दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी.

# बीयू, फ्यूचर्ड इन्नोवेशंस स्टूडियो में एमओयू

## इंटरनेशनल गवर्नेंस मॉडल, एकेडमिक एक्सीलेंस फ्रेमवर्क पर करेंगे कार्य

**भोपाल, 3 दिसंबर. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने बुधवार को फ्यूचर्ड इन्नोवेशंस स्टूडियो के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये. इस अवसर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की ओर से कुलगुरु प्रोफेसर एस. के. जैन व फ्यूचर्ड इन्नोवेशंस स्टूडियो की ओर से डॉ. मनीष मल्होत्रा ने हस्ताक्षर किए.**

डॉ मल्होत्रा ने कहा कि यह एमओयू देशी व विदेशी विश्वविद्यालयों के बीच सेतु बनाने का कार्य करेगा, जिससे विद्यार्थियों में उद्यमी बनने की कला का विकास हो सकेगा. साथ ही उनमें समसामयिक चुनौतियों का सामना करने की क्षमता का भी विकास होगा. वर्तमान समय की समस्या यह है कि भारत में विभिन्न अनुसंधानों का पेटेंटीकरण हो चुका है, लेकिन उन



पेटेंट्स का औद्योगिकरण करने की दिशा में बहुत कम कार्य हुआ है, जिस कारण कई महत्वपूर्ण पेटेंट केवल एकेडमिक महत्व के रह गए है, जबकि वास्तव में इन सभी पेटेंट्स व अनुसंधानों को संस्थाओं से निकलकर बाजार में आना अत्यधिक आवश्यक है जिससे कि इनका संपूर्ण उपयोग हो सके एवं आम लोगो क्रे उपयोग के लिए उपलब्ध हो सके. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार जैन ने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से इंटरनेशनल गवर्नेंस मॉडल, एकेडमिक एक्सीलेंस फ्रेमवर्क, व बेस्ट प्रैक्टिसेज से छात्रों को अवगत कराया जा सकेगा . इस अवसर पर फ्यूचर्ड इनोवेशन स्टूडियो की ओर से डॉ मनीष मल्होत्रा, डॉ अजय भूषण व डॉक्टर मुकेश शर्मा उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### जरूरतमंदों को वितरित किए गजक के डिब्बे

**भोपाल, 3 दिसंबर.** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सदस्यों ने सड़क के किनारे अपना जीवन व्यतीत करने वाले जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए भोलेनाथ के अर्पित किए हुए गजक के डिब्बे वितरित किए. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल सदस्यों द्वारा अनेकों तरह से जरूरतमंदों की मदद की जा रही है. साथ ही धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन भी लंबे समय से किया जा रहा है, गजक के डिब्बों के वितरण के दौरान रिंकू भटेजा, गुड्डू अग्रवाल, योगेश श्रीवास्तव, अवनीश श्रीवास्तव, गजेंद्र ठाकुर, प्रदीप सोनी सहित मंडल के कई सदस्य शामिल थे.




### विधायक सबनानी से खिलाड़ियों ने की मुलाकात

**भोपाल, 3 दिसंबर.** भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी से बुधवार को भोपाल शूटिंग बॉल संघ के महासचिव रोहित सिंह, भोपाल शूटिंग बॉल संघ के अध्यक्ष राधेश्याम भार्गव, प्रथम महिला विक्रम अवार्ड से सम्मानित हेमलता छतवानी, राष्ट्रीय खिलाड़ी शिवांगी सिकरवार ने मुलाकात की. इस दौरान आगामी 27 एवं 28 दिसंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. संघ पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की तैयारियों तथा आयोजन से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं की जानकारी विधायक सबनानी को दी. विधायक सबनानी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं.



### महापौर ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

**भोपाल, 3 दिसंबर.** महापौर मालती राय ने बुधवार को शक्ति नगर में एच.डी.एफ.सी बैंक द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

# श्री धूनी वाले दादाजी का हुआ रुद्राभिषेक



**भोपाल, 3 दिसंबर.** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में बुधवार को सभी भगवान की पूजन के पश्चात श्री धूनीवाले दादाजी (केशवानंदजी महाराज) की पुण्यतिथि पर दादाजी धाम मंदिर के गर्भग्रह में विराजमान श्री धूनी वाले दादाजी की प्रतिमा का रुद्राभिषेक, नर्मदा अष्टक शिवाष्टक, पूजन, हवन, आरती, विधि विधान से किया. अखंड धूनी में विशेष रूप से नारियल से उपस्थित सभी भक्तों ने हवन किया, आरती के पश्चात धूनी वाले दादाजी को चने की भाजी, टिक्कड़, छोले, कदूद की सब्जी, सूजी का हलवा, पुड़ी का भोग लगाकर सभी भक्तों को इको फ्रेंडली स्टील के बर्तनों में भंडारे का प्रसाद परोसा गया. इस अवसर पर भगवान के दर्शन करने के लिए मंदिर के पट सुबह से देर रात तक खुले रहे.

### श्री दादाजी धूनीवाले दरबार में हुआ कन्या पूजन

**भोपाल, 3 दिसंबर.** श्री दादाजी धूनीवाले दरबार श्यामला हिल्स भोपाल में दादाजी के पटोत्सव में सर्वप्रथम दादाजी का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती की गई. आश्रम परिसर स्थित दादा जी की अखंड यज्ञ वेदी में दादाजी केशवानंद जी, मां नर्मदा, नर्वदेश्वर भगवान शिव शंकर ,मां दुर्गा भवानी की प्रतिमा का मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी.



### नाटक विक्रमोर्वशी का मंचन

**भोपाल, 3 दिसंबर.** मप्र नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बुधवार को रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार के सभागार में शाम 7 बजे महाकवि कालिदास कृत विक्रमोर्वशी नाटक की प्रस्तुति दी गई. इसका निर्देशन रामजी बाली ने किया है. नाटक का मंचन गुरुवार को भी होगा.

# एम्स भोपाल में 'रेटिना 8 .0' एनुअल फेस्ट की शुरुआत

**भोपाल, 3 दिसंबर. चादर ओढ़ आसामान के नीचे सर्द हवा और ठंडे मौसम में स्टूडेंट्स बड़ी बेसब्री से फैशन शो शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, जैसे ही मंच पर ब्लैक सूट में रैंबो करते हुए लड़का आया वैसे ही सभी स्टूडेंट जोर जोर से चिल्लाने लगे और तालियां बजाने लगे.**

अवसर था एम्स रेटीना 8.0 का जिसका आयोजन बुधवार को एम्स भोपाल में किया गया. जिसमें भोपाल एम्स के साथ अन्य मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस और नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट ने अपनी अपनी थीम पर रैंप वॉक



किया. जिसमें 5 टीमों के 75 बच्चों ने अपना अपना रैंपवॉक किया. वहीं सोलो फैशन शो में 21 मेडिकल स्टूडेंट्स ने रैंपवॉक किया. जिसमें जज के रूप में स्टेट हेड ऑफ मिस यूनिवर्स ऑफ मध्यप्रदेश शेफाली शर्मा रहीं.

# विश्वरंग ने 70 देशों को कला-संस्कृति से जोड़ा

**शोध सम्मेलन के समापन पर श्रीलंका के समरसिंघे ने कहा**

**भोपाल, 3 दिसंबर. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में विश्वरंग के सातवें संस्करण के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'स्थानीय से वैश्विक : भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में साहित्य और कलाओं की भूमिका' सम्पन्न हुआ.**

कार्यक्रम का संयोजन मानविकी एवं उदार कला संकाय की डीन डॉ. रुचि मिश्र तिवारी द्वारा किया गया. श्रीलंका के दृश्य व प्रदर्शन कलाएं विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय संबंध निदेशक



डॉ. कमानी समरसिंघे ने कहा कि विश्वरंग ने कला और संस्कृति के माध्यम से 70 देशों को जोड़ते हुए एक अनूठा सांस्कृतिक-शैक्षणिक सेतु निर्मित किया है. प्रथम सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय की डीन डॉ. योजना रावत ने मानव को वस्तु की तरह देखने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय साहित्य-कला को मानवता के उत्थान का आधार बताया. उन्होंने हिंदी के वैश्विक प्रसार के लिए 'हमें हिंदी से प्यार है' जैसे अभियानों को आवश्यक बताया.

पीईटीसी इंदौर की प्राचार्य डॉ. अल्का भार्गव ने भवानी प्रसाद मिश्र और अटल बिहारी वाजपेयी की रचनाओं के उदाहरणों द्वारा

दूसरे दिन डॉ. रोली शुक्ला ने वेदों के वैज्ञानिक मूल्यों से आगे बढ़ते हुए एआई, नैतिकता और पर्यावरणीय संतुलन को 2047 तक विकसित भारत का आधार बताया. डॉ. विजय शर्मा ने भारतीय संस्कृति में अनुशासन, साधना और अध्यात्म की अनिवार्यता समझाई.

राष्ट्र निर्माण में महिलाओं और युवाओं की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया. आरएनटीयू के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने क्षेत्रीय भाषाओं, लोककला और रंगमंच को सामाजिक परिवर्तन और मानसिक मुक्ति का प्रभावी माध्यम बताया.

# एम्स भोपाल को मिले कई राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर में आयोजित आईएसएकॉन 2025 में शानदार प्रदर्शन**

**भोपाल, एम्स भोपाल के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग ने रायपुर में 26 से 30 नवंबर तक आयोजित इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स ( ढ्ढस्ञ्चह्वष्टह्ह 2025) के 72वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए कई राष्ट्रीय पुरस्कार जीते.**

डॉ. सुनैना तेजपाल कर्ण (अतिरिक्त प्रोफेसर-एनेस्थीसियोलॉजी विभाग) को




उनके डीएचआर-आईसीएमआर वित्तपोषित शोध के लिए ढ्ढष्क्ल हरू राष्ट्रीय पुरस्कार श्रेणी में - द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. डॉ. एस.आर.ए. नागभूषणम पडाला (एसोसिएट प्रोफेसर-एनेस्थीसियोलॉजी विभाग) ने डॉ. केओपी राष्ट्रीय पुरस्कार श्रेणी (कार्डियक एनेस्थीसिया) में द्वितीय पुरस्कार जीता, डॉ. शिखा जैन (एसोसिएट प्रोफेसर) को शोध पत्र की पोडियम प्रस्तुति के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला. डॉ. सौरभ त्रिवेदी (असिस्टेंट प्रोफेसर, ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन) को उत्कृष्ट केस मैनेजमेंट के लिए 'ऑल बाय माईसेल्फ' आईएसए राष्ट्रीय पुरस्कार श्रेणी में तृतीय पुरस्कार मिला और डॉ. रिया रोज़ (पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंट) को ट्रॉमा एवं क्रिटिकल केयर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेज़ेंटेशन के लिए डॉ. केओपी राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया.

# कप्तान प्रारब्ध का नाबाद शतक

## परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट

**भोपाल, 3 दिसंबर. मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी अंडर- 22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में खेला जा रहा हैं.**

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के ऑब्जर्वर एवं सीडीसी मेंबर पुनीत चतुर्वेदी की उपस्थिति में भोपाल में फैथ क्रिकेट मैदान पर सागर डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य चार दिवसीय मैच बुधवार को प्रारंभ हुआ. भोपाल डिवीजन ने टॉस जीत कर पहले



बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर्स खेलते हुए 5 विकेट पर 385 रन बना लिये हैं, जिसमें प्रियांशु प्राण 25 रन, आयुष 37, तनिष्क यादव 99 ओजस्व ने 66 रन बनाएं कप्तान प्रारब्ध मिश्रा 102 रनो पर नाबाद खेल रहे हैं. सागर डिवीजन से गेंदबाजी में अविरल सिंह और मयूर पाटिल ने 2-2 विकेट एवं सिद्धार्थ ने 1 विकेट लिया.

**धार्मिक आयोजन** | मानस भवन में रामकथा का दूसरा दिन

# पवित्र मन में ही निवास करते हैं भगवान : पं. व्यास

**भोपाल, 3 दिसंबर. मानस भवन में पं. गोरेलाल शुक्ल स्मृति समारोह के अंतर्गत पंडित रामकिंकर सभागार में रामकथा के द्वितीय दिवस पं. उमाशंकर व्यास ने कहा कि जनकपुर में महाराज जनक ने मुनि विश्वामित्रजी के साथ भगवान श्रीराम, श्रीलक्ष्मण को जो निवास दिया, वह सीताजी का निवास था.**

उन्होंने इसका अध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि सीताजी साक्षात भक्ति और भक्ति ही भगवान का निवास होती है. पं. व्यास ने पुष्पवाटिका प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जनकपुर की पुष्पवाटिका त्रेतायुग की पुष्पवाटिका है. जहां भगवान ने न




केवल पुष्प चुने, बल्कि सीताजी को भी दर्शन दिये. यह दर्शन का सौभाग्य सीताजी को भगवान के पुष्पवाटिका में पुष्प चुनने के कारण प्राप्त हुआ. पुष्प को हम साहित्य में सुमन भी कहते हैं. सुमन का एक अर्थ और है जिनका मन पवित्र हो. उन्होंने तुलसीदासजी के द्वारा रामकथा के रूपक प्रसंग का उदाहरण देते हुए कहा कि "पुलक वाटिका बाग वन सुख सुविहंग विहारु, माली सुमन सनेह जल सीचत लोचन चारु." अर्थात जो कथा में रोमांच होता है वही बाग वन है. पक्षियों का विहार ही सुख है. निर्मल मन ही माली है. जो प्रेम रूपी जल से सुंदर नेत्रों द्वारा इसे सींचता है.

कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरन शर्मा कहा कि जो रामकथा को सतत् सुनते हैं और कभी तृप्त नहीं होते. उनके संबंध में गोस्वामी तुलसीदासजी कहते है उन्होंने ही कथा रूपी रस का अमृतपान किया है. इसलिए हम सबकी यही प्रभु से यही प्रार्थना होनी चाहिए कि जीवन में जब भी समय मिले प्रभु का ही भजन करें ताकि हमारा मन पवित्र हो. इस मौके पर डॉ. लक्ष्मीनारायण गुप्त "विश्वबंधु" स्मृति पुरस्कार अटलबिहारी वाजपेयी हिन्दी विवि भोपाल में स्नातकोत्तर हिन्दी विषय परीक्षा वर्ष 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र अरविन्द शर्मा, भोपाल को दिया गया.

# डॉ. लता को सरोजिनी नायडू अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

**महिला सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर किया पुरस्कृत**

**भोपाल, 3 दिसंबर। इंटरनेशनल चैंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और इंटरनेशनल वीमेन फिल्म फोरम द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित 'डॉ. सरोजिनी नायडू अंतर्राष्ट्रीय कामकाजी महिला पुरस्कार-2025' डॉ. आरएच लता को दिया गया.**

यह अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार उन महिलाओं को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देते हुए सामाजिक विकास, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो. यह सम्मान भारत की महान स्वतंत्रता सेनानी,




प्रख्यात कवयित्री और देश की प्रथम महिला राज्यपाल डॉ. सरोजिनी नायडू की स्मृति में स्थापित किया गया है. पुरस्कार समारोह नोएडा फिल्म सिटी स्थित मारवाह स्टूडियो द्वारा आयोजित किया गया था. समारोह में देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं. इस अवसर पर मारवाह स्टूडियो फिल्म सिटी के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मारवाह ने डॉ. लता के महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यों को देश की प्रेरणा बताया है. उन्होंने कहा कि डॉ. लता का यह चयन न केवल उनके सामाजिक और सृजनात्मक कार्यों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है, बल्कि महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण के बढ़ते प्रभाव का भी प्रमाण है. विशेषज्ञों का मानना है कि डॉ. लता को मिला यह सम्मान लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेगा.

### डॉ. लता के कार्यों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना

डॉ. लता लंबे समय से समाज सेवा, योग-संस्कृति के प्रसार, महिला उद्यमिता, पर्यावरण जागरुकता और मानवता आधारित गतिविधियों में सक्रिय रहीं हैं. उनकी संस्था और उनके द्वारा किए गए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय आयोजनों ने बड़ी संख्या में महिलाओं को नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की दिशा में आगे बढ़ाया है.

## एक नजर में

### दो कारों में एक ही नंबर की प्लेट की जांच शुरू


**भोपाल.** रातीबड़ पुलिस ने एक ही नंबर प्लेट की दो कारें बरामद की है. इलाके में खड़ी अलग-अलग कंपनी की कारों में एक ही नंबर देख कर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोल्डन सिटी कॉलोनी में खड़ी दो कारों के नंबर प्लेट में एक ही नंबर होने की सूचना मिली. मौके पर पहुंची पुलिस ने तहकीकात करते हुए कारों को अपने कब्जे में लिया. पुलिस की शुरूआती जांच में अब तक यह बात सामने आई है कि दोनों ही कारों के रजिस्ट्रेशन नंबर और नंबर प्लेट को लेकर आरटीओ से जानकारी जुटाई गई है.

### सफाईकर्मी युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल.** नये शहर के टीटी नगर इलाके में एक सफाईकर्मी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली.मिली जानकारी के अनुसार पंचशील नगर में रहने वाला 25 वर्षीय रामदास बामने पुत्र राजू बामने साफ-सफाई का काम करता था.बीती रात उसने अपने घर में फांसी लगा ली थी.मौके पर पहुंची पुलिस को फिलहाल ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे सुसाइड के कारणो का खुलासा हो सके है.पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है.उधर छोला मंदिर पुलिस ने बताया कि विंटू राजपूत पुत्र नरेंद्र सिंह (50) नवजीवन कॉलोनी में रहता था.वह लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित था.

### अपराधों पर लगाम लगाने पुलिस की नई पहल

**भोपाल.** बढ़ती आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस अब मामूली विवाद करने वाले आरोपियो से ऑन पेपर एग्रीमेंट करेगी. इसको लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर ने निर्देश जारी किए हैं.जिसमें कहा गया है, कि साधारण मारपीट करने वाले आरोपी और फरियादी को भी बाउंड ओवर किया जाए. इसका कारण यह सामने आ रहा है की बीते दिनो हुई कई मामूली विवादो ने बड़ा झगड़ का रुप ले लिया और यही मामूली विवाद गंभीर अपराध तक जा पहुंचा.ऐसे में अब निर्देश दिये गये है कि संबधित थाना पुलिस अपराधियों को प्रतिवेदन बनाकर एसीपी कार्यालय पहुंचाए और उनके बाउंड ओवर की प्रक्रिया को पूरा कराए.




# गैस पीड़ित संगठनों के पुतले का विरोध

## 41 वीं बरसी पर श्रद्धांजलि रैली के दौरान विवाद हो गया

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 03 दिसंबर. गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर बुधवार को जेपी नगर में श्रद्धांजलि रैली के दौरान विवाद हो गया. इसके बाद रैली को स्थगित कर दिया गया.**

यह विवाद तब बढ़ा जब गैस पीड़ित संगठनों ने एंडरसन के पुतले के साथ आरएसएस की यूनिफॉर्म की तरह दिखने वाले प्रतीकात्मक पुतले को शामिल किया. इसका बीजेपी नेताओं ने कड़ा विरोध जताया. नेताओं ने पुलिस से शिकायत करते हुए रैली को रूकवाया. पुलिस ने भी नेताओं के तर्क को देखते हुए पुतला हटाकर रैली को रोक दिया. जानकारी के अनुसार रैली भारत टॉकीज अंडरब्रिज से जेपी नगर स्थित गैस स्मारक तक निकाली जानी थी. रैली के दौरान लगाए गए पुतले को लेकर विवाद की स्थिति बन गई. विवाद होने के बाद रैली को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया.

पुतले को लेकर संगठन के लोगों ने तर्क दिया कि जिस प्रतीकात्मक पुलते को लेकर विवाद हो रहा है. वह आरएसएस का नहीं बल्कि यूनियन कार्बाइड के सहयोगियों का प्रतीक है. एसीपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए निकाली जा रही रैली को स्थगित कर जांच के निर्देश दिए हैं.



# थाने से बेची जा रही शराब-ड्रग्स के खिलाफ प्रदर्शन

**युवा कांग्रेस भोपाल ग्रामीण ने किया विरोध**

**एसपी और टीआई को सस्पेंड करने की मांग**

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 03 दिसंबर. पीसीसी के सामने युवा कांग्रेस भोपाल ग्रामीण ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया. युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सागर जिले के थाने से बेची जा रही शराब और ड्रग्स की घटनाएं नहीं रूक रही है.**

इसके खिलाफ युवा कांग्रेस ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रिंस सिंह की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया. इस मौके पर प्रिंस ने कहा कि आज मध्य प्रदेश की हालात इतनी गम्भीर हो चुकी है कि प्रदेश के युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार देने की जगह उन्हें ड्रग्स और शराब देने का काम शासन और प्रशासन कर रही है. एक तरफ नशा मुक्त अभियान चला रहे और थाने से ही नशे की व्यापार हो रहा है. उन्होंने कहा कि मोहन यादव की सरकार ने मध्य प्रदेश को नशे का अड्डा बना दिया है.प्रदेश की जनता का भरोसा पुलिस प्रशासन से पूरी तरह से टूट चुका है. मांग है कि एसपी और टीआई 3 दिन के अंदर सस्पेंड किया जाए. अगर ऐसा नहीं होता है तो युवा कांग्रेस सीएम हाउस का घेराव करेगी.



# हत्या के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

## 03 नाबालिग सहित 6 लोग रहे शामिल

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 03 दिसंबर. अशोका गार्डन थाना पुलिस ने बुधवार को हत्या के प्रयास में फरार आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने वारदात में शामिल तीन नाबालिग आरोपियों के साथ छः आरोपियों की धरपकड़ की है.**

आरोपियों के पास से मिलते धारदार हथियार को भी बरामद कर लिया गया है. थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात को अशोक विहार क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान खूनी संघर्ष हुआ था. वारदात को लगभग एक दर्जन आरोपियों ने सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया था. आरोपी वारदात करने के बाद से फरार हो गए थे, जिनकी तलाश में पुलिस की टीम जुटी थी.

इस दौरान पुलिस को सभी आरोपियों की लोकेशन मिली और गिरफ्तारी की गई. पुलिस ने आरोपी सलीम खान, शबनम खान, नायब खान, सरफराज खान, अफताफ खान के साथ ही तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ा है. सभी आरोपियों से वारदात के संबंध में पुलिस की पूछताछ जारी है.

### हिट एंड रन में छात्र की गई जान

**भोपाल.** पॉलि टेक्निक पेट्रोल पंप के पास बुधवार को हिट एंड रन की घटना में एक छात्र की जान चली गई. आरोपी कार चालक ने स्कूटी सवार छात्र को कुचल दिया. हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को भीड़ ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक की पहचान आतिफ के रूप में की गई है. आतिफ 12 वीं कक्षा का छात्र था. उसके साथ यह हादसा तब हुआ, जब वह अपने पिता के लिए दवा लेकर स्कूटी से घर वापस जा रहा था. इस दौरान चौराहे पर आ रही एक कार ने आतिफ को कुचल दिया.



# वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन को 50 .60 करोड़ का शुद्ध लाभ

**भोपाल. मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन की 21वीं साधारण सभा कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.**

अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी, कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक अनुराग वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.सभा में वर्ष 2023-24 की वित्तीय स्थिति, विभागीय उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई.साधारण सभा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेशन ने 50 करोड़ 60 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया है.



**उप मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष से की भेंट**

**भोपाल.** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का उनके कक्ष में भेंट कर स्वागत किया.

# फर्जी फेसबुक आईडी को कराएं बंद

## साइबर क्राइम पुलिस ने की एडवाइजरी जारी

**भोपाल. साइबर क्राइम पुलिस कमिश्नरेट भोपाल फेसबुक पर फर्जी आईडी के जरिए ठगी के मामले में एडवाइजरी जारी की है.**

जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार वर्तमान में आपके या आपके परिचित के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बना कर रुपये ऐंठने की घटनाएं प्रतिदिन हो रही हैं. इस तरह की फर्जी फेसबुक आईडी बंद करवाई जा सकती है.

- ➡फर्जी आईडी को ओपन कीजिए.
- ➡फर्जी आईडी में मैसेज के साइड में दिख रहे तीन डॉट पर क्लिक कीजिए.
- ➡इसके बाद फाइंड सपोर्ट फार रिपोर्ट प्रोफाइल ऑप्शन पर क्लिक कीजिए.
- ➡इसके बाद प्रिटेंडिंग टू बी समवन ऑप्शन पर क्लिक कीजिए.
- ➡इसके बाद दोस्त की फर्जी आईडी के लिए 'ए फ्रेंड' तथा स्वयं की फर्जी आईडी के लिए 'मी' ऑप्शन पर क्लिक कीजिए.
- ➡इसके बाद एक चेक बॉक्स रिसीव नोटिफिकेशन एबाउट दिस रिपोर्ट सिलेक्ट करके सब्मिट पर क्लिक करो.
- ➡इसके बाद नेक्सट पर क्लिक करें.

# सलमान और संरक्षण देने वालों को भेजा जेल

**छह साल की मासूम से दुष्कर्म का मामला**

**रायसेन/भोपाल, 3 दिसंबर. गोहरगंज क्षेत्र में छह साल की एक मासूम से दुष्कर्म करने के आरोपी सलमान उर्फ नजर और उसे संरक्षण देने वाले तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है.**

एसपी आशुतोष गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी सलमान उर्फ नजर सहित तीन दिन तक आरोपी को संरक्षण देने वाले तीन आरोपियों को जेल भेजा गया है. वहीं आरोपी सलमान को भी पुलिस ने जेल भेज दिया है. 27 नवंबर शाम को आरोपी सलमान के द्वारा 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद मौके से फरार हो गया था. आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दुष्कर्म के बाद उसने हाईवे की एक दुकान से सिगरेट ली थी, जहां पीड़िता के पिता ने उसे देख लिया था और पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकलने में कामयाब हो गया और जंगल के रास्ते छिपता हुआ भोपाल पहुंच गया. जंगल में बनी एक झोपड़ी से उसने दो मोबाइल फोन चुराए और अपनी शर्ट बदली. इसके बाद वह हाईवे के रास्ते ट्रैक्टर में सवार होकर गौहरगंज कोर्ट के सामने उतरा. वहां से जंगल के रास्ते हाईवे पर पहुंचा और बस पकड़कर नादरा बस स्टैंड पहुंच गया और वहीं रात बिताई. 22 नवंबर को आरोपी सलमान बस से हबीबगंज नाका पहुंचा और मोबाइल ब्रिज के नीचे नाले में फेंक दिया.

### बच्ची अस्पताल से डिस्चार्ज

एसपी गुप्ता ने बताया बच्ची की हालत में सुधार है और डॉक्टर द्वारा बच्ची को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है. बच्ची अब अपने घर पहुंच चुकी है. पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे.

### निगम ने की अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्रवाई

**भोपाल.** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है.इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाइन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्रवाई के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, सब्जी, जैकेट, कंबल, फर्नीचर आदि की दुकानों को हटाया साथ ही आवागमन में बाधक दो पहिया, चार पहिया व अन्य प्रकार के वाहनों को हटाने की कार्रवाई की.

# न्यायालय के आदेश के बाद भी नियुक्ति नहीं

## वेटरनरी डिप्लोमा होल्डर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**भोपाल, 03 दिसंबर. कामधेनु भवन में द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. वेटरनरी डिप्लोमा होल्डर एसोसिएशन के अभ्यर्थियों का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद अब तक नियुक्ति नहीं मिली.**

इस मौक पर एसोसिएशन के मनोज नागले ने बताया अभ्यर्थियों का मुख्य मुद्दा यह है कि एवीएफओ भर्ती 2024-25 के दौरान ही उच्च न्यायालय द्वारा डिप्लोमा धारकों को सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद पर नियुक्ति देने के स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं. उन्होंने बताया कि इसके बावजूद भी विभाग की तरफ से अब तक इन आदेशों का क्रियान्वयन नहीं किया गया है. साथ ही जिन डिग्री धारकों को पूर्व में नियुक्ति प्रदान की गई थी तथा जिनकी नियुक्ति कोर्ट के अंतिम आदेश के अधीन थी, उन नियुक्तियों को अभी तक निरस्त नहीं किया गया है और न ही उन पदों पर डिप्लोमा धारकों की नियुक्ति की गई है.



नागले ने कहा कि विभाग से एसोसिएशन की प्रमुख मांगें है कि न्यायालय के निर्णय को तत्काल लागू किया जाए. एवीएफओ भर्ती 2024 को बिना विलंब पूर्ण किया जाए तथा पात्र-अपात्र सूची जारी कर योग्य अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए. उन्होंने कहा कि जिन डिग्री धारकों की नियुक्ति न्यायालय के अंतिम आदेश के अधीन लंबित थी, उनकी नियुक्ति निरस्त कर, उनकी जगह डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति प्रदान की जाए.

**कार्यक्रम** एनएचडीसी लिमिटेड मे सतर्कता जागरुकता सप्ताह, मानव संसाधन के मुख्य महाप्रबंधक रहे मौजूद

# समारोह में विजेताओं को पुरस्कार किए वितरित

**भोपाल, 03 दिसंबर. एनएचडीसी लिमिटेड, श्यामला हिल्स, भोपाल के सतर्कता विभाग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन समारोह आयोजित किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानव संसाधन के मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार उपस्थित रहे.**

बता दें कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष का विषय/थीम सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी रहा.




सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें निगम के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 के समापन समारोह कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए.

वर्तमान में सकी दो जल विद्युत परियोजनाएं इंदिरा सागर (1000 मेगावाट) व ओंकारेश्वर (520 मेगावाट) से उत्पादित शत प्रतिशत विद्युत मध्यप्रदेश को दी जा रही है तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के तहत निगम की दो सोलर ऊर्जा परियोजना जैसे कि सांची सोलर प्रोजेक्ट (08 मेगावाट) व ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट (88 मेगावाट) संचालन में है, जिनसे सौर उर्जा का उत्पादन किया जा रहा है.

कार्यक्रम के अंत में महाप्रंबधक (सतर्कता) विक्रम रावूरू ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत एनएचडीसी सतर्कता विभाग द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा भविष्य में भी सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी थीम को ध्यान में रखते हुए सतर्कता पूर्वक कार्य करने का सभी से आग्रह किया गया. अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया.

एनएचडीसी लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड एवं मध्य प्रदेश शासन का एक संयुक्त उद्यम है, जो कि सन् 2000 में स्थापित हुई थी.

# एमपी ट्रांसको के स्टेशनों में रात्रिकालीन निरीक्षण की पहल से बढ़ी सजगता

**भोपाल, 03 दिसंबर. मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा सब स्टेशनों की सुरक्षा एवं कार्यप्रणाली में सुधार के लिए शुरू की गई रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है।**

इन निरीक्षणों के बाद सब स्टेशनों पर तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों में कार्य के प्रति सजगता और अनुशासन का स्तर बढ़ा है. वहीं लापरवाही के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई है. इस पहल से न केवल सुरक्षा में मजबूती आई है, बल्कि यार्ड संचालन एवं कार्य दक्षता में भी सुधार देखा गया है।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल अब तक प्रभावी सिद्ध हुई है. निरीक्षण के दौरान प्रत्येक अधिकारी को सब स्टेशन का फोटो व वीडियो प्रमाण सहित निरीक्षण विवरण विभागीय व्हाट्सऐप ग्रुप में साझा किए जा रहें है, जिससे सम्पूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है. रात्रिकालीन यार्ड निरीक्षण एक तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण प्रक्रिया है. अंधकार में यार्ड की जांच के दौरान कई ऐसी सूक्ष्म गतिविधियां सामने आते हैं, जिन्हें दिन के उजाले में अक्सर देखा नहीं जा सकता.

### सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस में भी मिला फायदा

रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की यह परंपरा पूर्व मुख्य अभियंता प्रवीण गार्गव के कार्यकाल में प्रारंभ की गई थी.उस समय सब स्टेशनों के ट्रांसफॉर्मरों के न्यूट्रल से जुड़े अत्यंत संवेदनशील एवं बहुमूल्य तांबे की स्ट्रिप एवं आईसोलेटर के कापर ब्लेड चोरी की घटनाएँ सामने आती थीं.

नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

# घुसपैठ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणियां केवल किसी एक याचिका या एक समुदाय पर टिप्पणी नहीं थीं; वे उस व्यापक राष्ट्रीय संकट की ओर संकेत थीं, जिसकी अनदेखी भारत अब और नहीं कर सकता. रोहिंग्या नागरिकों के बंदी प्रत्यक्षीकरण से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश का सवाल कि 'क्या घुसपैठियों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करें ?'

दरअसल, भारत की आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, और सामाजिक संतुलन से जुड़ी सबसे गंभीर बहस का केंद्र है. मुख्य न्यायाधीश ने बेहद सख्त शब्दों में कहा कि जो लोग सुरंग खोदकर, तार काटकर या अन्य गैर-कानूनी तरीकों से भारत में घुसते हैं, वे बाद में यह दावा नहीं कर सकते कि अब भारत के सभी कानून उन्हें विशेष संरक्षण दें. यह टिप्पणी केवल शब्दों का शोर नहीं, बल्कि उन सुरक्षा एजेंसियों की वास्तविक चिंताओं का प्रतिबिंब है जो वर्षों से अवैध घुसपैठ को राष्ट्रीय सुरक्षा की सबसे बड़ी कमजोरियों में से एक मानती रही हैं. रोहिंग्याओं का मुद्दा सिर्फ मानवाधिकार का प्रश्न नहीं, बल्कि कई शहरों में संगठित अपराध, नकली दस्तावेज रैकेट, हथियार व ड्रग्स नेटवर्क और कट्टरपंथी संगठनों की संभावित पैठ से गहराई से जुड़ा है. खुफिया एजेंसियों ने भी बार-बार चेताया है कि बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या आबादी का अनियंत्रित प्रवेश भविष्य में जनसांख्यिकीय तनाव, स्थानीय संसाधनों पर अत्यधिक दबाव, और राजनीतिक ध्रुवीकरण को जन्म दे सकता है.

मुख्य न्यायाधीश ने एक महत्वपूर्ण तथ्य की ओर भी ध्यान दिलाया कि भारत के अपने करोड़ों गरीब नागरिक रोज़मर्रा की मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं. ऐसे में अदालत ने पूछा कि क्या घुसपैठियों को उन अधिकारों और सुविधाओं का लाभ दिया जाए जो अभी तक भारत का सामान्य नागरिक भी पूर्ण रूप से नहीं पा रहा? यह टिप्पणी वास्तव में कल्याणकारी राज्य की प्राथमिकताओं की व्यावहारिक व्याख्या है. भारत की शरणार्थी नीति अस्पष्ट है क्योंकि देश ने अभी तक 1951 रिफ्यूजी कन्वेंशन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं. ऐसे में अदालत का सवाल स्वाभाविक है कि केंद्र सरकार ने क्या कभी रोहिंग्याओं को शरणार्थी घोषित किया है? यदि नहीं, तो राज्यों पर उन्हें आश्रय देने का कानूनी दायित्व क्योंकर उत्पन्न होता है? यह सवाल पूरे प्रशासनिक ढांचे को एक स्पष्ट नीति बनाने की दिशा में झकझोरता है. दरअसल, जब अवैध आबादी किसी शहर में बसती है, तो स्थानीय रोजगार पर दबाव बढ़ता है,मजदूरी कम होती है और स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है. इसके अलावा कई जगहों पर अपराध का ग्राफ बढ़ जाता है.

जाहिर है यह सब मिलकर देश की अर्थव्यवस्था पर अदृश्य कर की तरह असर डालता है. भारत जैसे विशाल लेकिन संसाधनों की सीमाओं से जूझते देश के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है.भारत एक मानवीय राष्ट्र है, लेकिन मानवीयता और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन अनिवार्य है. सुप्रीम कोर्ट ने इसी संतुलन की याद दिलाई है. घुसपैठ का संगठित रूप से मुकाबला करना, सीमा प्रबंधन मजबूत करना, और एक स्पष्ट राष्ट्रीय शरणार्थी नीति बनाना समय की जरूरत है.16 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई इस बहस को दिशा दे सकती है, लेकिन देश के सामने संदेश स्पष्ट है कि अवैध घुसपैठ सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, सामाजिक सौहार्द और प्रशासनिक संसाधनों के लिए भी बड़ा खतरा है. जाहिर है इस खतरे से निपटने के लिए अब भारत को निर्णायक कदम उठाने ही होंगे.

# शराबबंदी पर देशव्यापी बहस की आवश्यकता



## नशे में हिंसा करते हैं मर्द

बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में कर्नाटक के कोने-कोने से आई हजारों महिलाओं ने मांग की कि शराब पर पाबंदी लगाई जाए और अवैध बिक्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए. इस राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का आयोजन अनेक महिला संगठनों ने संयुक्त रूप से किया था.

इस प्रदर्शन में गुन्जाहल्ली, रायचुर से लक्ष्माम्मा भी मौजूद थीं अपने 18 वर्षीय पोते का फोटो लिए हुए, जिसे अव शराब की लत पड़ गई है. उनका कहना है 'हर दिन इस डर से आरंभ होता है कि घर का कोई मर्द शराब के नशे में धुत होकर लौटेगा और फिर से हम महिलाओं की पिटाई करेगा.' शराब की वजह से उन्होंने अपने पति को खोया, बेटे को इसकी लत में पड़ते हुए देखा और अब उसी रास्ते पर अपने पोते को चलते हुए देख रही हैं, शराब से राज्य सरकारों के पास अच्छा खासा राजस्व आता है, जिसे वह खोना नहीं चाहती. जिन राज्यों में शराबबंदी है, जैसे गुजरात व बिहार, उनमें शराब की अवैध बिक्री होती है, नकली शराब से मौतों की अक्सर खबरें सामने आती रहती हैं, इसलिए शराबबंदी हटाने की मांग उठती रहती है.

बहरहाल, फ्रीडम पार्क में जो गुस्सा देखने को मिला वह नया नहीं था. 30 से अधिक संगठनों ने मिलकर मद्य निषेध आंदोलन पिछले लगभग दस वर्षों से चलाया हुआ है. इनके प्रमुख विशाल प्रदर्शन 2016, 2018, 2019, 2023 और अब 2025 में हो चुके हैं. इसके अतिरिक्त छोटे छोटे प्रदर्शन तहसील व जिला स्तर पर सालभर जारी रहते हैं. इसके बावजूद महिलाओं का कहना है कि कुछ भी परिवर्तन नहीं आया है.

फ्रीडम पार्क में सिंधनूर से महबूबा फिरदौस भी आई हुई थीं. उन्होंने बताया, 'शराब के नशे में मेरे बेटे मुझे पीटते हैं. कोई पड़ोसी हस्तक्षेप नहीं करता. हम किसके पास जाए?' एक अन्य महिला ने अपना दुखड़ा इस तरह से सुनाया, 'मेरा बेटा शराब पीने के बाद अपनी पत्नी की पिटाई करता था. उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई. इसके बाद भी उसने शराब पीना जारी रखा और एक दिन उसके शरीर ने उसका साथ छोड़ दिया. हमारे पास उसका दाह संस्कार करने के भी पैसे नहीं थे. महिलाओं ने बताया कि किस तरह शराब ने उन्हें कम आयु में विधवा कर दिया, बच्चों को घर चलाने के लिए मेहनत-मजदूरी करनी पड़ती है, घर कर्ज और गरीबी में डूब जाता है. फ्रीडम पार्क में प्रदर्शनकारी महिलाओं की मुख्य रूप से दो मांगें थीं शराब लाइसेंस पर ग्रामसभा के अधिकार को पुन: स्थापित किया जाए और गांव-स्तर की महिला निगरानी समितियां स्थापित की जाएं. हरियाणा, महाराष्ट्र व राजस्थान जैसे राज्यों में ग्रामसभा का निर्णय अंतिम होता है कि उनके कार्य क्षेत्र में शराब की दुकान खुल सकती है या नहीं.

कर्नाटक में यह प्रावधान 2016 तक जारी था, जब तत्कालीन सरकार ने उसे हटा दिया. प्रदर्शनकारी महिलाएं इस प्रावधान की बहाली चाहती हैं और वह भी सख्त नियमों के साथ कि 10 प्रतिशत ग्रामसभा सदस्यों को अनुमति को वीटो करने का अधिकार दिया जाए, जैसा कि कुछ राज्यों में है. इसके अतिरिक्त उनकी यह भी मांग है कि महिला समितियों को शराब का अवैध धंधा कर रहे घरों, किराने की दुकानों, स्टॉल्स या शेड्स बंद कराने का कानूनी अधिकार हो.

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रदर्शनकारी महिलाओं से मुलाकात करने के बाद उनकी मांगों का संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है. शराबबंदी पर अभी तक अनेक सर्वे हो चुके हैं. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के डाटा के अनुसार शराबबंदी के बाद शारीरिक या भावनात्मक हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं का प्रतिशत काफी कम हुआ है. 2023 के सर्वे के मुताबिक, 70 प्रतिशत परिवारों ने माना है कि उनके घर के पुरुषों द्वारा शराब न पीने से उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है. घर में शांति और सम्मान भी बढ़ा है.

**- नरेंद्र शर्मा**

दिल्ली डायरी

# संचार साथी ऐप पर पक्ष व विपक्ष आमने-सामने



प्रवेश कुमार मिश्र

संसद शीतकालीन सत्र के आरंभिक दिनों से ही एसआईआर को लेकर चल रहा विरोध अब 'संचार साथी' मोबाइल ऐप को लेकर और प्रबल हो गया है. विपक्षी दलों ने सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि सरकार एक सोची-समझी रणनीति के तहत ऐप के माध्यम से जासूसी कराने के फिराक में हैं जबकि सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस ऐप को लाने के पीछे साफ मकसद है कि आम उपभोक्ताओं को साइबर फ्राड से बचाया जा सके.

सरकार ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता यदि चाहे तो इसे अपने फोन अपनी इच्छा से हटा भी सकते हैं. लेकिन सरकारी दलील को नकारते हुए विपक्षी नेताओं ने इस ऐप की तुलना इजरायल के पेगासस जासूसी मामले से करते हुए कहा है कि सरकार संचार साथी के माध्यम से निजता का हनन करना चाहती है.

## झारखंड में राजनीतिक उठा-पटक शुरू

इंडिया समूह में बिखराव आरंभ होता दिख रहा है. महाराष्ट्र में जारी अंतर्कलह अभी खत्म भी नहीं हुआ था तभी झारखंड में राजनीतिक उठा-पटक आरंभ होते दिखने लगी है. चर्चा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने विश्वसनीय वार्ताकारों के माध्यम से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ भाजपा व जेएमएम गठबंधन सरकार बनाने की रणनीति पर विचार विमर्श आरंभ कर दिया है. हालांकि कांग्रेस के कई वरिष्ठ रणनीतिकार डैमेज कंट्रोल के तहत दिल्ली से लेकर रांची तक गठबंधन सरकार बचाने के लिए बहुस्तरीय प्रयास कर रहे हैं. चर्चा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद से ही झारखंड की राजनीति में बदलाव की सुगबुगाहट आरंभ हो गई थी.

## लालू का नया बंगला बना चर्चा का विषय

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद जहां एक तरफ राजद के अंदर उठा-पटक शुरू है वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी बंगले को बदलने का आदेश राजद के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. लेकिन इन सबके बीच राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का पटना में कथित तौर पर एकड़ों में निर्माणाधीन नया बंगला सुर्खियों में है.

दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बंगले को लेकर खूब चर्चा हो रही है. जहां एक तरफ भाजपा के कई नेता इस बंगले को भ्रष्टाचार की कमाई से जोड़कर लालू परिवार पर निशाना साध रहे हैं वहीं दूसरी ओर राजद के नेता इस विषय पर चुप्पी साधे हुए हैं.

## बिहार के बाद पश्चिम बंगाल पर भाजपा की नजर



बिहार विजय के बाद भाजपाई रणनीतिकार पश्चिम बंगाल को साधने की तैयारी में जुट गए हैं. दिल्ली से लेकर कलकत्ता तक पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा स्थानीय नेताओं के साथ बैठकों का दौर जारी है. चर्चा है कि भाजपाई रणनीतिकार संघ के विस्तारकों द्वारा दिए जाने वाली रिपोर्ट को आधार बनाकर पश्चिम बंगाल को सांगठनिक तौर पर कई भागों में बांटकर रणनीति बना रहे हैं. दिल्ली से दो दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेताओं को पश्चिम बंगाल भेजा गया है. बूथ स्तर की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. मतदाताओं तक सीधा संवाद स्थापित करने के लिए बहुस्तरीय रणनीति बनाई जा रही है.

# देश में कहीं भी साफ हवा मौजूद नहीं



*दिल्ली में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण है जो कि 2016 में 250 से ऊपर चला गया था. इस समय भी वह 180 है. मुंबई, विशाखापट्टनम, चेन्नई, व चंडीगढ़ में यह 80 से 140 के बीच है.*

शुद्ध हवा की गुणवत्ता का मानक 0 से 50 एक्यूआई माना जाता है, जो देश में कहीं भी नहीं है. इमारतों के निर्माण (कंस्ट्रक्शन एक्टिविटी) से उठने वाली धूल व उद्योगों का धुआं, वाहनों का धुआं अपनी जगह है, लेकिन पड़ोसी राज्यों से फसल कटाई के बाद बचे ठूंठ (पराली) जलाने से उठने वाला धुआं दिल्ली के पर्यावरण को सबसे ज्यादा प्रदूषित करता है. धुआं और कोहरा मिलकर स्मॉग बन जाता है, जो ऊपर नहीं उठ पाता. ऐसी हवा में सांस लेने से लोगों को फेफड़े की बीमारी हो जाती है. हर व्यक्ति खांसता हुआ मिलेगा. पार्क में जाना या सुबह की सैर स्वास्थ्य सुधारने की बजाय बीमार कर देती है. दम घुटने लगता है. छोटे बच्चे भी इसे भुगतते हैं. जिसका घर, नौकरी, व्यवसाय वहां है वह दिल्ली छोड़कर जा भी नहीं सकता. दिल्ली के बाद लखनऊ, वाराणसी में वायु प्रदूषण का स्तर विगत वर्षों में 200 से ऊपर जाता रहा, लेकिन अब कुछ कम हुआ है. अहमदाबाद व पुणे भी स्वच्छ वायु के लिए तरस रहे हैं. वाहनों की तादाद बढ़ी है. उनके टायर घिसने से सूक्ष्मकण हवा में मिलते हैं जिसमें पर्टिकुलेट मैटर या पीएम बढ़ता है. भवन निर्माण में हर कहीं तेजी आई है. पुराने मकान तोड़कर बहुमंजिला इमारतें बन रही हैं. सड़कों का निर्माण भी जारी है इसलिए बड़ी मात्रा में धूल उड़कर हवा में समा जाती है. हरियाली कम हो रही है और वृक्ष कटते चले जा रहे हैं. वायु प्रदूषण का भूगोल से भी संबंध है. उत्तर भारत के शहरों में ठंड के मौसम में हवा ऊपर उठ नहीं पाती. हिमालय और गंगा के कछार के क्षेत्र में पड़ने वाले शहरों में कोहरा छाया रहता है. इसे विंटर इनवर्सन कहा जाता है. जहां ऊंची इमारतें हैं, वहां वायु का प्रवाह बाधित होता है. कोयले से चलने वाले बिजली घर हवा में काला धुआं और राख के कण छोड़ते हैं.

संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

निशानेबाज

# लुभावना होता है अमेरिकन ड्रीम इसीलिए वहां जाता अपना क्रीम



पड़ोसी ने हमसे कहा, 'निशानेबाज, हर इंसान नींद में सपना या ड्रीम देखता है. सपने पर किसी का कंट्रोल या चॉइस नहीं है. कैसा भी अजीबोगरीब या बेतुका सपना आ सकता है. फिल्में रंगीन होती हैं लेकिन सपना ब्लैक एंड व्हाइट रहता है.' हमने कहा, 'आप सपने की चर्चा क्यों कर रहे हैं. सपनों की दुनिया में खोए रहेंगे तो जीवन की सच्चाई कैसे जानेंगे? आपको हमारी सलाह है कि स्वप्नदर्शी की बजाय दूरदर्शी बनिए,'

पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, फिलहाल आप हमें अमेरिकन ड्रीम के बारे में बताइए जिसे कितने ही होनहार भारतीय युवा देखते आए हैं. उस सपने की कौन सी खासियत है? अपने देश के प्रदूषण की बजाय अमेरिका के प्रति आकर्षण क्यों रखा जाता है. हमने कहा, 'जो भी मेरिटोरियस भारतीय होते हैं वह माइटी वंडरलैंड ऑफ वेस्ट यानी अमेरिका जाना चाहते हैं. उनके दिमाग में वहां के शिक्षा संस्थानों में ऊंची पढ़ाई, फिर मोटी सैलरी वाली नौकरी, ग्रीन कार्ड हासिल करना और वहीं दिल लग गया तो अमेरिकी नागरिकता के लिए अप्लाई कर वहां बस जाना जैसे विचार आते हैं. इसे कहते हैं अमेरिकन ड्रीम! अमेरिका के आईटी उद्योग व चिकित्सा सेवा में आपको कितने ही भारतीय मिल जाएंगे. विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने साफ शब्दों में कह दिया कि अमेरिका को पिछले दशकों में जितना फायदा हुआ है, उसका बड़ा हिस्सा भारतीय टैलेंट की वजह से हुआ है. माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई जैसे जीनियस इसका जीता-जागता सबूत हैं.'

पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, भारत में फंड तथा अवसरों की कमी, लालफीताशाही की रूकावटें और प्रतिभा की कद्र नहीं होने से यहां के टैलेंटेड युवा अमेरिका जाते रहे लेकिन अब ट्रंप अपने देश के गोरों को नौकरियां देने के पक्ष में हैं. वह रिवर्स माइग्रेशन की बात कह रहे हैं. मतलब यह कि भारतीय, चीनी आदि को वापस उनके देश भेजो. ऐसे में क्या होगा?'

हमने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी को चाहिए कि प्रतिभाशाली भारतीयों को स्वदेश लाने का उपाय करें जो यहां आकर भारत को विश्व में नंबर वन बना दें. इसके लिए उन्हें अमेरिकन ड्रीम की बजाय इंडियन ड्रीम दिखाना चाहिए.'

शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

## CROSS WORD 12100

- डॉ. सागर खादीवाला



**ऊपर से नीचे**

1. वीर, साहसी, निडर 2. सुखं, रक्त के रंग का, माणिक रत्न 3. आश्रय, आसरा, भरोसा 4. कथन, विषय, मामला, वचन 6. लक्ष्मी 7. भार, बोझ, तौल (उर्दू) 8. वह स्थान जहां विचार होने तक अभियुक्त को पहरे में रखा जाता है (उर्दू) 9. उपयुक्त, सही, युक्तिसंगत, उचित 11. कोश, संचित करने का स्थान, धनागार (उर्दू) 13. धनिया मिर्च आदि जो साग में डाले जाते हैं 16. जड़ सहित 17. भाग्य, किस्मत (उर्दू) 18. समझना, गुणा करना 19. अपने बचाव के लिए कही गई झूठी बात

**बाएं से दाएं**

1. बलपूर्वक, जबरदस्ती, हठपूर्वक (सं.) 4. वाद्य यंत्र 5. अवस्था, दशा, बड़ा कमरा 6. लोकोक्ति 8. एक-दूसरे का रहस्य या गुप्त बात जानने वाला (उर्दू) 10. रक्षक, पहरेदार 12. लवण (उर्दू) 14. मकड़ी का जाल, आंख का एक रोग 15. पपीहे की बोली, कांत, प्रियतम 16. शाश्वत, बहुत दिनों से चला आया हुआ 18. प्रसिद्ध कंटीला पौधा जिसके सुगंधित फूल आते हैं (उर्दू) 20. सिलाई के टांके, संधि 21. ऊपर तक या किनारे तक भरा हुआ 22. नृत्य करना

**Solution 12099**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | लो | क | नी | य | ■ | शा | ह |
| ग | ग | न | ■ | अ | द | म | स्त |
| म | ■ | प | द | क | ■ | त | ■ |
| न | ■ | टी | स | ■ | शो | ■ | घु |
| ■ | का | ■ | ■ | नि | शा | ■ | इ |
| आ | ली | शा | न | ■ | ■ | घू | स |
| क्रो | ■ | सि | ल | सि | ला | ■ | वा |
| श | ला | का | ■ | ल | ल | का | र |

# ज्योतिषाचार्य प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

## आज जिनका जन्मदिन है


वर्ष के प्रारंभ में अनावश्यक वाद विवाद होगा. मन में तनाव रह सकता है. व्यर्थ चिन्ताओं से कार्य में व्यवधान आयेगा. व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी. आकस्मिक क्रोध की स्थिति बन सकती है. शुभ समाचार प्राप्त होने का योग है. वर्ष के अन्त में नये स्त्रोतों मेंवृद्धि होगी. रूके कार्यो में गति आयेगी. धार्मिक कार्यो में व्यय होगा.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को आय के नवीन स्त्रातों में वृद्धि होगी. वृष और तुला राशि के व्यक्तियों का अधिकारी के सहयोग से लाभ होगा. कर्क राशि के व्यक्तियों को अनावश्यक विवादहो सकता है. सिंह राशि के व्यक्तियों के रूके कार्यो में गति आयेगी. मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को शुभ समाचार मिलेगा. मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों को व्यर्थ का वाद विवाद से मुक्ति मिलेगी. धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को भागदौड़ अधिक होगी. अत्याधिक क्रोध की स्थिति न आने दें.

## आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिया बालक गौरवर्ण का दुबला पतला, माता पिता का आदर करने वाला होगा. नौकरी एवं व्यवसाय दोनों में अच्छी तरह तरक्की करेगा, गणित एवं विज्ञान के क्षेत्र में अच्छी उन्नति होगी, अपने कार्य में दूसरों का हस्तक्षेप पसंद नहीं करेगा.

## उदयकालीन ग्रह चाल




## पंचांग

रा.मि. 13 संवत् 2082 मार्गशीर्ष शुक्ल चर्तुदशी गुरूवासरे प्रात: 7/40 तदुपरि पूर्णिमा तिथौ रातअंत 5/18, कृतिका नक्षत्रे दिन 3/5, शिव योगे दिन 1/15, वणिज करणे सू.उ. 6/44, सू.अ. 5/16, चन्द्रचार वृषभ, पर्व-स्नानदान व्रत पूर्णिमा, शु.रा. 2,4,5,8,9,12 अ.रा. 3,6,7,10,11,1 शुभांक- 4,6,0.

## व्यापार भविष्य

मार्गशीर्ष शुक्ल चर्तुदशी/ पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र के प्रभाव से सोना, चांदी, के भाव में मंदी की चाल चलेगी, तिल, सरसों, जौ, गुड़, खांड़, चना आदि में मंदी होकर अचानक तेजी होगी. भाग्यांक 3695 है.

**मेष**- कैरियर की सफलता के लिये सही समय का इंजतार करें, धार्मिक कार्यो पर रूचि रहेगी, शारीरिक कष्ट से छुटकारा मिलेगा, पुराना पैसा प्राप्त होगा.

**वृषभ**- टालमटोल के चलते कामकाज में परेशानी होगी, बुजुर्गो का दिशा निर्देश लाभकारी रहेगा, सावधानी रखकर कार्य करें, हितकर रहेगा.

**मिथुन**- मांगलिक कार्य संभव है, कार्यक्षेत्र में अपमान हो सकता है, संतान पक्ष को सफलता मिलेगी, सहयोग लाभकारी रहेगा, सामाजिक कार्यो में लगाव रहेगा.

**कर्क**- कामकाज के सिलसिले में यात्रा हो सकती है, वैभव विलासिता के कार्यो में खर्च होगा, बिगड़े कार्यो में सुधार होगा, रोजगार के कार्यो में वृद्धि होगी.

**सिंह**- मित्रों के साथ मौजमस्ती में समय व्यतीत होगा, आकस्मिक लाभ संभव है, मानसिक शांति मिलेगी, शादी विवाह के कार्यो में सफलता का योग है.

**कन्या**- नजदीकी लोगों के कारण भागदौड़ बढ़ सकती है, आप जोखिम उठाने के लिये तैयार रहेंगे, आय के साधनों में वृद्धि होगी, रोजगार आदि की प्राप्ति होगी.

**तुला**- आप जैसा चाहेंगे, वैसा हो पाना मुश्किल है, विरोधी वर्ग प्रबल होगा, भागदौड़ अधिक करनी होगी. अनावश्यक विवादों को टालना हितकर रहेगा.

**वृश्चिक**- घरेलू आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, पुराने पेंडिंग कार्य पूरे होंगे, माता पिता की आशाओं की पूर्ति होगी, व्यापार की स्थिति संतोषजनक रहेगी.

**धनु**- कानूनी मामले आपसी बातचीत से सुलझेंगे, कामकाज में परिवार का अच्छा सहयोग रहेगा, समय को देखकर कार्य करें, अधिनस्थ लोगों का विरोध बढ़ सकता है.

**मकर**- बड़ी जिम्मेदारी पूरी होने से प्रसन्नता होगी, पुराना कर्ज चुकता होने की संभावना है, शुभ समाचार मिलेगा, कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी, वाणी प्रभावशाली रहेगी.

**कुम्भ**- नए सौदे लाभकारी रहेंगे, दौड़धूप से रूका कार्य अच्छी तरह बन जायेगा, भूमि भवन संबंधी मामलों में विजय मिलेगी, वाहन का सुख मिलेगा.

**मीन**- निजी कार्य को टालने से समस्या बढ़ेगी, झगड़ों से परेशान होकर काम छोड़ने का मन बनेगा, कार्यसिद्धि के लिये दौड़धूप करना होगी, मित्रों का सहयोग मिलेगा.

## SUDOKU 7232

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

नवभारत सू-डोकू 7231

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# रेड्डी के बयान पर हैदराबाद में बवाल

## भाजपा ने कहा-विवादित टिप्पणी के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री माफी मांगें



**हैदराबाद, 3 दिसम्बर.** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी एक कार्यक्रम के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में दिए गए विवादित बयान को लेकर तीखी राजनीतिक आलोचना का सामना कर रहे हैं। रेड्डी ने विभिन्न समुदायों और जीवन-शैलियों के लिए अलग-अलग देवी-देवताओं की बात कही, जिसे भाजपा और बीआरएस ने हिंदू आस्था का अपमान बताया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर हिंदुओं के प्रति गहरी नफरत रखने का आरोप लगाया और मुख्यमंत्री से बिना शर्त माफी की मांग की है। बढ़ते विवाद के बीच राज्यभर में विरोध प्रदर्शन की तैयारी भी तेज हो गई है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के हालिया बयान ने राज्य की राजनीति में नया तूफान खड़ा कर दिया है। एक कार्यक्रम में भाषण के दौरान रेड्डी ने कहा कि हिंदू धर्म में हर वर्ग और हर आदत के लिए अलग-अलग भगवान हैं—कुंवारों के लिए हनुमान, दो बार शादी करने वालों के लिए अलग देवता और शराब पीने वालों के लिए अलग भगवान। इस बयान के सामने आते ही भाजपा और बीआरएस ने इसे हिंदू आस्था का मजाक बताते हुए कड़ा विरोध शुरू कर दिया। भाजपा के केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार ने रेड्डी के बयान को हिंदुओं का अपमान बताते हुए कांग्रेस पर के दबाव में काम करने का आरोप लगाया।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा हिंदू देवी-देवताओं पर की गई कथित विवादित टिप्पणी को लेकर राज्य में राजनीतिक तनाव बढ़ता जा रहा है। बुधवार को हैदराबाद की सड़कों पर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उतरे और मुख्यमंत्री के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने रेवंत रेड्डी का पुतला दहन किया और सरकार पर हिंदू आस्था को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान हिंदू समाज का अपमान है और इससे उनकी धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं।
उन्होंने मांग की कि रेवंत रेड्डी तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और अपने शब्द वापस लें।

# बंगाल की खाड़ी में भूकंप के झटके

**नयी दिल्ली.** बंगाल की खाड़ी में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) ने बताया कि आज सुबह 7-26 बजे बंगाल की खाड़ी में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापी गयी। भूकंप से अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। केन्द्र के अनुसार भूकंप 20.56 उत्तरी अक्षांश और 92.31 पूर्वी देशांतर पर 35 किमी की गहराई पर दर्ज किया गया। केन्द्र ने बताया कि इससे पहले दिन में ताजिकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। ताजिकिस्तान में भारतीय समयानुसार सुबह 4-35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.9 मापी गयी। भूकंप की गहरायी 75 किमी पर थी।

# राज्यसभा में खरगे के निशाने पर नड्डा

**नयी दिल्ली, 03 दिसंबर. राज्यसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की दोला सेन के बयान पर सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने हस्तक्षेप किया जिस पर नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन पर संसदीय लोकतंत्र को ध्वस्त करने का आरोप लगाया और कहा कि उनका काम सदन चलाना नहीं है। दोला सेन ने शून्य काल में देश भर में राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन करने का मुद्दा उठाया था।**

उन्होंने कहा कि लोक का मतलब आम लोगों से है, लेकिन केंद्र सरकार को लोगों की चिंता नहीं है, बंगाल के लोगों की परेशानी उसे नहीं दिखती। इसके बाद उन्होंने मनरेगा के तहत पश्चिम बंगाल के बकाये का मुद्दा उठाया। सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने




व्यवस्था दी कि तृणमूल नेता ने स्वीकृत पाठ से अलग जो भी कुछ कहा है वह रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होगा। इसके बाद श्री नड्डा ने भी हस्तक्षेप करते हुए कहा कि श्रीमती सेन ने बताया था कि वह राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन करने के मुद्दे पर बोलेंगी। उन्होंने सभापति से आग्रह किया कि अन्य सभी बातों को रिकॉर्ड से हटा दिया जाये। सदन के नेता के हस्तक्षेप करने पर आपत्ति जताते हुए खरगे ने कहा कि तृणमूल नेता ने किसी असंसदीय भाषा का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने वही कहा है जो सभापति के कार्यालय से मंजूर किये गये विषय से संबंधित था। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि श्री नड्डा सदन के अंदर लोकतंत्र को ध्वस्त करने का काम कर रहे हैं। वह बता रहे हैं कि क्या रिकॉर्ड में जाना चाहिए और क्या नहीं, उनका काम सदन चलाना नहीं है।

श्री खरगे को जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने कहा, मैंने कहा कि जो भी विषय से संबंधित बातें हैं वही रिकॉर्ड पर जानी चाहिये, जो संबंधित नहीं है वह नहीं जानी चाहिये। बाद में सदन में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि श्रीमती सेन ने राजभवनों के नाम लोकभवन किये जाने का मुद्दा उठाया था। लोक मतलब आम लोग। उन्होंने बंगाल के आम लोगों की पीड़ा सदन में रखी है और उसी सिलसिले में मनरेगा का मुद्दा उठाया है।

# खुदीराम बोस-युवा क्रांति के अमर नायक को अमित शाह का नमन

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. अमित शाह ने कहा-खुदीराम बोस की वीरगाथा राष्ट्र प्रथम की भावना का अमूल्य प्रेरणास्त्रोत, जिसने अनगिनत युवाओं में स्वतंत्रता की लौ प्रज्वलित की। महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी खुदीराम बोस की जयंती पर पूरा राष्ट्र एक बार फिर उनके शौर्य, त्याग और अदम्य साहस को स्मरण कर रहा है।**

देश के केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर - प्लेटफॉर्म के माध्यम से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि खुदीराम बोस न केवल स्वतंत्रता



आंदोलन के अग्रणी युवा सेनानी थे, बल्कि वे ऐसी प्रचंड क्रांतिकारी शक्ति थे जिन्होंने असंख्य युवाओं के भीतर परतंत्रता के विरुद्ध संघर्ष की अग्नि प्रज्वलित की। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि मातृभूमि के लिए समर्पण और साहस उम्र का मोहताज नहीं होता।

# पश्चिम बंगाल के सांसदों से मिले पीएम

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. बिहार में चुनाव जीतने के ठीक बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना फोकस पश्चिम बंगाल की तरफ मोड़ रखा है. संसद के शीतकालीन सत्र के बीच पीएम ने पश्चिम बंगाल के सांसदों से मुलाकात की और उन्हें जीत का मंत्र दिया.**

पश्चिम बंगाल में साल 2026 यानि अगले साथ विधानसभा चुनाव होने हैं. विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के बीजेपी सांसदों को सलाह दी है कि राज्य में चल रहा एसआईआर अभियान सरल और पारदर्शी रहे.उन्होंने जोर देकर कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से जटिल न



**विपक्ष की बयानबाजी से विचलित न हों**

टीएमसी या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सीधे तौर पर नाम लिए बिना प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को सलाह दी कि वे विपक्ष की बयानबाजी से विचलित न हों. उन्होंने याद दिलाया कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी किस तरह बढ़ी है. 2011 में मात्र तीन विधायकों से लेकर 2016 तक पार्टी की उपस्थिति में बड़ा विस्तार हुआ और इस प्रगति को लगातार आगे बढ़ाने की आवश्यकता है.

बनाया जाए और यह संदेश बूथ स्तर तक पहुंचना चाहिए.

# सीबीआई ने व्हाट्सएप-सीबीआई घोटालों से सावधान रहने का किया आग्रह

**शिमला.** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने व्हाट्सएप संदेशों, वीडियो कॉल, ईमेल और फर्जी फोन नंबरों के माध्यम से सीबीआई अधिकारी बनकर साइबर अपराध करने वालों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि के बाद देशव्यापी अलर्ट जारी किया है। ये संगठित गिरोह मनगढ़ंत आरोपों से लोगों को डरा रहे हैं और अस्तित्वहीन जांचों को निपटाने की आड़ में धन की उगाही कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, धोखेबाज अब अपनी धमकियों को विश्वासपूर्ण बनाने के लिए एआई-जनित सम्मनों, जाली गिरफ्तारी वारंट, गलत पहचान पत्र, डीपफेक आवाज़ एवं वीडियो जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं।

# दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में बीजेपी सात सीटें जीतीं

**01** सीट कांग्रेस के खाते में गई | **03** सीटें आम आदमी पार्टी की बरकरार

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम के 12 वार्ड में से सात पर जीत हासिल की. नगर निगम के उपचुनाव 30 नवंबर को हुए थे. मतों की गिनती बुधवार को हुई . दूसरे नंबर पर रही आप को तीन सीटें मिलीं, कांग्रेस और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने एक-एक सीट जीती. इससे पहले 12 वार्डों में से 9 भाजपा और 3 आप के पास थे.**

वार्ड के हिसाब से आप के अनिल मुंडका से 1577 मतों के अंतर से जीते, शालीमार बाग बी से भाजपा उम्मीदवार अनीता जैन ने 10,000 से ज़्यादा मतों के अंतर से जीत हासिल की. भाजपा की वीना असीजा अशोक विहार से जीतीं और सुमन कुमार गुप्ता चांदनी चौक से जीतीं. ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के इमरान चांदनी महल वार्ड से जीते, जबकि द्वारका बी से भाजपा की मनीषा देवी जीतीं.

# कर्नाटक में फिर छिड़ा सियासी संग्राम

## वेणुगोपाल के सामने भिड़े सिद्धारमैया-शिवकुमार समर्थक

**मंगलुरु, 03 दिसंबर. कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच सत्ता की खींचतान एक बार फिर सामने आ गई है। हाल ही में दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकजुटता का दावा किया था, लेकिन बुधवार को मंगलुरु एयरपोर्ट पर कांग्रेस के दो धड़ों के बीच टकराव ने अंदरूनी तनाव को उजागर कर दिया।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के आगमन पर पहले शिवकुमार समर्थकों ने नारेबाजी



की, जिसके बाद सिद्धारमैया समर्थकों ने पलटवार करते हुए पूर्ण कार्यकाल सिद्धारमैया के नारे जोरदार तरीके से लगाए। बुधवार को यह विवाद तब खुलकर सामने आ गया जब एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल के मंगलुरु पहुंचते ही एयरपोर्ट परिसर दो गुटों की नारेबाजी से गूंज उठा। पहले डीके शिवकुमार के समर्थकों ने उनके पक्ष में नारे लगाए, जिसके तुरंत बाद सिद्धारमैया समर्थकों ने सिद्धू, सिद्धू, पूर्ण अवधि सिद्धू के नारे लगाकर ष्टरू को पूरे कार्यकाल तक पद पर बनाए रखने की मांग तेज कर दी। यह वाकया ऐसे समय सामने आया है जब ठीक एक दिन पहले ही सिद्धारमैया और शिवकुमार ने ब्रेकफास्ट मीटिंग के बाद भाइयों की तरह साथ काम करने का दावा किया था।

# देशभर के कई एयरपोर्ट पर चेक-इन सिस्टम में गड़बड़ी

- बेंगलुरु में 42 फ्लाइट कैंसिल
- हैदराबाद और दिल्ली में भी दिखा असर

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. देश के कई एयरपोर्ट्स पर बुधवार सुबह चेक-इन सिस्टम अचानक ठप हो गया, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. रिपोर्ट के अनुसार, इस तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कई उड़ानें देरी से चलीं.**

वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को नोटिस जारी कर बताया कि एयरपोर्ट के आईटी और चेक-इन सिस्टम प्रभावित हुए हैं. बेंगलुरु एयरपोर्ट से 42 उड़ानें कैंसिल की गई.

नोटिस में यह भी बताया गया कि वाराणसी में कई विमान कंपनियों की सेवाएं प्रभावित हुई. कई जगह एयरलाइंस को मैनुअल चेक-इन और बोर्डिंग पर निर्भर होना पड़ा. तकनीकी गड़बड़ी का सबसे बड़ा असर हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखने को मिला. इसके अलावा बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी कई उड़ानें देरी से चलीं.

# आप पर लौट रहा है जनता का विश्वास

- केजरीवाल बोले— जनता का भरोसा लौट रहा
- उपचुनाव में झलक दिखी बदलते समीकरणों की

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव के नतीजों ने राजधानी की राजनीति में नए समीकरणों को जन्म दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने सात सीटें जीतकर अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि आम आदमी पार्टी ने तीन सीटें अपने नाम कीं।**

विधानसभा चुनाव में हार के बाद आम आदमी पार्टी इस परिणाम को महत्वपूर्ण सफलता मान रही है। नतीजों के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जनता का विश्वास तेजी से आम आदमी पार्टी की ओर लौट रहा है।

दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित हुए, जिनमें भाजपा ने सात सीटों पर जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ का संकेत दिया। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने भी तीन सीटें जीतकर हालिया विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद आत्मविश्वास वापस पाने की कोशिशों को मजबूती दी है।

**अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा**



निगम उपचुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी ने अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारा और दिल्ली की जनता ने अपने जनादेश से ये साफ़ कर दिया है कि दिल्ली का जनसमर्थन लगातार क्की तरफ़ मज़बूत हो रहा है। सिर्फ़ 10 महीनों में ही जनता का विश्वास एक बार फिर तेज़ी से आम आदमी पार्टी की ओर लौट रहा है। दिल्ली बहुत जल्द वापस सकारात्मक राजनीति और अच्छे कामों की तरफ़ लौट रही है।



# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को किया याद

## पीएम मोदी, खरगे, नीतीश ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. भारत के प्रथम राष्ट्रपति और संविधान सभा के अध्यक्ष रहे डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर आज पूरे देश में उन्हें नमन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई बड़े नेताओं ने एक्स पर पोस्ट साझा कर डॉ. प्रसाद के साधेपने, कर्तव्यनिष्ठा और देश-निर्माण में दिए उनके असाधारण योगदान को याद किया।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत देश के कई नेताओं ने राजेन्द्र प्रसाद को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण और राष्ट्र की मजबूत नींव रखने तक, डॉ. प्रसाद की भूमिका अतुलनीय रही है। उनके विचार, उनका धैर्य और उनकी दृढ़ राजनीतिकङ्कनैतिक आस्था आज भी हर पीढ़ी को मार्ग दिखाती है।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति और संविधान निर्माण के प्रमुख स्तंभ डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर आज पूरे देश में श्रद्धांजलि और सम्मान की भावनाएं उमड़ पड़ीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई राष्ट्रीय नेताओं ने एक्स पर संदेश साझा कर उन्हें नमन किया और उनके उत्कृष्ट योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में डॉ. प्रसाद को स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय योद्धा, संविधान सभा के अध्यक्ष और राष्ट्र के पहले राष्ट्रपति के रूप में याद करते हुए कहा कि उन्होंने अद्वितीय दृढ़ता, मर्यादा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ देश की सेवा की।

**देश के कई नेताओं ने किया नमन**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें असाधारण विनम्रता और शक्ति वाले राजनेता बताते हुए कहा कि डॉ. प्रसाद की संवैधानिक दृष्टि और उनके निर्णयों की पवित्रता भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को आज भी मजबूत आधार देती है। उन्होंने लिखा कि उनका जीवन राष्ट्र-निर्माण के लिए कार्यरत हर नागरिक के लिए प्रेरणा है। उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और संविधान निर्माता के रूप में याद किया।

# एआई चाय के चक्कर में फसी कांग्रेस

## एआई वार! कांग्रेस ने शेयर किया पीएम मोदी का वीडियो, विवाद बढ़ा

**नई दिल्ली 03 नवम्बर। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने पीएम मोदी का 6 सेकेंड का एआई वीडियो पोस्ट किया, बीजेपी ने कहा—ओबीसी समुदाय से आए प्रधानमंत्री का राजनीतिक अपमान। सोशल मीडिया पर एक बार फिर एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर तीखा राजनीतिक बयानबाज़ी का दौर शुरू हो गया है।**

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए 6 सेकेंड के एआई वीडियो ने केंद्र की सत्ता और विपक्ष के बीच नए विवाद को जन्म दे दिया है। वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाय बेचते हुए दिखाया गया है, जहाँ वे रेड कारपेट पर चलते हुए लोगों से चाय बोलो, चाय चाहिए कहते नज़र आते हैं। वीडियो के दृश्य और स्वरूप ने इसे तुरंत वायरल कर दिया, जिससे बीजेपी ने तीखी आपत्ति जताई और इसे प्रधानमंत्री का अपमान बताया। नए विवाद ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि चुनावी राजनीति में एआई का इस्तेमाल कहाँ तक जायज़ है और सीमाएँ क्या होंगी। कांग्रेस द्वारा पोस्ट किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नवीनतम एआई वीडियो एक बार फिर से भारतीय राजनीति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कंटेंट की भूमिका और उसके दुरुपयोग को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

जवाब में भाजपा ने भी एआई वीडियो का सहारा लिया और लालू यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव और राहुल गांधी का व्यंग्यात्मक- वीडियो जारी किया। इससे साफहै कि चुनावी अखाड़े में-अब सिर्फ मजाक तक सीमित नहीं, बल्कि एक राजनीतिक हथियार बन चुका है। समस्या यह है कि एआई वीडियो आम लोगों के लिए असली और नकली में फर्क करना मुश्किल बना रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि चुनावी वर्ष में ऐसे वीडियो मतदाताओं को गुमराह कर सकते हैं.

# जल्द लागू होगी ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली

**नयी दिल्ली.** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता को मजबूत करने के उद्देश्य से खिड़की से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित टिकट वितरण प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह नयी व्यवस्था अगले कुछ दिनों में देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर लागू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि रेलवे ने जुलाई में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए आधार ओटीपी सिस्टम लागू किया था। इसके बाद अक्टूबर में सभी सामान्य आरक्षण बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली शुरू की गयी थी।

**आज का इतिहास**

1971-दुनिया का सबसे पुराना रविवार का अखबार द ऑब्जर्वर का प्रकाशन पहली बार लंदन में हुआ।

1796-बाजीराव द्वितीय पेशवा बनाए गए।

1829 - वायसराय लार्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा को समाप्त करने का ऐलान किया।

1910 - रामस्वामी वेंकटरमण का जन्म। वह भारत के 8वें राष्ट्रपति थे।

1919 - इन्द्र कुमार गुजराल का जन्म। वह भारत के 12वें प्रधानमंत्री थे।

1952 - इंग्लैंड में स्मॉग की घनी परत छाने के कारण हजारों लोगों की जान चली गई।

# सरकार पर प्रकृति दोहन का आरोप

**नयी दिल्ली 03 दिसंबर. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर अरावली पहाड़ियों पर प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आने वाली पीढ़ियों के हितों की अनदेखी कर प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रही है।**

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अखबार में प्रकाशित उस लेख के संदर्भ में की है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार अरावली पहाड़ियों के लिए पर्यावरणीय परिभाषा बदल रही है और इससे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो रहा



है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरु से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है। वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने सवाल किया क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए.

**हलचल** | पुतिन के भारत दौरे से पहले तीन देशों के राजदूतों के लेख पर विवाद

# विदेश मंत्रालय ने तीन देशों के राजदूतों को दी नसीहत

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 4 दिसंबर के भारत दौरे से ठीक पहले एक कूटनीतिक हलचल ने नई दिल्ली में गर्म माहौल पैदा कर दिया है। एक दिसंबर को जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन, फ्रांस के राजदूत थिरी मथोउ और ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरून द्वारा टाइम्स ऑफ इंडिया में लिखे गए संयुक्त लेख ने विवाद को जन्म दे दिया है।**

दुनिया चाहती है कि यूक्रेन युद्ध खत्म हो, लेकिन रूस शांति को लेकर गंभीर नहीं दिखता शीर्षक वाले इस लेख में तीनों राजनयिकों ने रूस पर युद्ध लंबा खींचने का सीधा आरोप लगाया है। लेख की शुरुआत में कहा गया है कि यूक्रेन पिछले तीन वर्षों से 'साहस और दृढ़ संकल्प' के साथ अपने देश की रक्षा कर रहा है, जबकि रूस शांति वार्ता को आगे बढ़ाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा।

राजनयिकों ने दावा किया कि 2025 में रूसी हमलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और शांति प्रयासों के दौरान पुतिन ने 22 सबसे बड़े सैन्य हमले किए। लेख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की



उस टिप्पणी का भी हवाला दिया गया है किकिसी समस्या का हल युद्ध के मैदान में नहीं मिलता, जिसे उन्होंने भारत की स्पष्ट स्थिति बताया। हालाँकि लेख के प्रकाशन के तुरंत बाद रूस में भारत के पूर्व राजदूत और पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल के साथ भारतीय विदेश मंत्रालय एमईए ने इस कड़ा एतराज जताते हुए कहा की तीसरे देशों के संबंधो पर सार्वजानिक सलाह देना स्वीकार्य कूटनीति की प्रथा नहीं है। हम इस घटना पर जल्द ही संज्ञान लेंगे। ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा से ठीक पहले मॉस्को ने ऐसा बयान दिया है जिसने भारत की कूटनीतिक गणनाओं को और जटिल बना दिया है। दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट कर दिया कि रूस भारत के साथ भी वैसी ही 'सीमाओं से परे' साझेदारी चाहता है जैसी वह चीन के साथ कायम कर चुका है। लेकिन यह निर्णय पूरी तरह भारत पर निर्भर है कि वह किस सीमा तक आगे बढ़ने को तैयार है। यह संकेत ऐसे समय आया है जब भारत पर पश्चिमी दबाव बढ़ा हुआ है, अमेरिकी टैरिफ भी संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं, और रूस चाहता है कि द्विपक्षीय व्यापार तथा ऊर्जा संबंध किसी तीसरे पक्ष के प्रभाव से मुक्त रहें।

# पांच शिल्पकला को जीआई टैग

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 दिसंबर.भारत का दिल कहे जाने वाले मध्यप्रदेश की 5 बहुत ही प्राचीन शिल्प कला को जीआई टैग के द्वारा भारत की बौद्धिक संपदा अधिकार में शुमार होने का गौरव प्राप्त हुआ है. एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मध्यप्रदेश की विरासत को मिली इस ऐतिहासिक पहचान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है. इस उपलब्धि को जीआई मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रख्यात पद्मश्री डॉ. रजनी कांत ने अत्यंत गर्व का पल बताया है.**



जीआई रजिस्ट्री चेन्नई के वेबसाइट पर इन उत्पादों के सामने रजिस्टर्ड का स्टेटस आते ही संबंधित शिल्पियों में खुशी की लहर दौड़ गई और मध्यप्रदेश के लिए यह पहल करने वाले सूक्ष्म,लघु,मध्यम उद्यम विभाग सहित अन्य विभागों में भी नई चेतना आ गई है. लगभग एक वर्ष पूर्व ही इन सभी के लिए जीआई का आवेदन खजुराहो स्टोन क्रॉफ्ट, बैतूल भरेवा मेटल क्रॉफ्ट, ग्वालियर पत्थर शिल्प और ग्वालियर पेपर मैशे के लिए नाबार्ड, मप्र ने और छतरपुर फर्नीचर के लिए सिडबी मध्यप्रदेश ने वित्तीय सहयोग प्रदान किया था.

> एमएसएमई विभाग मप्र के प्रयास से स्थानीय शिल्पियों की संबंधित संस्थाओं द्वारा यह सभी जीआई एप्लिकेशन पद्मश्री डॉ. रजनीकांत के तकनीकी सहयोग से भेजे गए थे. नवम्बर माह में ही पन्ना डायमंड को जीआई टैग प्राप्त हुआ है और लगभग 25 उत्पादों की जीआई मिलने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है.

## अब 62 केंद्रों पर होगी धान की खरीदी

**जबलपुर, 3 दिसंबर.** जिले में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासन ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान उपार्जन के लिए गोदाम स्तर पर 7 नए खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं. जिसके बाद अब कुल 62 केंद्रों पर खरीदी की जाएगी. उल्लेखनीय है कि 1 दिसंबर से किसानों से धान की खरीदी आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है, जो 20 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी. इस वर्ष शासन द्वारा धान का कॉमन रेट 2369 रुपये प्रति क्विंटल तथा ए-ग्रेड धान का समर्थन मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खरीदी केवल वास्तविक किसानों से की जाए.

# सीएम डॉ . यादव ने जेपी नड्डा से की भेंट

## मध्य प्रदेश में 4 मेडिकल कॉलेजों के भूमि पूजन का दिया आमंत्रण

**भोपाल, 3 दिसम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा से मध्यप्रदेश में पीपीपी मॉडल पर प्रारंभ होने वाले चार मेडिकल कॉलेज के भूमि-पूजन के लिए आमंत्रण दिया। यह कार्यक्रम इस माह प्रस्तावित है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश में अन्य क्षेत्रों के साथ स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर जन सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। अभी और चार नए मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इन मेडिकल कॉलेजों की स्थापना पन्ना, बैतूल, कटनी और धार में होगी।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आंमत्रण को स्वीकार करते हुए सहमति प्रदान की है। शीघ्र ही तिथि निर्धारित कर 4 नये मेडिकल कॉलेजों का भूमि-पूजन किया जायेगा।



## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पूर्व मंत्री मलैया का कुशल क्षेम जाना

**भोपाल.** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बुधवार को पूर्व मंत्री जयन्त मलैया के निवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने मलैया के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विभिन्न विषयों पर पूर्व मंत्री मलैया से चर्चा भी की.

# 'मोहन-शिवराज मेरे भाई, सब बात मानते हैं'

## दोबारा सीएम बनने के सवाल पर उमा भारती का बड़ा बयान

**टीकमगढ़, 3 दिसम्बर. पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की फायर ब्रांड नेता उमा भारती ने दोबारा सीएम बनने पर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री नहीं बनना. डॉ. मोहन यादव से अच्छे काम करवा लेंगे. वो और शिवराज सिंह चौहान मेरे भाई हैं, मेरी सब बात मानते हैं.**

दरअसल, उमा भारती बड़ागांव धसान में 'एक यात्रा मां के नाम' के समापन में शामिल हुईं. इस दौरान उन्होंने कहा, 'मुझे जिंदगी में एक इच्छा है कि मां जिस रस्ते से पैदल चली थी, मैं उस रास्ते पर चलूं. इसलिए कुछ जगहों पर पैदल चल रही हूं. मेरी बड़ी इच्छा



है कि कल अंतोरा से डूडा तक चलूं. मुख्यमंत्री बनने के लिए बहुत पहाड़ चढ़ने पड़े थे, राम मंदिर आंदोलन के लिए पहाड़ चढ़ने पड़े, तिरंगा फहराने के लिए बहुत पहाड़ चढ़ने पड़े थे. आप मुझे अंतोरा की पहाड़ी नहीं चढ़ा पाएंगे?'

> इस दौरान किसी ने उनसे कहा कि फिर से मुख्यमंत्री बनवाएंगे. इस पर जवाब देते हुए उमा भारते ने सीएम बनने से इंकार कर दिया. उन्होंने कहा कि 'शिवराज सिंह से मैंने शराब नीति बनाने के लिए कहा तो उन्होंने कहा। सीएम डॉ. मोहन यादव से कहा कि पूरे जिले में एक गौशाला होनी चाहिए, वहीं सबका इलाज होना चाहिए. किसानों को गौपालन के लिए सहूलियत दे दो, हर लाड़ली बहना को दुधारू गाय दे दो, साथ ही राशि भी दो, मेरी सारी बात मानते हैं. हर बात तो मैं कहती भी नहीं हूं. एक बात जो रह जाती है तो ट्रांसफर-पोस्टिंग है, वो बहुत बेकार चीज है और उसमें पड़ना नहीं है.

# 70 वर्षों से चल रहे जमीन के विवाद में कराया समझौता

- तहसीलदार और मंडीदीप थाना प्रभारी ने निभाई भूमिका
- दो भाइयों के बीच जमीन को लेकर हो रहे थे झगड़े

**मंडीदीप, 3 दिसंबर. मंडीदीप के समीपस्थ गांव पड़ोनिया में भाइयों में चल रहे जमीन के विवाद को लेकर मंगलवार को आपसी समझौता करवाकर तहसीलदार और मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने एक मिसाल कायम की है.**

मामला यह है कि दो भाई परशराम और बालमुकुंद में जमीन को लेकर 70 वर्षों से मामला कोर्ट में चल रहा था. ज़मीन को लेकर पारिवारिक समझौता नहीं हो पा रहा था. आए दिन लड़ाई झगड़े और कभी-कभी मारपीट की नौबत तक आ जाती थी.

तहसीलदार हेमंत शर्मा और थाना प्रभारी मंडीदीप सराठे ने परिवार को एक साथ बैठाकर आपसी रजामंदी कराई और परिवार को गले लगाकर सारे पुराने गिले शिकवे दूर करवाए, जिसको लेकर परिवार और गांव के किसानों ने थाना प्रभारी और तहसीलदार का आभार माना है.

## नाले के पानी से सब्जी उगाने के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर, 3 नवंबर.** मप्र हाईकोर्ट ने नाले के गंदे व विषैले पानी से सब्जी उगाने के मामले को सख्ती से लिया. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में बुधवार को हुई सुनवाई दौरान सरकार व नगर निगम से पूछा है कि नाले व घरों से निकलने वाले सीवेज वाटर के ट्रीटमेंट के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा गठित समिति की अनुशंसाओं पर क्या कार्रवाई की गई. मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व पुष्पेंद्र शाह ने कोर्ट को बताया कि एनजीटी द्वारा गठित संयुक्त जांच समिति ने जबलपुर शहर के नालों की स्थित एवं नालों के वॉटर ट्रीटमेंट के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत की है.

# जेई पर 20 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप

## ललरिया के बिजली उपभोक्ता ने शपथ पत्र देकर की शिकायत

**बैरसिया, 3 दिसंबर. ललरिया निवासी नफीस खां ने विद्युत कंपनी के जेई सुशील वर्मा और लाइनमैन ज्ञान सिंह यादव पर नया विद्युत कनेक्शन देने के बदले 20 हजार की घूस मांगने का आरोप लगाया है. नफीस द्वारा बिजली कंपनी के सहायक प्रबंधक हेमंत डेहरिया को दिए शपथ पत्र में 20 हजार की घूस लाइनमैन के माध्यम जेई सुशील वर्मा को देने की बात लिखी गई है.**

बुधवार को नफीस खान ने शपथ पत्र की छायाप्रति और वीडियो देते हुए बताया है कि पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए उन्होंने दो महीने पहले नए बिजली




कनेक्शन के लिए आवेदन दिया था, इसके दो माह बाद केवल खंभा लगाना और लाइन जोड़ना बाकी था. बावजूद 20 हजार रुपये की घूस देने के बाद कर्मचारी सिर्फ मीटर रखकर चले गए. जिसकी फिटिंग तक उन्होंने नहीं की. निजी इलेक्ट्रिशियन बुलाकर फिटिंग कराना पड़ा. नफीस ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की. इसके बाद शपथ पत्र बनाकर सहायक प्रबधक हेमंत डेहरिया को जांच के लिए दिया. जिसमें रुपये लेनदेन का उल्लेख है. नफीस का कहना है कि वे उक्त शपथपत्र युक्त शिकायत को दबाकर बैठ गए. नफीस खान का कहना है कि पेट्रोल टैंक चालू हो चुका है. और अधूरी बिजली व्यवस्था के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. मंगलवार को नफीस खान आउटसोर्स कर्मचारी के साथ ए ई. कार्यालय पहुंचे और उन्होंने पैसा लौटाने या काम पूरा करने की मांग की. इस दौरान कार्यालय के बाहर बहस की स्थिति बन गई.

> **इनका कहना है.**
> आउटसोर्स लाइनमैन की सेवाएं पूर्व में ही समाप्त कर दी है. नफीस खान ने शपथपत्र दिया है. हम उसके आधार पर जांच कर रहे हैं.
> **हेमंत कुमार डेहरिया,** सहायक प्रबंधक बैरसिया

# पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का निरीक्षण

## जनता और पुलिस के बीच संवाद कायम के दिए सुझाव

- पुलिस अधीक्षक ने मालखाना, बैरक का किया निरीक्षण
- थाना प्रभारियों, पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश

**मंडीदीप, 3 दिसंबर. औद्योगिक शहर में बुधवार को 3 बजे रायसेन के नए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने मंडीदीप और सतलापुर थाने का औचक निरीक्षण किया.**

इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाने में अपराध रजिस्टर, मालखाना, बैरक आदि का निरीक्षण किया. वहीं पुलिसकर्मियों को आमजन से संवाद स्थापित करने के भी निर्देश दिए. साथ ही पुलिस अधीक्षक ने दोनों थानों के प्रभारी को नगर में फ्लैग मार्च, पेट्रोलिंग और गश्त के लिए आवश्यक निर्देश दिए. पुलिस अधीक्षक गुप्ता ने बताया कि पुलिस का आमजन पर भरोसा और निडरता स्थापित हो. साथ ही अपराधियों में भय होना चाहिए. इस मौके पर ओबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी और मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे समेत थाने का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा.



# पुल ढहने के मामले में प्रभारी सहायक महाप्रबंधक निलंबित

- बरेली-पिपरिया मार्ग पर हुआ था हादसा
- शासन ने मामले की जांच के लिए समिति गठित की

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 दिसंबर. बरेली-पिपरिया मार्ग पर पुल ढहने के मामले में प्रभारी सहायक महाप्रबंधक संभागीय कार्यालय भोपाल विक्रम सिंह ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है. इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिये गये हैं.**

दरअसल इस उच्च स्तरीय पुल का संधारण का काम ठाकुर की निगरानी में ही किया गया था.

इस पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले की जांच के लिये जांच समिति गठित की गई थी, समिति ने बुधवार को इस संबंध में रिपोर्ट सौंप दिया. रिपोर्ट में संधारण के कार्य में लापरवाही बरतने, संधारण के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखने और सुरक्षित यात्रा के लिये प्रबंध नहीं करने का जिम्मेदार माना गया है. उनके इस कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत मानते हुए विक्रम सिंह ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है.

## उज्जैन में हफ्ता वसूली और संगठित अपराध में लिप्त तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

**उज्जैन.** मध्यप्रदेश के उज्जैन में हफ्ता वसूली, वाहनों में तोड़फोड़, आगजनी, मारपीट और क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित करने वाले तीन शातिर व आदतन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिमनगंजमंडी थाना पुलिस द्वारा लगातार गश्त एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय अपराधियों द्वारा हफ्ता वसूली तथा संगठित अपराध की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैली हुई थी। मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त अपराधों में संलिप्त आरोपी मक्सी रोड क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में घूम रहे हैं।

# कृषि उपज मंडी में धान की बंपर आवक

## फसल की अच्छी पैदावार से किसानों के चेहरे पर छाई खुशी



**सिलवानी, 3 दिसंबर. इस बार धान की बंपर पैदावार और बेहतर दाम मिलने से सिलवानी कृषि मंडी में हलचल देखने को मिली है. बुधवार को दर्जनों ट्रालियां धान से भरकर मंडी में पहुंचीं, जिससे मंडी में जान फूंकी और किसानों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है.**

किसानों का कहना है कि इस वर्ष धान की उपज सामान्य से बेहतर रही है और अच्छे भाव मिलने से उनकी मेहनत सफल साबित हो रही है.किसान माखन सिंह ने बताया कि इस वर्ष प्रति एकड़ धान की पैदावार लगभग 15 से 20 क्विंटल तक हुई है. उन्होंने कहा, 'सिलवानी मंडी में हमें प्रति क्विंटल 3400 रुपए की अच्छी कीमत मिली है, जिससे किसान खुश हैं और आर्थिक रूप से लाभान्वित महसूस कर रहे हैं.' ग्राम तिनघरा से आए किसान अवधेश आदिवासी ने धान के बढ़ते भावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'इस बार धान का भाव 2800 रुपए से लेकर 3430 रुपए प्रति क्विंटल तक मिल रहा है.

# अच्छा आचरण रहा तो गुंडा लिस्ट से हटा देंगे नाम

**बेगमगंज, 3 दिसंबर. पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने निर्देशानुसार पुलिस ने असामाजिकतत्वों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है.**

एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे एवं एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थानाप्रभारी राजीव उइके ने बुधवार को 64 से अधिक चिन्हित रिकॉर्डशुदा एवं 9 निगरानीशुदा बदमाशों को थाने बुलाकर भविष्य में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने और कोई अपराध नहीं करने की हिदायत देते हुए स्पष्ट कर दिया कि यदि उनके द्वारा अब एक भी अपराध किया गया तो इस बार बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी. इसलिए आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें, यदि अन्य कोई करता हुए दिखे तो उसको पकड़वाने एवं रोकने में पुलिस का सहयोग करें. अच्छे नागरिक बनकर अच्छी जिंदगी गुजारेंगे ओर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें. आपका अच्छा आचरण देखकर एसपी से सिफारिश करके आपके नाम गुंडा लिस्ट से हटा दिए जाएंगे.

बैठक — सहकारिता विभाग की समीक्षा में सीएम ने दिये निर्देश

# सहकारी समितियों के पदाधिकारी प्रतिवर्ष देंगे संपत्ति का विवरण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि एवं किसान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा. अत: किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलवाने और फसल चक्र के अनुसार उन्हें सुगमता से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहकारिता विभाग कृषि विपणन सहकारी समितियां को मजबूत बनाने बनाने पर विशेष ध्यान दे.**

## पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित होंगे

सहकारी समितियों का प्राथमिकता के आधार पर कंप्यूटराईजेशन किया जाए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिति के पदाधिकारियों के लिए प्रतिवर्ष संपत्ति का वार्षिक विवरण आवश्यक रूप से देने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग ने अपेक्स बैंक की 4 करोड़ 27 लाख 4 हजार 190 रुपए अंश पूंजी का लाभांश चेक भेंट किया.

बैठक में अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, खाद और बीज वितरण, कृषि उपज के समर्थन मूल्य पर उपार्जन, उचित मूल्य दुकानों के संचालन और सहकार से समृद्धि के तहत संचालित गतिविधियों के तहत पिछले 2 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों, नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया. इस दौरान समीक्षा बैठक में आगामी तीन वर्ष की कार्य योजना पर भी विचार विमर्श हुआ.

### आगामी तीन वर्षों की कार्य योजना

- पैक्स के डिफॉल्टर किसानों को मुख्य धारा में लाया जाएगा।
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और नेशनल पैमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ग्राहकों को क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराना.
- समस्त जिला बैंकों में इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा.
- सहकारी क्षेत्र में युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के लिए कौशल इको सिस्टम को विस्तार दिया जाएगा.

> **सहकारिता में चीता कहां से आ गया**
> प्रजेंटेशन के दौरान जब यह जानकारी दी गई कि बीज संघ द्वारा बीज व्यवसाय को प्रोत्साहन देने के लिए एमपी चीता ब्रांड लांच किया गया है. तो इस पर मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि चीता तो जंगल में रहता है ये सहकारिता में कैसे आ गया.

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मैकेनिकल खंड, अशोक विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल**
फोन नं.- 0755-2930001, ई-मेल आईडी- emphbpl@mp.nic.in
क्रमांक 1606/तक/का.यं./लो.स्वा./मैके. खंड/भोपाल/2025 दिनांक 01/12/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 24/ 2025-26 दिनांक 01/12/2025 ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2025_PHED_465050_1 दिनांक 01/12/2025**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खंड भोपाल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के दौरान रायसेन जिले की विभागीय कॉम्बीनेशन रिग मशीन से खनित किए जाने वाले ग्रेव्हल पेक नलकूपों हेतु 120 क्यू.मी. ग्रेव्हल प्रदाय करने हेतु (विभागीय यू.एस.ओ.आर. 01 सितम्बर 2023 के अनुसार ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 16/12/2025 सायं 17.00 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र Annexure 2.10 पर आमंत्रित की जाती हैं. निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपलोड करना होगा. निविदा दिनांक 17/12/2025 को सायं 17.15 बजे ऑनलाइन खोली जावेगी. कार्य की अनुमानित लागत रुपए 4,82,400/- (रुपए चार लाख बयासी हजार चार सौ) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपए 9,648/- (रु. नौ हजार छह सौ अड़तालीस) मात्र है. निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स) राशि रुपए 2000/- दिनांक 16/12/2025 सायं 17.00 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन क्रय किए जा सकते हैं. परिशिष्ट/ संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा.

| कार्य का नाम | टेंडर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | टेंडर का मूल्य (रु.) | टेंडर ऑनलाइन जमा करने की की तिथि | टेंडर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2025-26 के दौरान रायसेन जिले की विभीगीय कॉम्बीनेशन रिग मशीन से खनित किए जाने वाले ग्रेव्हल पेक नलकूपों के लिए 120 क्यू.मी. ग्रेव्हल प्रदाय कार्य. | 4,82,400.00 | 9,648.00 | 2000.00 | 16/12/2025 17.00 तक | 17/12/2025 सायं 17.15 बजे | अनुबंध दिनांक से 06 माह |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर निविदा क्रमांक 2025_PHED_465050_1 दिनांक 01/12/2025 उपलब्ध हैं.

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां. मैकेनिकल खंड, भोपाल

G22253/25

# व्यापारी से 20 लाख रुपये की लूट

## दो बाइक पर सवार थे चार नाकाबपोश बदमाश, पहले की मारपीट, फिर लूट को दिया अंजाम

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/ शाढ़ौरा। शाढ़ौरा से करीब एक किमी पहले गुना अशोकनगर रोड़ पर दो बाइक सवार बदमाशों द्वारा व्यापारी से लूट की बारदात का अंजाम दिया गया है। इस बारदात में जहां नाकाबपोश बदमाशों ने पहले व्यापारी से मारपीट की और उसके बाद कट्‌टे की दम पर उसके 20 लाख रूपये लेकर फरार हो गए। वहीं लूट की घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गये और इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। तो वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को पकड़वाने पर ईनाम घोषित किया है।**

दरअसल शाढ़ौरा निवासी नीरज साहू जो शाढ़ौरा मंडी में अनाज का व्यापार करते है वह बुधवार की दोपहर अशोकनगर की आईसीआईसीआई बैंक अनाज खरीदी के लिए 20 लाख रूपये निकालकर शाढ़ौरा के लिए निकले थे, इसी बीच शाढ़ौरा से पहले नगऊखेड़ी के पास दो बाईक सवार नाकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करते हुए उनकी गाड़ी की डिग्गी में रखे 20 लाख रूपये छीन लिये। वहीं पैसों को बैग छीनने पर व्यापारी द्वारा विरोध जताया गया, इसके बाद उन्होंने उनके सिर पर उल्टे कट्‌टा से हमला कर दिया, वहीं फायर करते हुए वह वहां से भाग निकले। वहीं पुलिस द्वारा मदद के लिए कोई नहीं आया. लूट के शिकार हुए व्यापारी मनोज साहू ने बताया कि मारपीट और लूट के बीच कई बाईक सवार रास्ते से निकले और कार सवार भी निकले, लेकिन वह देखते चले गये। इस दौरान उन्होंने लोगों से मद्‌द मांगी, लेकिन किसी ने भी उनकी मद्‌द नहीं कि, वहीं लूट के बाद घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा छानबीन शुरू की। इसके साथ ही सड़क के समील लगे सीसीटीव्ही को पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है।



### पहले मारी टक्कर, फिर घेरकर लूट को दिया अंजाम

व्यापारी मनोज साहू के मुताबिक जैसे ही वह पैसे निकालकर शाढ़ौरा के लिए बड़े और जैसे ही शहर समीप आया तो पीछे से आ रहीं एक बाईक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, फिर गाड़ी चलाने को लेकर विवाद किया। इसके बाद पीछे से आ रहीं दूसरी मोटरसाईकिल से रास्ता रोक लिया और एक बाईक पर सवार दो लोगों ने मारपीट की और दूसरी बाइक पर सवार दो लोगों ने स्कूटी की डिग्गी से पैसे निकाले। इसके बाद वह मारपीट कर वहां से भाग निकले।

## शहर वाचनालय ने प्रथम राष्ट्रपति एवं क्रांतिकारी की मनाई जयंती

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय में पाठक संग के तत्वधान में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के दीपक तिवारी द्वारा किया एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे.उनका जन्म 3 दिसंबर 1884 को जरादेइ सिवान बिहार में हुआ था. वे राजनीतिक,वकील, पत्रकार और विद्वान थे. वहीं खुदीराम बोस एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के जिनका जन्म 3 दिसंबर 1889 को पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में हुआ था खुदीराम बोस को 18 वर्ष की उम्र में 11 अगस्त 1908 को अंग्रेजों द्वारा फांसी दिए जाने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में एक थे. वहीं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्य स्मरण भी किया गया. भोपाल गैस कांड के संबंध में डॉक्टर एके रोहिले ने जानकारी दी.आगामी दिनों में विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग जनों को भी सम्मान किया जावेगा. प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया.इस अवसर पर गोपाल सिंह ठाकुर, नंदकिशोर सोनी, कैलाश नेमा, सतीश सेन, अमित पाठक, गणपति ,कैलाश नामदेव मौजूद थे.

# दो ऑक्सीजन प्लांट, फिर भी खरीद रहे सिलेंडर

**तर्क-मरीजों को शिफ्ट करने पड़ती है जरूरत**

**हर महीने खरीद रहे 25 से 30 छोटे सिलेंडर**



नवभारत न्यूज

**बैतूल, 3 दिसंबर. कोरोना काल के वक्त जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। वार्डो में बेड तक आक्सीजन आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई गई।**

फिर भी अस्पताल को आक्सीजन सिलिंडर खरीदना पड़ रहा है। इस पर हर महीने हजारों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अस्पताल में हर महीने में करीब 25 से 30 छोटे सिलेंडर इस्तेमाल होते है यानि एक साल में 300 से 350 छोटे सिलेंडरों की खपत जिला अस्पताल में हो रही है। हालांकि सिलेंडर खरीदे जाने को लेकर जिला अस्तपाल प्रबंधन द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि मरीजों को इधर से उधर करने और एंबुलेंस तक पहुंचाने के लिए छोटे सिलेंडर खरीदना पड़ता है। मरीजों को यहां-वहां शिफ्ट करने के दौरान छोटे सिलेंडरों की आवश्यकता पड़ती है, जिसके कारण सिलेंडर खरीदने पड़ रहे है। बता दे कि जिला अस्पताल में मरीजों के लिए दो ऑक्सीजन प्लांट लगे और दोनों चालू हालत में हैं। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन द्वारा हर माह हजारों रुपए के ऑक्सीजन के छोटे सिलेंडर खरीदे जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन होने के बावजूद छोटे सिलेंडर की व्यवस्था नहीं बना पाया है।

### 40 से 50 रुपये में मिलता है छोटा सिलेंडर

बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में मरीजों को इधर से उधर करने और एंबुलेंस तक पहुंचाने के लिए छोटे सिलेंडरों का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक सिलेंडर करीब 40 से 50 रूपये में खरीदा जाता है। वहीं एक महीने में लगभग 30 सिलेंडरों की खपत अस्पताल में होती है। जानकारों का कहना है कि पोर्टेबल सप्लाई व्यवस्था को मजबूत किया जाए तो छोटे सिलेंडरों पर खर्च में कटौती हो सकती है, लेकिन अस्पताल ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जिस कारण बाहर से खरीदना पड़ रहा है।

**जिला अस्पताल में आते है रोजाना एक हजार मरीज :** जिला अस्पताल में रोजाना करीब एक हजार से अधिक मरीज आते हैं। उसमें से करीब 10 से 15 गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। ऐसे में मरीजों को छोटे सिलेंडरों का सहारा लेना पड़ता है, ताकि मरीज को भर्ती वार्ड या आईसीयू में शिफ्ट किया जा सके।

# दिव्यांगों को अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व

## कलेक्टर ने किया दिव्यांगों का सम्मान



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 03 दिसम्बर, का. विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला राजगढ़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

समावेशन और समान अवसर सबका अधिकार अंतर्गत दिव्यांगजन के सशक्तिकरण, अधिकारों के संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग है और उन्हें विकास की धारा तथा अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है.

कार्यक्रम में निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता तथा विशेष जागरूकता गतिविधियाँ कराई गईं. जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. जिले के विभिन्न दिव्यांगजनों को उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रतिभा एवं आत्मनिर्भरता के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा द्वारा प्रमाणपत्र, पुरस्कार प्रदान किए गए. कार्यक्रम के समापन के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं.

## तीन सड़क स्वीकृत

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह की पहल पर खुरई विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सूखा नदी और नरेन नदी पर पुल निर्माण तथा इनायतपुर झौलसी मार्ग के नवीनीकरण कार्य को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है, जिनकी कुल लागत 1113.01 लाख रूपए है. ज्ञातव्य है कि पूर्वगृह मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री सिंह ने राज्य शासन से अनुरोध किया था कि विकास खण्ड खुरई में बूधौन-कुमरोल-बसियागौंड मार्ग के किलोमीटर 13/6 में सूखा नदी पर जल मग्नीय पुल निर्माण, विकास खण्ड मालथौन में बेसरा-दुगाहाकला-तलापार मार्ग के किलोमीटर 21/2 में नरेन नदी पर पुल निर्माण को बजट में शामिल किया जाये.

# कन्यादान योजना में निवाड़ी-टीकमगढ़ पीछे

## संभागायुक्त ने समीक्षा बैठक में अपेक्षित कार्य नहीं करने पर नाराजगी जताई

नवभारत न्यूज

**सागर 3 दिसंबर. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया गया है कि संबंधित जिलों के जबावदेह अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण लें कि निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति क्यों नहीं हुई?**



कमिश्नर ने उक्त निर्देश सामाजिक न्याय विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. कमिश्नर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सागर संभाग के सभी जिलों में दिव्यांगजनों के लिए करेक्टिव सर्जरी कैंप लगाएं तथा करेक्टिव सर्जरी कैंपों के माध्यम से दिव्यांगजनों का समुचित उपचार करें. बैठक में कमिश्नर ने सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए.

## नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर 7 दिसंबर रविवार को

**गुना।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंर्तगत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में रोटरी सदस्य अमित सोगानी के पिताजी पूर्व विधायक स्व. भागचंद सोगानी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा हे। शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया निःशुल्क नेत्र शिविर 7 दिसंबर को रोटरी भवन गुना में गायत्री मंदिर के पास सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु शिविर लगाया जा रहा है।

## एक नजर में



### सांसद ने मतदाता गणना पत्रक भरा

**सागर.** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सांसद लता वानखेड़े द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरा गया. इस दौरान तहसीलदार प्रतीक रजक, पटवारी विनोद साहू एवं बूथ लेवल अधिकारी श्रीमति ऊषा राठौर द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरकर मतदाताओं को फॉर्म भरने की जानकारी प्रदान की गई. कलेक्टर श्री संदीप जीआर ने कहा कि एसआईआर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्ध हैं, जिले में अब तक अच्छी प्रगति हुई है और आने वाले दिनों में यह और तेज होगी.



### भाजपा के राज में दिव्यांगता बन चुकी है वरदान

**सीहोर.** विश्व दिव्यांगता दिवस की पूर्व संध्या पर क्रिसेंट रिसॉर्ट में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को संबोधित करते हुए श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने कहा कि पहले की सरकारों में शारीरिक रूप से अशक्त महिला, पुरुषों व बच्चों को अपाहिज कहा जाता था. भाजपा की केंद्र में सरकार आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक सम्मान देते हुए असक्तजनों को दिव्यांग नाम दिया. अब भाजपा के राज में दिव्यांगता वरदान बन चुकी है और हर क्षेत्र में दिव्यांगजन तरक्की कर रहे हैं. कार्यक्रम को वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने भी संबोधित किया और दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को वसुन्धरा वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से 15 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए.

### चला स्वच्छता निरीक्षण अभियान

**सांची,** नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम के निर्देश पर आज नगर में स्वच्छता ऐम्बैसडर शैतान सिंह लोधी द्वारा स्वच्छता निरीक्षण अभियान चलाया गया. इस दौरान उन्होंने नगर के प्रमुख स्थानों सहित बाजार क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया तथा लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया .निरीक्षण के दौरान श्री लोधी ने शासकीय सुलभ कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया. उन्होंने वहां कार्यरत कर्मचारियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी1 साथ ही दुकानदारों से दुकान के सामने कचरा न जमा करने और प्लास्टिक/पॉलीथिन का उपयोग बंद करने की अपील की.

### तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में भय

**भौंरा।** ग्राम पंचायत क्षेत्र भौंरा में वन प्राणी तेंदुए की दस्तक ने रहवासियों में दहशत एवं डर का माहौल बना दिया है। वन प्राणी की दस्तक से जनजीवन एवं मवेशियों पर असुरक्षा की भावना एवं खतरा मंडरा रही है। बुधवार तड़के तेंदुए द्वारा फॉरेस्ट कॉलोनी में शिकार किये जाने की भी चर्चा है। राजेंद्र कावड़कर ने बताया है कि उक्त घटना के बाद से निवासियों में डर एवं असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। जिसके बाद लोगों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र ही तेंदुएं को पकडने की मांग की है। अधिकारियों ने बताया है कि उक्त तेंदुएं की लोकेशन भौंरा क्षेत्र के आसपास है।

# दिनदहाड़े युवक के अपहरण से फैली सनसनी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 दिसंबर. जिले के अहमदपुर थाना क्षेत्र में बाइक से दो महिलाओं के साथ जा रहे युवक को पीछे से आ रही एक स्कार्पियो ने ओवरटेक करके रोका. जब तक लोग माजरा समझ पाते तब तक स्कार्पियो में से उतरे लोगों ने युवक को स्कार्पियो में पटका और भोपाल की तरफ चल दिए.**



दिन- दहाड़े अपहरण की घटना से पुलिस सकते में आ गई. आनन- फानन में वाहन का पीछा किया गया. बाद में पता चला कि युवक को बिहार की पुलिस ने उठाया है. जिसकी बैंक चोरी के मामले में पुलिस को काफी दिन से तलाश थी.

बुधवार दोपहर के समय उस समय ग्राम अहमदपुर के समीप अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब पुलिस को सूचना मिली कि अहमदपुर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास से एक युवक को कुछ लोग अपहरण कर भोपाल की ओर लेकर गए हैं. जिस वक्त यह घटनाक्रम घटित हुआ उस वक्त जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला अहमदपुर थाने में ही मौजूद थे. युवक के साथ बाइक से आई महिला ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी. जिसके बाद जिलेभर की पुलिस अलर्ट हो गई. पुलिस ने वायरलेस पर मैसेज भेजा, लेकिन बाद में पता चला कि सफेद स्कॉर्पियो में बिहार पुलिस थी जो ढाई महीने से बैंक में चोरी के एक बदमाश की तलाश में थे. वे आरोपी युवक को ट्रेस कर रहे थे, उन्हें आरोपी युवक की लोकेशन अहमदपुर में मिली तो उन्होंने युवक को दबोच लिया।



# भाजपा नेता की शह पर नाले पर बना दी पुलिया

नवभारत न्यूज

**विदिशा 3 दिसम्बर, शहर के वार्ड 39 में पूरनपुरा इलाके में एक सरकारी नाले पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा था जिसको जमींदोज कर दिया गया.**

यहां पर अवैध कालोनाईजर सरकारी नाले का आकार बदल दिया था और उसी पर आधे से ज्यादा पुलिया का निर्माण भी हो चुका था. जिसकी खबर जब प्रशासन और नपा के अधिकारियों को लगी तो दोनों विभागों की टीम ने अतिक्रमण को हटा दिया साथ ही दोवार से पुलिया का निर्माण न करने की हिदायत भी दे दी.बताया गया कि पूरनपुरा में कपूर गार्डन के सामने अवैध कालोनी साहिल सिटी आकार ले रही है.

इस कालोनी को अवैध बताया जा रहा है. यहां पर पिछले कई दिनों से पुलिया का निर्माण किया जा रहा था. बुधवार को हो रहे पुलिया निर्माण की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद हरकत में आया राजस्व अमला और नपा की टीम मौके पर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचा जहां पर पुलिया तोड़ दिया गया. नाले पर अवैध कालोनाइजर द्वारा पक्का निर्माण कराया जा रहा था. जिसपर पूर्व में भी प्रशासन द्वारा 2 बार कार्यवाही की जा चुकी है.

सूत्रों ने बताया कि वार्ड 39 के पार्षद दीपक कुशवाह ने यहां पर नाले निर्माण की जरुरत बताई थी ताकि लोगों का आना जाना हो सके और इसी के लिए नाला निर्माण किया जाना था लेकिन यहां पर जनभागीदारी से जो नाले का निर्माण होना था उसकी आड़ में यहां पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा था. खास बात है कि इस पुलिया के निर्माण से सबसे ज्यादा फायदा अवैध कालोनाईजर को होता वहीं मौके पर पुलिया का निर्माण करने व्यक्ति ने बताया कि वह ठेकेदार है और उसने पुलिया निर्माण का ठेका लिया है.

# शॉर्ट सर्किट होने के कारण हुई घटना

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 3 दिसम्बर, वार्ड नंबर 6 में रोड लड्डा एजेंसी वाली गली के मोड पर एक घटना हो गयी. पोल क्रमांक 355 की केबल लाइन शॉर्ट सर्किट होने के कारण रास्ते पर चिंगारियां गिरी. सुबह 7.30 बजे की घटना है.**



जानकारी विद्युत विभाग को दी गयी.सूचना उमेश नामदेव ने दी तथा सहयोगी मौके पर पहुंचे और हीटर को बंद किया. कर्मचारियों द्वारा पूछताछ की. उन्होंने कहां पहले फाइटर बंद कर दो इसके बाद में नाम पता पूछ लेना. 10 मिनट और फाइटर बंद नहीं होता तो बड़ी दुर्घटना होने की संभावना थी और मौके पर खोकहा रखा है उसके संचालक जितेंद्र और ऑटो वाले और भी कुछ लोग बच्चे छोड़ने आए थे.

विद्युत विभाग के बहुत लेट पहुंचे.इससे वार्ड 6 के निवासियों में आक्रोश व्याप्त है.उनका कहना है विद्युत वितरण कंपनी को जर्जर विद्युत लाइन जो जगह से क्षतिग्रस्त है.उन्हें तत्काल बदल देना चाहिए.यह लाइन टूटी फूटी राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं.चालू लाइन गिरने से मकानों पर करंट फैल सकता है1यह स्थिति पूरे नगर में बनी हुई है.विद्युत विभाग बरसात की पहले मेंटेनेंस करता है.इन जर्जर लाइनों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है की कागजों में मेंटेनेंस हो जाता है.

विद्युत वितरण कंपनी वसूली में ही रुचि ले रही है.उसे विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों से कोई लेना देना नहीं रहता.बिजली की अघोषित कटौती रोजाना हो रही है.पिछड़ी बस्तियों में तो और भी हालत खराब है किसी की कोई बिजली केबल बड़े हुए दिए जा रहे हैं. शिकायतों को कचरे में फेंक दिया जाता है और विद्युत कनेक्शन काट दिए जाते हैं.

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जागरुकता शिविर

**विदिशा,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेख सलीम के मार्गदर्शन में बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट साकेत जैन, शिवांगी सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनिमेष तिवारी एवं पैरालीगल वालेन्टियस गुडीराम रघुवंशी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सांदीपनी स्कूल एवं खेल स्टेडियम पर सामाजिक न्याय और विकलांगजन कल्याण विभाग के समन्वय से किया गया.

**प्रवचन** रामकथा का समापन, 5 दिसंबर को देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा और 6 दिसंबर को विशाल भंडारा

# सद्‌गुरु आश्रय ही भगवान तक पहुंचने का मार्ग : प्रेमभूषण

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर में विभिन्न देवी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के उपलक्ष में आयोजित हो रही संगीतमय श्रीरामकथा के समापन पर प्रेममूर्ति पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज ने कहा कि जब जीव विषयों में लिप्त हो जाता है तो भगवान की स्मृति क्षीण हो जाती है. जैसे सुग्रीव को राज्य मिलने के बाद प्रभु का स्मरण न रहा. 5 दिसंबर को देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के साथ 6 दिसंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है.**



राम कथा के दौरान कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने कहा कि गृहस्थों को वर्ष में एक-दो बार अवश्य धाम यात्रा करनी चाहिए, क्योंकि परमधाम की प्राप्ति प्रभु की अनुकम्पा से ही संभव है. महाराजश्री ने कहा कि भगवान तक पहुँचने की यात्रा के लिए पहले सद्गुरु के आश्रय में जाना आवश्यक है. प्रणाम, सेवा और धारिता के महत्व पर विवेचन करते हुए उन्होंने बताया कि जो भगवत संकेत समझकर लौट आता है वही सौभाग्यशाली है. कथा में किष्किंधा से अयोध्या तक के प्रसंगों का रसपान करते हुए महाराजश्री ने किष्किंधा कांड, सुंदरकांड, लंका विजय और रामराज्याभिषेक के प्रसंगों का भावपूर्ण गायन किया.हनुमानजी के दासत्व, सेवाभाव और प्रभु के अनुग्रह की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान की सेवा सभी से नहीं हो पाती. संसार की चिंता से पहले स्वयं को भगवान के चरणों में ले जाना चाहिए.

### रामदेव मंदिर में 5 दिसंबर को होगी प्राण प्रतिष्ठा

श्रीधाम दरबार बाबा रामदेव मंदिर में भगवान शिव परिवार, राधा कृष्ण, भगवान वासुदेव, गुरु गोरखनाथ सहित शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा अभिजीत मुहूर्त में 5 दिसंबर को वैदिक परंपरानुसार विद्वान ब्राह्मण आचार्यों के मार्गदर्शन में विधि विधान से की जाएगी. यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा के आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि पंच कुंडी कुंडात्मक यज्ञ के माध्यम से प्रतिदिन 5000 आहुतियां से 17 यजमानों के द्वारा देवताओं का आवाहन किया जा रहा था. प्रतिष्ठित होने वाली सभी प्रतिमाओं को अन्नवास, जलवास, औषधि वास कराया गया है. 5 दिसंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी.6 दिसंबर को प्रतिष्ठित देव प्रतिमाओं के दर्शन के साथ दोपहर 12 से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है. रामदेव मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक ने क्षेत्र वासियों, सनातन प्रेमियों और श्रद्धालुओं से भंडारे में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है.

## संविधान पर परिचर्चा

**ब्यावरा 03 दिसम्बर, का.** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार ब्यावरा ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में प्रभारी के तौर पर अमित बंसल एवं विशेष अतिथि के रूप जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया मौजूद रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे हुआ. जो की 2 घंटे तक लगातार चला. इस बीच वक्ताओं ने संविधान की प्रासंगिकता एवं उसके परिपालन पर अपने विचार रखें. शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा स्थानीय पीपल चौराहे पर गुरुवार को पड़ौनिया मंडलम एवं कॉंसरकला मंडलम और 6 तारीख को मातामंद मंडलम की बैठक एवं परिचर्चा आयोजित की जाएगी.



# द. अफ्रीका ने वन-डे सीरीज की बराबर

## विराट और गायकवाड़ के शतक मार्करम ने किए बेकार, केएल राहुल ने भी बल्ले से मचाई तबाही



ऋतुराज गायकवाड़

| | |
|---|---|
| रन | 105 |
| गेंद | 83 |
| चौके | 12 |
| छक्के | 2 |



विराट कोहली

रन 102 गेंद 93
चौके 7 छक्के 2

### कोहली के नंबर-3 पर सबसे ज्यादा शतक

विराट कोहली ने अपने अधिकांश वनडे करियर में नंबर-3 पर बैटिंग की है. वो अब वन-डे क्रिकेट में नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए 46 शतक लगा चुके हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है. उनसे पहले तीसरे क्रम पर बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड भारत के ही सचिन तेंदुलकर के नाम था. तेंदुलकर ने नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए 45 वन-डे सेंचुरी लगाई थीं. विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 वनडे मैच खेले हैं, जिनकी 31 पारियों में उन्होंने 1741 रन बना लिए हैं. वो ह्ष्द्ध में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. रायपुर में विराट ने 31 पारियों में कुल 15वीं बार ऐसा किया, जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 50 या उससे अधिक रन बनाए.

**नई दिल्ली 3 दिसम्बर. दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे मैच में भारत को 4 विकेट से हरा दिया. इसी के साथ अफ्रीका ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है.**

रायपुर में खेले गए इस मैच में टॉस हारने के बाद टीम इंडिया पहले बैटिंग करने आई थी, जिसने विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड़ के शतकों की बदौलत 358 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम ओवर तक चले इस मैच में 4 विकेट शेष रहते जीत दर्ज की. यह भारतीय सरजमीं पर किसी विदेशी टीम द्वारा एक दिवसीय मैच में चेज किया गया सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया भी भारत में आकर 359 रनों का रिकॉर्ड चेज कर चुकी है, उसने यह कारनामा 2019 में भारत के खिलाफ किया था. अब दक्षिण अफ्रीका ने भी 359 रनों का रन चेज करके इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की बराबरी कर ली है. इस मैच की दोनों पारियों में कुल 721 रन बने. भारत और दक्षिण अफ्रीका की पारी में मिलाकर 3 शतक लगे. टीम इंडिया के लिए विराट कोहली ने 102 रनों की पारी खेली, जो उनके वनडे कॅरियर का 53वां शतक रहा. वहीं ऋतुराज गायकवाड़ ने मात्र 77 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया था, जो भारत के लिए आए एक दिवसीय में सबसे तेज शतकों में से एक रहा. उन दोनों की शतकीय पारी बेकार चली गई, क्योंकि 110 रन बनाने वाले एडन मार्करम अकेले ही कोहली और गायकवाड़ पर भारी पड़े. रांची वनडे के शतकवीर रोहित शर्मा इस बार जल्दी आउट हो गए, वो सिर्फ 14 रन बनाकर आउट हो गए. केएल राहुल ने 43 गेंद में नाबाद 66 रन बनाए. उन्होंने इस पारी में 6 चौके और 2 छक्के लगाए.

> 2023 के बाद से वनडे इंटरनेशनल में डेथ ओवरों (41 से 50 ओवर तक) में केएल राहुल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं. वह भारत के लिए अच्छे फिनिशर साबित हुए हैं. उन्होंने 142.76 की स्ट्राइक रेट से कुल 424 रन बनाए हैं. वह इस मामले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं. इस लिस्ट में पहले नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर हैं, जिन्होंने 168.11 की स्ट्राइक रेट से कुल 464 रन बनाए हैं. राहुल से पीछे न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप हैं, जिन्होंने 149.63 की स्ट्राइक रेट से 413 रन बनाए हैं.

# 'हम इंतजार करेंगे और देखेंगे'

## पीठ की चोट से उबर रहे पैट कमिंस को लेकर बोले स्टीव स्मिथ



**ब्रिस्बेन, 03 दिसंबर ऑस्ट्रेलिया ब्रिस्बेन में पिंक-बॉल एशेज टेस्ट से एक दिन पहले अपने पत्ते नहीं खोल रहा है। पैट कमिंस को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं, लेकिन इस हफ्ते उनके जबरदस्त स्पैल और नेट्स में लंबे समय तक बैटिंग करने से देर से ट्विस्ट की बात बढ़ गई है। जब कमिंस सबप्लॉट ने ज़ोर पकड़ा, तो स्टैंड-इन कप्तान स्टीव स्मिथ ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर इस मामले को और गहरा कर दिया।**

उन्होंने कन्फर्म किया कि अगर कमिंस फिट होते हैं तो वह लीड करेंगे। स्मिथ ने कहा, 'बहुत सारी चीजें टेबल पर हैं... मैं अभी आपको बहुत कुछ नहीं बता सकता, मुझे माफ करना। स्मिथ ने आगे कहा, 'जिस तरह से उन्होंने नेट्स में बॉलिंग की है, वह मुझे काफी अच्छा लग रहा है। जाहिर है, गेम में इंटेंसिटी तो अलग होती है, लेकिन वह बहुत अच्छी तरह से ट्रैक कर रहे हैं। वह अपने शरीर को अच्छी तरह जानते हैं और हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

> स्मिथ ने कमिंस और एंड्रयू मैकडोनाल्ड द्वारा शुरू की गई फ्लेक्सिबल बैटिंग-ऑर्डर की बहस पर भी अपनी राय दी और ट्रैविस हेड ने भी इसे हवा दी, जिन्होंने पर्थ में रन-चेज़ में ओपनिंग करते हुए अपनी ऐतिहासिक सफलता के बाद बैटिंग ऑर्डर को 'ओवररेटेड' कहा था। स्मिथ ने ज्यादा जमीनी राय दी। उन्होंने कहा, 'पिंक बॉल, कुछ भी मुमकिन है हम पहले भी दो नाइटवॉचमैन रखने और ऐसी चीज़ों को लेकर काफी खुले रहे हैं। यह पूरी तरह से अलग गेम है। आपको किसी भी स्टेज पर वही खेलना होता है जो आपके सामने हो।'' 'लेकिन मुझे पक्का नहीं है कि मैं उन दोनों (कमिंस और हेड) से पूरी तरह सहमत हूँ कि बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड माना जाता है।

### एशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच आज से

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज का दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। यह एक डे-नाईट मुक़ाबला होगा। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार 4 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे शुरू होगा। विल जैक्स को इंग्लैंड के एकादश में शामिल किया गया है, वहीं उस्मान ख़्वाजा अभी तक चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में इस समय 1-0 से आगे है और उन्होंने पर्थ में दो दिन में समाप्त हुए टेस्ट मैच में इंग्लैंड को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। टीम न्यूज और संभावित ड्ढ्ढ ख़्वाजा अब तक पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं इसलिए वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ख़्वाजा की अनुपस्थिति में ट्रैविस हेड एक बार फिर पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में तूफ़ानी शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ब्रेंडन डॉगेट जैक्स इंग्लैंड के एकादश में मार्क वुड की जगह लेंगे जो कि चोट के चलते दूसरे टेस्ट से बाहर हैं। यह जैक्स का तीसरा टेस्ट होगा, 2022 में रावलपिंडी में उन्होंने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ डेब्यू किया था। पिच और परिस्थितियां गाबा की तीखी अभ्यास पिचों के बावजूद ऐसा अनुमान है कि यहां सतह धीमा रह सकता है। अगर बल्लेबाजी करने वाली टीम 50 ओवर तक अपने विकेट बचाए रख पाने में सफल रहती है तो फ़ील्डिंग टीम के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है।

# टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## शुभमन गिल हुए फिट, टीम में हुई वापसी



नई दिल्ली 3 दिसम्बर. बीसीसीआई ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है.

उपकप्तान शुभमन गिल की टीम में वापसी हो गई है. वह गर्दन की चोट की वजह से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं. टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज 9 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच खेली जाएगी. 9 दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने 15 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान किया है. चयनकर्ताओं ने वही टीम चुनी है जो 2025 एशिया कप खेली थी. वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के रूप में चार स्पिनर हैं. इसके अलावा 15 सदस्यीय टीम में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा के रूप में तीन तेज गेंदबाज हैं. बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा और संजू सैमसन मौजूद हैं. जितेश और सैमसन के रूप में दो विकेटकीपर हैं.

**टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और वाशिंगटन सुंदर.

# मोहित शर्मा ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली 3 दिसम्बर.** 120 आईपीएल, 26 वनडे इंटरनेशनल और 8 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने अचानक संन्यास लेकर सबको चौंका दिया है. 37 साल का यह तेज गेंदबाज देश के लिए आखिरी बार 10 साल पहले 2015 में खेला था. आईपीएल में 134 विकेट लेने वाले मोहित शर्मा ने वनडे में 31 और टी20 इंटरनेशनल में छहल विकेट झटके.

> मोहित शर्मा ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास का एलान किया. उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, आज मैं क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का एलान करता हूं. चाहे हरियाणा के लिए खेलना हो, या देश के लिए या आईपीएल, ये सफर मेरे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं रहा है. मेरे करियर की बैकबोन बनने के लिए हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन का बहुत-बहुत शुक्रिया. मैं अनिरुद्ध सर का भी तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं.



# कीवी टीम को मिली बढ़त

## जैकब डफी ने पहली बार झटके 5 विकेट

**क्राइस्टचर्च, 03 दिसंबर जैकब डफी ने पहली बार पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बढ़त बना ली।**

डफी ने वेस्टइंडीज के निचले क्रम को संभाला, जबकि मैट हेनरी ने तीन अहम विकेट लिए, जिससे मेहमान टीम 67 रन पर आठ विकेट खोकर 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने फिर पहली पारी की बढ़त को 96 रन तक पहुंचाया और दिन के आखिर में सात ओवर के स्पेल में बिना किसी नुकसान के बाहर निकले।

**▸ न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज पहला टेस्ट**

दिन का दूसरा हाफ जिस तरह खत्म हुआ, उसके ठीक उलट, पहले हाफ में वेस्टइंडीज ने बाजी मारी। उन्होंने आखिरी बचा हुआ विकेट लेने में सिर्फ तीन गेंदें लीं, जिससे न्यूजीलैंड अपने रात के स्कोर 231 पर ढेर हो गया। सुबह बैटिंग के लिए हालात मुश्किल बने रहे, जैसा कि ज़कारी फाउल्केस और हेनरी ने जॉन कैंपबेल और एलिक अथानाज़े को कुछ ही देर में आउट कर दिया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर लगभग 11 ओवर की मुश्किल बैटिंग में 2 विकेट पर 10 रन हो गया। लेकिन इसके बाद चीजें आसान हो गईं, कुछ हद तक न्यूजीलैंड की अच्छी फील्डिंग की वजह से। तेजनारायण चंद्रपॉल को लेग गली में दो बार जीवनदान दिया गया, दोनों बार डेवोन कॉनवे ने। इसके बाद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शाई होप के साथ एक मजबूत पार्टनरशिप की, जो आंख में इन्फेक्शन के कारण सनग्लासेस पहनकर बैटिंग कर रहे थे। पारी की पहली बाउंड्री 23वें ओवर के आखिर में आई जब होप ने डफी को कवर्स की तरफ ड्राइव किया।

### एक नजर में



### रोहित राजपाल फिर से कप्तान नियुक्त

**नयी दिल्ली.** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने आजरोहित राजपाल को कैप्टन और आशुतोष सिंह को 31 दिसंबर, 2026 तक भारतीय डेविस कप टीम का कोच फिर से बनाने की घोषणा की। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार, भारत फरवरी 2026 में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 6-7 फरवरी या 7-8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, और जगह और सरफेस की पुष्टि समय पर की जाएगी। राजपाल पिछले कई मुकाबलों के लिए भारतीय डेविस कप सेट-अप का हिस्सा रहे हैं, और अपने कार्यकाल के दौरान दूसरे डेविस कप कमिटमेंट्स के साथ, इस महत्वपूर्ण घरेलू मैच में एक बार फिर टीम को लीड करेंगे। एआईटीए द्वारा जगह, सरफेस और इंडियन टीम नॉमिनेशन सहित आगे की जानकारी समय पर साझा की जाएगी।

### एटलेटिको मैड्रिड से बार्सिलोना चार पॉइंट आगे

**मैड्रिड.** एफसी बार्सिलोना एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराकर ला लीगा में टॉप पर चार पॉइंट आगे हो गया। हाफटाइम से पहले राफिन्हा ने पहला गोल किया और डैनी ओल्मो ने 65वें मिनट में बार्सिलोना को आगे कर दिया। फेरान टोरेस ने आखिर में तीसरा गोल करके पॉइंट पक्के कर दिए। बार्सिलोना को चोट की चिंता थी क्योंकि ओल्मो को कंधे में दिक्कत हुई और पेड्री भी लंगड़ाते हुए बाहर चले गए। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने पहले हाफ में पेनल्टी गंवा दी। थियागो अल्माडा एटलेटिको के लिए बराबरी करने के करीब थे, लेकिन बार्सिलोना के डिफेंस को भेदने के बाद गोल करने से चूक गए। मार्कस रैशफोर्ड के अच्छे काम के बाद फेरान टोरेस ने आखिर में तीसरा गोल करके बार्सा की जीत पक्की कर दी। रियाल मैड्रिड बुधवार रात चोटों से जूझ रही एथलेटिक बिलबाओ का दौरा करेगा। कोपा डेल रे के दूसरे राउंड में, डेपोर्टिवो अलावेस ने पांचवीं टियर की पुर्तगाल टीम को 3-0 से हराकर आखिरी 32 में जगह बनाई। मैलोर्का ने चौथी टियर की नुमांसिया को 3-2 से हराया, जिसमें एबडन प्रैट्स ने दो गोल किए। नुमांसिया के दूसरे गोल के बाद टॉप-फ़्लाइट टीम को आखिरी 15 मिनट में टेंशन का सामना करना पड़ा। राउल गार्सिया ने दो गोल किए जिससे ओसासुना ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एब्रो में 5-3 से जीत हासिल की, जिसमें मोई गोमेज, शेराल्डो बेकर और विक्टर मुनोज ने भी स्कोर किया, जिससे ओसासुना की घर से बाहर की परेशानियां फिर से सामने आईं।

# नवनीत और जर्मनप्रीत करेंगे एसजी पाइपर्स की अगुवाई

## उप-कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के की विलॉट और कैटलिन नोब्स को जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 3 दिसंबर** हॉकी इंडिया लीग के सीजन-2 से पहले एसजी पाइपर्स ने अपने कप्तानों के नाम घोषित कर दिए हैं। पुरुष टीम की बागडोर भारत के डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह को मिली है, जबकि महिला टीम में पिछले सीजन की तरह स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर ही कमान संभालेंगी।

दोनों टीमों में विदेशी खिलाड़ियों को उप-कप्तानी देकर नेतृत्व की संरचना मजबूत की गई है। टीम ने इस बार अनुभव, स्थिरता और पिछले सीजन के प्रदर्शन को देखते हुए कप्तानी उन्हीं खिलाड़ियों को दी है जिन्होंने अहम मौकों पर टीम को संभाला। पुरुष टीम में जर्मनप्रीत सिंह और महिला टीम में नवनीत कौर को बरकरार रखते हुए टीम ने साफ कर दिया है कि इस बार नेतृत्व में बदलाव का जोखिम नहीं उठाया जाएगा।




> **जर्मनप्रीत ने कप्तानी पर कहा—**
> 'मैं मैनेजमेंट और कोचिंग स्टाफ का शुक्रिया अदा करता हूं। हमारी टीम में इस बार सीनियर और जूनियर का अच्छा कॉम्बिनेशन है। लक्ष्य बिल्कुल साफ है—खिताब जीतना।'
>
> **नवनीत कौर ने कहा—**
> 'एक बार फिर मुझ पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद। पिछले सीजन की कमियों को ध्यान में रखकर हमने नीलामी रणनीति तैयार की थी। इस बार तैयारी बेहतर है और मुझे पूरी उम्मीद है कि इसका असर प्रदर्शन में दिखेगा।'

**आईपीएल नीलामी** ▸ केकेआर और सीएसके के पास सबसे ज़्यादा पैसे हैं, दोनों से इस ऑलराउंडर के लिए ज़ोरदार बोली लगाने की उम्मीद है

# ग्रीन सबसे बड़ी खरीद हो सकते हैं, लेकिन 18 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर सकते

**नयी दिल्ली, 03 दिसंबर** पहले भी आईपीएल मिनी ऑक्शन में विदेशी खिलाड़ियों को रिकॉर्ड पैसे मिले हैं, और कैमरून ग्रीन 16 दिसंबर को इस ट्रेंड को आगे बढ़ा सकते हैं। ग्रीन के आने वाले आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), जिनके पास सबसे ज़्यादा पैसे हैं (क्रमश: 64.3 करोड़ और 43.4 करोड़ रुपये), दोनों से इस ऑलराउंडर के लिए ज़ोरदार बोली लगाने की उम्मीद है।

2023 में, मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, इसके कुछ ही मिनट पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने पैट कमिंस को 20.5 करोड़ में खरीदा, जिससे वह आईपीएल ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इन खिलाड़ियों ने 18.5 करोड़ रुपये को पीछे छोड़ दिया, पंजाब किंग्स ने 2023 में पिछले मिनी ऑक्शन में सैम करन के लिए बोली लगाई थी।

2023 के ऑक्शन में, ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें ङ्कह्र17.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुम्बई ने एक साल बाद ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को उसी कीमत पर ट्रेड कर दिया। अपने अब तक के दो आईपीएल सीजन, 2023 और 2024 में, ग्रीन ने 29 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 153.70 के स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने लेटेस्ट ऑक्शन के लिए खुद को 2 करोड़ रुपये के मैक्सिमम बेस प्राइस पर लिस्ट किया है। हालांकि वह फिर से करोड़पति बन सकते हैं, लेकिन यह 20 करोड़ रुपये से ज़्यादा नहीं होगा, क्योंकि मैक्सिमम फीस 18 करोड़ रुपये से ज़्यादा नहीं हो सकती। यह तब भी लागू होगा जब बोली उस नंबर से ज़्यादा हो।



> आईपीएल पिछले साल नया 'मैक्सिमम फीस' रूल लाया था ताकि फ्रेंचाइजी की इस चिंता को दूर किया जा सके कि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए खास तौर पर मिनी ऑक्शन में रजिस्टर कर रहे थे। इसलिए, आईपीएल ने मैक्सिमम-फीस रूल लागू किया, जिसके तहत विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपये से ज़्यादा पेमेंट नहीं किया जा सकता, जो 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी द्वारा खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए सबसे ऊंचा स्लैब था। अगर बोली 18 करोड़ रुपये से ज़्यादा होती है, तो आईपीएल ने कहा कि एक्स्ट्रा पैसे का इस्तेमाल बीसीसीआई प्लेयर की भलाई के लिए करेगा। पिछले साल फ्रेंचाइजी को लिखे एक नोट में, आईपीएल ने कहा था: 'छोटे ऑक्शन में किसी भी विदेशी प्लेयर की ऑक्शन फीस सबसे ज़्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) और बड़े ऑक्शन में सबसे ज़्यादा ऑक्शन प्राइस से कम होगी। अगर बड़े ऑक्शन में सबसे ज़्यादा ऑक्शन प्राइस 20 करोड़ है, तो 18 करोड़ की लिमिट होगी। अगर बड़े ऑक्शन में सबसे ज़्यादा ऑक्शन प्राइस 16 करोड़ है, तो लिमिट 16 करोड़ होगी।' आगे का नियम यह है कि प्लेयर के बिकने तक ऑक्शन नॉर्मल तरीके से जारी रहेगा,

# डिजिटल टैक्स चुनौती पर देशों को चेतावनी

**सीतारमण बोलीं–टैक्स पारदर्शिता अब अनिवार्य**

**साइबर जोखिमों पर अब वैश्विक एकजुटता ज़रूरी**

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. डिजिटल अर्थव्यवस्था जिस तेजी से दुनिया को बदल रही है, उसी रफ्तार से टैक्स सिस्टम पर नए दबाव भी बढ़ रहे हैं. नई तकनीकें, वैश्विक वित्तीय उत्पाद और सीमा रहित ऑनलाइन लेनदेन—ये सभी देशों के लिए ऐसी चुनौती बन गए हैं जिन्हें अकेले सुलझाना अब संभव नहीं.**

इसी कड़ी में नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल फोरम ऑन ट्रांसपेरेंसी एंड एक्सचेंज ऑफ इन्फॉर्मेशन फॉर टैक्स पर्पजेज की 18वीं बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक समुदाय को एक स्पष्ट संदेश दिया—डिजिटलाइजेशन, साइबर सुरक्षा और प्राइवेसी की चुनौतियां सामूहिक प्रयास से ही हल होंगी. सीतारमण ने कहा कि टैक्स पारदर्शिता उभरती अर्थ व्यवस्थाओं के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह है, क्योंकि स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक कल्याण योजनाओं की नींव घरेलू संसाधनों पर ही टिकी होती है.

अगर राष्ट्रीय संपत्ति टैक्स नेट में नहीं आएगी, तो न सिर्फ राजस्व घटेगा बल्कि विकास की रफ्तार भी रुकेगी. उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत अंतरराष्ट्रीय टैक्स सूचना आदान-प्रदान मानकों का पालन करने में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है और आधुनिक तकनीक व एआई के माध्यम से टैक्स प्रशासन को लगातार मजबूत किया जा रहा है. ग्लोबलाइजेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के तेज दौर में टैक्स प्रशासन की भूमिका पहले से कहीं अधिक जटिल हो गई है.

चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बैठक के उद्घाटन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट कहा कि दुनिया आज ऐसे बिंदु पर खड़ी है, जहां सीमा-पार वित्तीय गतिविधियाँ, डिजिटल पेमेंट्स और वर्चुअल निवेश पैटर्न पारंपरिक टैक्स ढांचे को चुनौती दे रहे हैं.



सीतारमण ने कहा कि टैक्स चोरी सिर्फ राजस्व की हानि नहीं, बल्कि विकास के अवसरों का भी नुकसान करती है. उभरती अर्थव्यवस्थाओं में यह असर और अधिक दिखाई देता है, जहाँ बुनियादी सेवाओं की आपूर्ति सीधे घरेलू संसाधनों पर निर्भर करती है. उन्होंने बताया कि भारत ने पिछले वर्षों में टैक्स कंप्लायंस में उल्लेखनीय सुधार देखा है, जिसका श्रेय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, सरलता और सबसे बढ़कर—सरकार और करदाताओं के बीच बढ़ते भरोसे को जाता है. उन्होंने जोर दिया, जब नागरिकों को भरोसा होता है कि उन्हें ईमानदारी का लाभ मिलेगा और टैक्स चोरी पर सख्त कार्रवाई होगी, तो वे स्वेच्छा से कंप्लायंस बढ़ाते हैं.

## रुपया 90 .30 प्रति डॉलर के नये निचले स्तर पर

**मुंबई, 03 दिसंबर.** रुपये में बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर के नये निचले स्तर तक गिर गया. भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 43.50 पैसे गिरकर 89.9650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. रुपया आज 89.96 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और 89.93 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ. दोपहर के समय यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था. शाम 4.30 बजे भारतीय मुद्रा 22.75 पैसे नीचे 90.1925 प्रति डॉलर पर थी. बाजार में अभी कारोबार जारी है. विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकालने से रुपये पर दबाव रहा. इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपया कमजोर हुआ.

# ईसीओआर माल ढुलाई में अग्रणी

## ट्रैफिक हैंडलिंग में 209 लाख टन का शानदार आंकड़ा हासिल किया



**भुवनेश्वर, 03 दिसंबर. पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) के खुर्दा रोड डिवीजन ने एक बार फिर अपनी अब तक की सबसे अच्छी लोडिंग क्षमता हासिल करते हुए रेलवे में माल ढुलाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डिवीजन के तौर पर जगह बनायी है. यह डिवीजन लगातार रिकॉर्ड तोड़ नतीजे दे रही है, जो देश के माल ढुलाई और आर्थिक विकास में इसकी अहम भूमिका को दिखाता है.**

ईसीओआर के अधिकारियों ने कहा कि खुर्दा रोड डिवीजन कुल ट्रैफिक हैंडलिंग में देश में सबसे आगे है. नवंबर 2025 तक इसने 209 लाख टन का शानदार आंकड़ा हासिल किया है, जिसमें 115 लाख टन लोडिंग और 94 लाख टन उतराव शामिल है.बिलासपुर डिवीजन 169.6 लाख टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद धनबाद डिवीजन (152.8 लाख टन) और चक्रधरपुर डिवीजन (145.8 लाख टन) रहे.

डिवीजन ने सिर्फ 235 दिनों में (21.11.2025 तक) 200 लाख टन सामान को प्रबंधित कर एक नया नेशनल बेंचमार्क बनाया है. यह भारतीय रेलवे में अब तक की सबसे तेज कामयाबी है, जिसने 2024-25 में 250 दिनों के अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है.

# रुपये में गिरावट से कारोबार में लुढ़के शेयर बाजार

**12 .37** अंक पर गिरा सेंसेक्स

**27 .30** अंक पर लुढ़का निफ्टी



**मुंबई, 03 दिसंबर. रुपये में ऐतिहासिक गिरावट से बुधवार को शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही. सेंसेक्स 12.37 अंक की बढ़त में 85,150.64 अंक पर खुलने के बाद लाल निशान में चला गया.**

खबर लिखे जाते समय यह 248.67 अंक (0.29 प्रतिशत) नीचे 84,889.60 अंक पर था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 27.30 अंक गिरकर 26,004.90 अंक पर खुला. खबर लिखे जाते समय यह 90.50 अंक यानी 0.35 प्रतिशत लुढ़ककर 25,941.70 अंक पर था. रुपये में ऐतिहासिक गिरावट से शेयर बाजार पर दबाव है. भारतीय मुद्रा आज सुबह 90.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक टूट गयी और फिलहाल 90.0950 रुपये प्रति डॉलर पर है. शेयर बजारों में आईटी को छोड़कर सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही.

# कोकिलाबेन हॉस्पिटल ने हासिल की वैश्विक उपलब्धि

**मुंबई, 03 नवबंर. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हासिल की महत्वपूर्ण वैश्विक उपलब्धि; गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारी का नया मानक स्थापित किया-यह अस्पताल हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी के लिए ज्वाइंट कमीशन इंटरनेशनल द्वारा विशेष मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है.**

इस सर्टिफिकेशन ने यह स्थापित कर दिया है कि मुंबई का यह अस्पताल न केवल सामान्य संचालन में मजबूत और लचीला है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित जोखिमों के प्रबंधन के लिए भी विश्व स्तर के मानकों का पालन करता है, जिससे वह इस क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान बन गया है.



कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक, डॉ. संतोष शेट्टी ने वित्तीय और रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला, यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है कि स्थिरता बेहतर क्लिनिकल परिणामों और मजबूत संचालन प्रदर्शन दोनों को संभव बनाती है. हमारा 2030 सस्टेनेबिलिटी रोडमैप (कार्ययोजना) ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, कम उत्सर्जन के लिए काम आने वाली सामग्रियों और जलवायु-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है. ये निवेश लंबी अवधि के लागत दबावों को कम करने, मरीज की सुरक्षा में सुधार करने और बढ़ते जलवायु अस्थिरता का सामना कर रहे शहर में व्यावसायिक निरंतरता को मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं.

मुंबई, नवंबर 2025= कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने घोषणा की है कि उनके मुंबई के अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल ने इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के साथ साझेदारी में हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम के लिए सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन से सम्मानित किया है. यह प्रतिष्ठित और मूल्यवान सम्मान प्राप्त करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इस कठोर वैश्विक मानक को पूरा करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है. यह उपलब्धि अस्पताल की स्थिरता पहलों और पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है.



# पीएचडी की स्वर्ण कंसन्ट्रेट पर आयात शुल्क की सिफारिश

**नई दिल्ली, 3 दिसंबर. पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योगमंडल (पीएचडीसीसीआई) ने स्वर्ण अयस्क कंसन्ट्रेट (एचएसएन 26169010) पर आयात शुल्क शून्य किये जाने और घरेलू सोना प्रसंस्करण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू करने की सिफारिश की है.**

पीएचडीसीसीआई ने बुधवार को कहा कि स्वर्ण परिशोधन क्षेत्र की पीएलआई योजना से देश में सोने की उत्पादन क्षमता का विस्तार, तकनीकी उन्नयन और इस क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी. पीएचडी की यह सिफारिश ऐसे परिप्रेक्ष्य में है जबकि भारत का सोना उद्योग खपत के मामले में वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है. भारत में सोने की अधिकांश मांग आयात के माध्यम से पूरी होती है. पीएचडीसीसीआई ने वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की 2024 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि देश में 2024 में सोने की मांग में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई. इसका एक कारण आयात शुल्क में कमी भी थी.

पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने एक बयान में कहा कि भारत में 2025 के लिए सोने की मांग की संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं और अगले तीन वर्षों के दौरान देश की सोने के की मांग 700 से 800 टन वार्षिक के बीच रहने की उम्मीद है.

श्री जुनेजा ने कहा कि देश में स्वर्ण-अयस्क परिशेधन उद्योग को बढ़ावा देना, भारत की रणनीतिक खनिज सुरक्षा को मजबूत करना और क्षेत्र की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है. श्री जुनेजा ने यह भी कहा कि इस समय देश में जहां तांबे के अयस्क कंसन्ट्रेट के आयात पर शुल्क शून्य है और इसके उप-उत्पाद के रूप में सालाना लगभग 12 टन सोने की प्राप्ति होती है.

### शुल्क को व्यावाहरिक बनाये जाने की सिफारिश की

श्री जुनेजा ने यह भी कहा कि इस समय देश में जहां तांबे के अयस्क कंसन्ट्रेट के आयात पर शुल्क शून्य है और इसके उप-उत्पाद के रूप में सालाना लगभग 12 टन सोने की प्राप्ति होती है, वहीं सोने के अयस्क कंसन्ट्रेट पर शुल्क अब भी 2 .5 प्रतिशत की दर के साथ ऊंचा रखा गया है. उन्होंने कहा, देश में स्वर्ण परिशोधन उद्योग के प्रोत्साहन के लिए इस पर शुल्क को व्यावाहरिक बनाये जाने की सिफारिश की है. उनकी राय में सोने पर आयात शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 2014-25 के बजट में 6 प्रतिशत करने से सोने का सीधे आयात घरेलू रिफाइनिंग की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक हो गए हैं.

# एनबीसीसी और जीडीए के बीच समझौता

## 2300 आवासीय इकाइयाँ एवं 64 दुकानों का होगा पुनर्विकास

**नई दिल्ली,03 दिसंबर. एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने तुलसी निकेतन स्कीम एरिया के 642.82 करोड़ रुपये के पुनर्विकास हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।**

इस समझौता ज्ञापन पर राजेश कुमार सिंह, आईएएस, सचिव, जीडीए और प्रदीप शर्मा, कार्यपालक निदेशक (इंजी.) एवं आरबीजी-प्रमुख, व्यापार प्रसार प्रभाग, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। यह गाजियाबाद में आधुनिक, संधारणीय शहरी रूपांतरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



78,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में विस्तारित तुलसी निकेतन स्कीम एरिया जिसमें लगभग 2300 आवासीय इकाइयाँ एवं 64 दुकानें हैं, का स्व-संधारणीय मॉडल के आधार पर पूरी तरह से पुनर्विकास किया जाएगा। इस क्षेत्र के कुछ भाग का व्यावसायिक रूप से उपयोग करके इस पुनर्विकास को वित्तपोषित करने का प्रस्ताव है।

# देश का जिओ-स्टेशनरी बाजार 2030 तक 1 .06 करोड़ : कांत

**नयी दिल्ली, 03 दिसंबर. नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि देश का जिओ-स्टेशनरी बाजार साल 2030 तक दोगुना होकर 1.06 लाख करोड़ रुपये का हो जायेगा. वर्तमान में इसका आकार लगभग 50,000 करोड़ रुपये का है.**

कांत ने यहां भारत मंडपम में आयोजित जियोस्मार्ट वर्ल्ड सम्मेलन एवं प्रदर्शनी, 2025 के दूसरे दिन अपने संबोधन में देश के जिओ-स्टेशनरी एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में हुए तीव्र तथा परिवर्तनकारी बदलावों को रेखांकित किया.

उन्होंने कहा कि भारत की यह यात्रा तेजी से विकसित हुई है और इसने देश के विकास, संसाधन प्रबंधन और नीति-निर्माण के तरीकों को नये सिरे से परिभाषित किया है. उन्होंने कहा कि देश का जिओ स्टेशनरी बाजार साल 2030 तक दोगुना होकर 1.06 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है.

## समाचार विशेष

## ओडिशा की राजनीति में भूचाल

**भुवनेश्वर.** 2024 की दोहरी चुनावी हार के बाद बीजेडी लगातार टूट रही है. देवाशीष सामंतराय समेत कई नेता पार्टी नेतृत्व से नाराज हैं और पद ठुकरा रहे हैं. वीके पांडियन पर भी आरोप लग रहे हैं. कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं और माना जा रहा है कि सामंतराय भी जल्द बीजेपी ज्वाइन कर सकते हैं. 2024 में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव हारने का ये अंजाम होगा. ये नवीन पटनायक ने कभी सोचा नहीं होगा. पिता बीजू पटनायक की राजनीतिक विरासत लेकर राजनीति करने वाले नवीन पटनायक करीब 25 साल में कभी कोई चुनाव नहीं हारे.

# पटेल के बेटे की ललकार से कांग्रेस में हड़कंप

## दिल्ली से गुजरात तक कांग्रेस नेतृत्व की चिंताएं बढ़ीं



**अहमदाबाद. कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले दिवंगत नेता अहमद पटेल के परिवार में सियासी घमासान छिड़ गया है. उनके बेटे फैसल पटेल ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा बम फोड़ा है, जिससे पूरी पार्टी में खलबली मच गई है. फैसल ने सार्वजनिक रूप से ऐलान किया कि वह कांग्रेस को तोड़कर एक अलग गुट बनाने की योजना बना रहे हैं.**

इस सियासी ड्रामे में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब उन्होंने दावा किया कि उनकी बहन मुमताज भी उनके साथ आ सकती हैं, जिसने राजनीतिक पंडितों को भी चौंका दिया है. फैसल पटेल का यह बयान ऐसे बेहद नाजुक समय में आया है जब कांग्रेस पार्टी पहले से ही कर्नाटक में चल रही आंतरिक कलह और बिहार में मिली करारी चुनावी हार के जख्मों से जूझ रही है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उनके पोस्ट के स्क्रीनशॉट में फैसल ने साफ लिखा कि वह 'कांग्रेस (AP)' नाम से एक नया ग्रुप बनाना चाहते हैं. अहमद पटेल ताउम्र गांधी परिवार के वफादार और पार्टी के संकटमोचक रहे, ऐसे में उनके ही बेटे द्वारा पार्टी तोड़ने की बात करना सियासी गलियारों में तूफान ला रहा है. बता दें बिहार में कांग्रेस की मिली करारी हार के बाद से कांग्रेसे पर तमाम तरह के सवालिया निशान खड़े किए जा रहे है और इसके साथ ही पीएम मोदी ने बिहार में मिली हृष्ठ को प्रचंड जीत के बाद से पार्टी कार्यालय से कांग्रेस में एक और कांग्रेस बनने और तमाम तरह की गुटबाजियों की बात की थी जो कि अब पीएम की यह भविष्यवाणी सच साबित होती दिख रही है.

फैसल ने जैसे ही अपनी बहन मुमताज पटेल को इस नए ग्रुप में शामिल करने का जिक्र किया, मुमताज ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया और भाई के दावों की हवा निकाल दी. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आकर तुरंत सफाई दी और कहा कि उनका किसी भी नई राजनीतिक पार्टी या ग्रुप में शामिल होने का रत्ती भर भी इरादा नहीं है.

### विरासत पर छिड़ी नई सियासी जंग

अहमद पटेल का परिवार दशकों से कांग्रेस की मजबूती का प्रतीक रहा है. पिता के निधन के बाद फैसल और मुमताज दोनों ही पार्टी गतिविधियों से जुड़े रहे, लेकिन फैसल के हालिया पोस्ट ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अब परिवार के भीतर ही पार्टी को लेकर गंभीर मतभेद पैदा हो गए हैं. मुमताज ने भले ही भाई के बयान से पल्ला झाड़ लिया हो, लेकिन फैसल के 'कांग्रेस (क्क)' बनाने के विचार ने दिल्ली से लेकर गुजरात तक कांग्रेस नेतृत्व की चिंताएं बढ़ा दी हैं. अब देखना होगा कि पार्टी इस आंतरिक चुनौती से कैसे निपटती है.

## सरकार ने प्री-इंस्टॉल करने की अनिवार्यता हटायी

**नयी दिल्ली.** सरकार ने देश में बनने वाले या आयात होने वाले हर स्मार्टफोन पर संचार साथी ऐप इंस्टॉल होने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है. संचार मंत्रालय ने में कहा कि इस ऐप को लोग खुद ही बड़ी संख्या में डाउनलोड कर रहे हैं. ऐसे में इसकी स्वीकार्यता को देखते हुए मोबाइल विनिर्माताओं के लिए इसे पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य न करने का फैसला लिया गया है.


## नाम परिवर्तन

**मैं** राकेश श्री नारायण भटनागर पुत्र श्री नारायण भैरोप्रसाद भटनागर, डी-302 विराश हाईट्स, भोपाल का निवासी हूं. मेरा पासपोर्ट में नाम राकेश नारायण भटनागर अंकित है. अन्य सभी दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में राकेश श्री नारायण भटनागर अंकित है. मुझे राकेश श्री नारायण भटनागर के नाम से जाना-पहचाना जाए.


# एक नया लक्ष्य पीएम ने तय किया

**नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले कुछ समय से गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने की बात कर रहे हैं लेकिन अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के संबोधन में इसका जिक्र करना बहुत अहम है. वहां प्रधानमंत्री ने सिर्फ गुलामी की मानसिकता से मुक्त करने की बात नहीं कही, बल्कि याद दिलाया कि अंग्रेजी राज में मैकाले ने एक सिस्टम बनाया, जिसके असर में देश मानसिक रूप से गुलाम होता गया.**



उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने गुलामी के प्रतीकों, कानूनों को हटना शुरू किया है और लोगों की मानसिकता बदलने का गंभीर प्रयास किया है.

इसके साथ ही उन्होंने एक नया लक्ष्य भी तय किया. उन्होंने बताया कि 190 साल पहले यानी 1835 में मैकाले ने गुलामी की मानसिकता के बोज रोपे थे. प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल में उस 'अपवित्र घटना' के दो सौ साल पूरे हो रहे हैं.

उससे पहले भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करना है. उन्होंने पहले से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है और अब उसी में 2035 तक भारत को मैकाले मॉडल से हटा कर गुलामी की मानसिकता मिटाने का लक्ष्य भी तय किया है. वैसे भी लक्ष्य तय करने में क्या दिक्कत है!

# जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव का बजा बिगुल

## तारीखों की घोषणा, बैलेट पेपर से मतदान

**चंडीगढ़. पंजाब में एक बार फिर से चुनाव का बिगुल बज गया है. राज्य में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव की घोषणा हो गई है. 14 दिसंबर को जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव के लिए मतदान होगा और 17 को मतगणना होगी.**

स्टेट इलेक्शन कमिश्नर राज कमल चौधरी ने शुक्रवार दोपहर बाद चुनावों की घोषणा की है. 4 दिसंबर तक नामांकन होंगे. खास बात यह है कि बैलेट पेपर का ही इस्तेमाल होगा. वहीं चुनाव में 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व होंगी. 5 दिसंबर को सभी नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी. 6 दिसंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे. 6 दिसंबर को ही चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे. चुनावों के लिए सूबे में 1 करोड़ 36 लाख 4650 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे. मतदान वाले दिन सुबह 8=00 बजे शुरू शाम 4=00 तक वोटिंग होगी. इसके अवाला नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी. 3528 संवेदनशील और 915 अति संवेदनशील क्षेत्र घोषित किए गए हैं. 96000 कर्मचारियों और 50,000 पुलिस जवानों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया जाएगा. 21 साल से कम उम्र के लोग चुनाव नहीं लड़ सकेंगे.




खास बात यह है कि चुनाव ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर से होंगे. पंचायत समिति के लिए सफेद रंग का और जिला परिषद के लिए पीले रंग का बैलेट पेपर होगा. जिला परिषद का प्रत्याशी 255000 और पंचायत समिति का प्रत्याशी 110000 चुनावी खर्च कर सकेगा. पंजाब के ग्रामीण क्षेत्र के लिए तत्काल प्रभाव से आचार संहिता लागू हो गई है.


## सार्वजनिक सूचना

मूल

प्रपत्र 4-ए | न्यायालय कक्ष संख्या 2

**डिंडोशी नगर दीवानी न्यायालय में**

**संक्षिप्त वाद संख्या 2018 का 41**

**(सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश XXXVII, नियम 2 के अंतर्गत)**

ARAMEX इंडिया प्राइवेट लिमिटेड )
जिसका पंजीकृत कार्यालय 821 सॉलिटेयर कॉर्पोरेट पार्क, अंधेरी घाटकोपर )
लिंक रोड, चकला, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400 093) पर है )....वादी

बनाम

श्री संजीव कुशवाह, )
स्वामी आयुषी एंटरप्राइजेज )
जय स्तंभ चौराहा, प्रथम तल, गुना, मध्य प्रदेश 473001 )...प्रतिवादी

**प्रति,**
**श्री संजीव कुशवाह**
**स्वामी आयुषी एंटरप्राइजेज**
उपर्युक्त प्रतिवादी

कृपया ध्यान दें कि यह वाद माननीय न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा. श्री डी.जी. ढोलबले से निम्नलिखित राहत के लिए 09 दिसंबर 2025 को प्रात: 11.00 बजे या उसके बाद किसी भी समय न्यायालय कक्ष संख्या 2 में अनुरोध किया जाता है :-

ए. यह माननीय न्यायालय प्रतिवादी को प्रदर्श-I के दावे के विवरण के अनुसार वादी को रुपए 2,18,402/- (रुपए दो लाख अट्ठारह हजार चार सौ दो मात्र) की राशि, 18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज सहित, डिक्री और/या भुगतान या वसूली और लागतों के भुगतान का आदेश देने की कृपा करता है;

**दिनांक : 25 नवंबर 2025**

सीलर

**रजिस्टर हेतु, सिटी सिविल कोर्ट डिंडोशी**
**मेसर्स हलाई एंड कंपनी,**
**वादी के वकील,**
**186/187, प्रथम तल, अशोका शॉपिंग सेंटर, एल.टी. मार्ग, जी.टी. अस्पताल के बगल में, मुंबई-400001.**
**मोबाइल नंबर : 9820952356**
**ई-मेल पता: halai_co@yahoo.com**


फोटो-

# भ्रष्टाचार एवं अनियमितता का मुद्दा गूंजा

## सांसद ने कहा – उच्च स्तरीय जांच कर हो कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 दिसम्बर. रेलवे स्टेशन बरगवां एवं ब्यौहारी में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य को लेकर सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने लोकसभा सदन में शून्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार एवं अनियमितता का मुद्दा उठाकर हड़कंप मचा दिया है.**



सांसद के इस सवाल से रेलवे अमला एवं संविदाकार सवालों के कटघर्रे में घिर गया है. लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सीधी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चयनित शहडोल जिले के ब्यौहारी व सिंगरौली जिले के बरगवां रेलवे स्टेशन के लिए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और भारत सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निर्माण एजेंसी द्वारा कराए जा रहे गुणवत्ता विहीन कार्यों की जाँच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की.

> लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद ने कहा कि ईरिकॉन लिमिटेड कंपनी द्वारा क्षेत्र के अमृत स्टेशन में निर्माण कार्य अत्यंत घटिया क्वालिटी का कराया जा रहा है, जिसके कारण दिवाले चटक गई है. फर्स्ट क्रेक हो गए हैं. छते टपक रही हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण हैं. उच्च स्तरीय जांच करा कर ठेकेदार एवं कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए दंडित किया जाए. सांसद ने कहा कि रेलवे उच्च गुणवत्ता और आदर्श मापदंड के लिए जानी जाती है. इसलिए रेलवे की शाख पर बट्टा लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए.



# 1554 जवान हुए भारतीय सेना को समर्पित

**जबलपुर. मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अंतर्गत जबलपुर मिलिट्री स्टेशन में 3 दिसम्बर 2025 को जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर और 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर के अग्निवीरों की छठे बैच की पासिंग आउट परेड भव्यता के साथ आयोजित की गई.**

दोनों केंद्रों से कुल 1113 अग्निवीर और 441 टेरिटोरियल आर्मी सैनिक भारतीय सेना को समर्पित हुए. पूरे समारोह में सैन्य अनुशासन, जोश और गौरव की झलक देखने को मिली. जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में परेड की समीक्षा कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश शर्मा ने की.



# दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना से 170 विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप

**रीवा, 3 दिसम्बर, विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मानस भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग ने मुख्यमंत्री दिव्यांग विद्यार्थी शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 170 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क लैपटाप वितरित किए.**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की मंशा के अनुसार दिव्यांगों को पूरी सहायता दी जा रही है. दिव्यांग विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. आज मिले लैपटाप दिव्यांग विद्यार्थियों का कॅरियर बनाने में उपयोगी होंगे. सरकार की ओर से दिव्यांगों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों से उनके जीवन को नई दिशा मिलेगी.

समारोह में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि यहाँ बैठे दिव्यांग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया है. आप सबमें ईश्वर ने कुछ विशेष गुण दिए हैं. अपनी प्रतिभा और मेहनत से कल आप सबमें से ही कोई प्रशासनिक अधिकारी, नामचीन गायक और सफल खिलाड़ी बनेगा.

> दिव्यांग विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का पूरा अवसर दिया जाएगा. लैपटाप आपकी पढ़ाई और कॅरियर बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा. समारोह में पूर्व महापौर तथा जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए अनेक प्रयास किए हैं. समारोह में शासकीय नेत्रहीन विद्यालय, आईटीआई, मूकबधिर विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों को निःशुल्क लैपटाप का वितरण किया गया.

## एक नजर में

### आरपीएफ जवान ने प्रधान आरक्षक को मारी गोली

**रीवा.** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ रेलवे स्टेशन में आरपीएफ पोस्ट के भीतर ड्यूटी के दौरान प्रधान आरक्षक ने अपने ही साथी प्रधान आरक्षक को गोली मार दी. गोली लगने से प्रधान आरक्षक पी.के मिश्रा की मौके पर मौत हो गई. गोली चलाने वाला एस लादेर है जो कि जांचगीर चांपा का रहने वाला है. वही मृतक पी.के मिश्रा मध्य प्रदेश के रीवा जिले के रहने वाले है. घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे है. वही आरपीएफ पोस्ट को सील कर दिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरपीएफ पोस्ट में गोली चलने के बाद अफरा-तफरी मच गई. बताया गया है कि दोनो बैच मेट थे और आपस में मित्र भी थे.

### किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो

**जबलपुर.** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने पाटन विकासखंड के श्री वेयरहाउस सोनतलाई पहुंचकर धान उपार्जन कार्यों का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सभी व्यवस्थाएं शासन निर्देशानुसार सुनिश्चित की जाएं. सोनतलाई में संभागायुक्त ने पराली प्रबंधन कार्यों का अवलोकन किया और किसानों तथा पराली संग्रहण एजेंसी से चर्चा की. उन्होंने पराली निस्तारण में उपयोग हो रहे बेलर, हैप्पी सीडर और सुपर सीडर यंत्रों का निरीक्षण भी किया.

## दाल बाजार में 3 पिसाई केंद्रों पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

**ग्वालियर.** दाल बाजार में स्थित 3 मसाला पिसाई केंद्रों की संभागीय उडनदस्ते ने जांच की. जांच के दौरान मिलावट पाए जाने पर टीम ने लगभग 1 लाख 75 हजार रूपये के मसाले जब्त कर उन्हें जांच के लिए भेज दिया है. टीम को एक पिसाई केंद्र पर खाद्य पदार्थों में मिलावट पाई गई, जबकि दूसरी पिसाई केंद्र पर टीम को मसालों में भी कैमिकल का उपयोग पाया गया. संभागीय उडनदस्ते ने मनीष गोयल के बालाजी पिसाई केंद्र मंडी कमेटी वाली गली दालबाजार में टीम ने जांच की. जांच में हल्दी धनिया पाउडर के नमूने लिए गए. इसके बाद टीम ने दयाराम साहू, के जय बालाजी पिसाई केंद्र जगदीश मंदिर वाली गली दाल बाजार में जांच की.

# तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप

## जमीन विवाद में निष्पक्ष जांच की मांग

**जबलपुर. रांझी के नायब तहसीलदार भीमसेन पटैल पर जमीन बंटवारे के मामले में अनियमितता, धन की मांग और बिल्डर से मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए मूलनिवासी जनजागृति संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.**



ज्ञापन के अनुसार कटियाघाट निवासी स्व. अच्छेलाल झारिया ने अपनी मेहनत से अर्जित लगभग 3 एकड़ 65 डिस्मिल भूमि अपने दोनों पुत्रों छिदामी लाल और संतोष झारिया के नाम ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत स्टाम्प पर लिखित वसीयत के माध्यम से कर दी थी. कुछ वर्षों बाद उनके निधन पर छिदामी लाल झारिया ने वसीयत के आधार पर नामांतरण का आवेदन रांझी तहसील में प्रस्तुत किया. संघ का आरोप है कि इसी दौरान बिल्डर अमित अग्रवाल ने झारिया परिवार की बहनों से संपर्क कर उन्हें जमीन के बराबर हिस्से का लालच दिया और बाद में उनके हिस्से की जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी कर लिया.

> इसके चलते वसीयत आधारित बंटवारे पर विवाद खड़ा हो गया. संघ ने दावा किया कि नायब तहसीलदार ने आवेदक को बुलाकर धन की मांग की और कथित रूप से धमकी दी कि यदि पैसा नहीं दिया गया तो वसीयत को शून्य घोषित कर चारों भाई-बहनों के नाम बराबर हिस्सेदारी कर दी जाएगी. संघ का कहना है कि करोड़ों रुपये मूल्य की इस जमीन को बिल्डर कम कीमत पर हथियाना चाहता है, जिसमें राजस्व अधिकारी के सहयोग का संदेह गहरा रहा है.

# भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है

## अनुपूरक बजट में सड़क के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 दिसंबर. प्रदेश एवं केन्द्र सरकार जो वायदे करती है, उसे हर हाल में पूरा करती है. इसीलिए भाजपा विश्व की नम्बर 1 पार्टी बनी है. विधानसभा के अनुपूरक बजट में कई विकास कार्यों को हरी झण्डी मिली है.**

उक्त बातें देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने मीडिया कर्मियों से फोन पर चर्चा करते हुये कही. उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट में क्षेत्र के महत्वपूर्ण सड़को को शामिल कर राशि की मंजूरी दी गई है. सरई प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मांग पत्र सौपा गया था. जहां



मुख्यमंत्री ने मंच से ही सौपे गये मांग पत्र में शामिल बिन्दुओं का ऐलान कर दिये थे. उन्होंने आगे बताया कि अनुपूरक बजट में जिले भर के कार्यो को मंजूरी मिली है. जिसमें परसौना से माड़ा मार्ग फोरलेन निर्माण लम्बाई 24.61 किमी., परसौना से बरगवां मार्ग फोरलेन निर्माण लम्बाई 27.28 किमी. शामिल हैं.

### ये बनेंगी सड़कें

चितरंगी से गढ़वा लम्बाई 13.00 किमी., कोल्हुआ से खनुआ वाया गजरा बहरा लम्बाई 21.93 किमी, हरफरी, धानी, खैरा व मिसिरगवां मार्ग लम्बाई 15.00 किमी., रैला-कनपुरा वाया वेतरिया पहुंच मार्ग लम्बाई 13.80 किमी. पुरैल-छांदा से देवरा रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग लम्बाई 6.00 किमी., रामाधार बैस के घर से सिपाही बहरा (म्यार नदी) पहुंच मार्ग लम्बाई 3.54 किमी है.

## सरई कॉलेज में छात्राओं के नाम पर लाखों का गबन

**सिंगरौली.** जिले के शासकीय महाविद्यालय सरई गंभीर आरोपों के घेरे में आ गया है. इस बार मामला किसी छोटी प्रशासनिक चूक का नहीं, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजना में खुली सेंधमारी का है, जिसमें कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से शासन को करीब 5 लाख रुपये से अधिक का सीधा राजस्व नुकसान हुआ है. मामला लाडली बहना योजना से जुड़ा है, जिसके तहत शासन द्वारा पात्र छात्राओं को 5 हजार की सहायता राशि सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है. चौंकाने वाली बात यह है कि शासकीय महाविद्यालय सरई में करीब 89 छात्राओं के खातों में यह राशि एक बार नहीं, बल्कि दो-दो बार ट्रांसफर कर दी गई.



## NTPC के चेयरमैन गुरदीप सिंह ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**भोपाल.** ग्लोबल निवेश सम्मेलन में हुए अनुबंध की प्रगति से अवगत कराया और गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर में 6000 करोड़ की लागत से आ रही 660 MW की दूसरी इकाई के भूमिपूजन के लिए तैयारी से अवगत कराया. उन्होंने NTPC की ओर से परमाणु संयंत्र और सोलर प्लांट लगाने हेतु राज्य के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया.

# मंत्री ने किया प्रमुख चौराहों का निरीक्षण



**जबलपुर. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अंधमूक बायपास चौराहे सहित पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आदि शंकराचार्य चौक, रानी अवंतीबाई चौक, धनवंतरी नगर चौराहा, मेडीकल चौक एवं रामपुर चौक जैसे शहर के प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया.**

उन्होंने इन चौराहों को व्यवस्थित, सुंदर और आकर्षक स्वरूप देने के लिए संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिंह ने प्रत्येक स्थान पर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए स्थानीय समस्याओं और आवश्यकताओं को गहनता से समझा.

> लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि संस्कारधानी के मुख्य मार्ग और चौराहे केवल व्यवस्थित ही नहीं, बल्कि शहर की गरिमा और सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप आकर्षक भी होने चाहिए. उन्होंने कहा कि इन चौराहों पर जबलपुर की सांस्कृतिक विरासत स्पष्ट रूप से परिलक्षित होनी चाहिए. मंत्री राकेश सिंह ने सभी चौराहों के सुंदर एवं भव्य स्वरूप में विकास, उचित प्रकाश व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए.



## दूषित जल संकट समस्या का शीघ्र समाधान हो

**जबलपुर.** निगरी ग्राम पंचायत में पिछले दिनों दूषित जल पीने से लगभग 100 ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार हो गए थे. किसी भी प्रकार की जनहानि न हो और समस्या का शीघ्र समाधान हो सके, इसके लिए कांग्रेस नेता विवेक अवस्थी ने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत से मुलाक़ात कर तुरंत निवारण की मांग की. इस दौरान कमला प्रसाद पटेल, जिला अध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन भी उपस्थित रहे.

# न्याय के लिए दर-दर भटक रहे सीधी सांसद पुत्र

## जब सांसद पुत्र का हाल ये है, तो आम जनता की सुनवाई कैसे होगी

**सीधी.जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि जब अपनी ही सरकार में भाजपा सांसद के पुत्र को न्याय के लिए दफ्तर-दफ्तर भटकना पड़े, तो आम जनता का क्या हाल होता होगा, यह समझना मुश्किल नहीं है.**

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया व समाचार माध्यमों से यह बात सामने आई कि सीधी के भाजपा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के पुत्र डॉ. अनूप मिश्रा और बहू डॉ. बीना मिश्रा अपने काम के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर चैंबर के बाहर जनसुनवाई हेतु बैठ गए. दोनों ने स्पष्ट कहा कि जब तक हमारा काम नहीं होगा, हम यहीं बैठे रहेंगे.



जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि जानकारी के अनुसार सांसद पुत्र दंपति कलेक्टर चैंबर के बाहर वेटिंग हॉल में बनी सीमेंट की कुर्सियों पर बैठकर इंतजार करते रहे, जबकि कलेक्टर उस समय कार्यालय में मौजूद नहीं थे. जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सांसद पुत्र डॉ. अनूप मिश्रा सोशल मीडिया में कहते नजर आ रहे हैं कि कि एआरटी एवं सेरोगेसी क्लीनिक के लिए 2022 में आवेदन कर दिया गया था और 2 लाख रुपये की फीस जमा कर दी गई थी सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए थे विभागीय निरीक्षण भी हो चुका है फिर भी आज तीन साल बीत जाने पर भी अब तक पंजीयन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया.

जबकि उसी समय रीवा में किए आवेदन का निराकरण हो गया पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रक्रिया लटकाई गई, और अब जिला प्रशासन की ओर से टालमटोल की जा रही है. इसी विवशता में वे जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर से मिलने पहुंचे और अर्जी देकर काम कराने की गुहार लगाने का निर्णय लिया.

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा जब भाजपा के सांसद का पुत्र स्वयं कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रहा है और उसका काम नहीं हो रहा, तो स्पष्ट है कि भाजपा सरकार में नौकरशाही पूरी तरह निकम्मी व भ्रष्ट हो चुकी है.

**आगमन** | कांग्रेसजन ने ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर किया भव्य स्वागत

# कमलनाथ ने किसानों की स्थिति पर जताई चिंता



**छिन्दवाड़ा. मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पहुंचे.**

हवाई पट्टी में कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा के दौरान फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने और खाद के लिए किसानों के परेशान होने पर चिंता जताई. ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर उपस्थित मीडिया के साथियों ने प्रश्न किया कि मक्का उपज का लगातार दाम गिर रहा है. किसान खाद के लिए कतार में खड़ा है.

प्रत्युत्तर में नाथ ने कहा कि यह बड़े ही दुर्भाग्य का विषय है. अर्थव्यवस्था में 70 फीसदी योगदान कृषि क्षेत्र का है, बावजूद इसके सरकार इस क्षेत्र की अनदेखी कर रही. कृषि आधारित कार्यों से जुड़कर लोग रोजगार भी पाते हैं, किन्तु यह तभी संभव है जब जिले, प्रदेश व देश का किसान सक्षम होगा.

> किसान सक्षम होगा तभी गांव से लेकर शहर तक के बाजार में रौनक आएगी. नाथ ने आगे कहा कि वर्तमान में किसानों की आर्थिक स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि उनकी उपज को उचित दाम नहीं मिल रहा. कांग्रेस आगे भी किसानहित में सतत रूप से आंदोलन करती रहेगी.

## गांजा-नकदी और रिवॉल्वर के साथ धराया आरोपी

**सतना.** आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत मैहर पुलिस को उस वक्त सफलता मिली जब एक आरोपी को 3.9 किलो गांजा, 2 लाख की नकदी और 0.32 बोर की रिवाल्वर-कारतूस के साथ दबोच लिया गया. मैहर कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चंडीगंज कटरा मोहल्ला में सुनील उर्फ पटवारी चौधरी पिता परदेशी उम्र 41 वर्ष के घर में छापेमारी की. जहां से पुलिस टीम को 3 किलो 906 ग्राम गांजा, 2 लाख 3 हजार 706 रु की नकदी और 0.32 बोर की देशी रिवाल्वर व 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया.

# एमपी में कफ सिरप से मौत मामले में ईडी की कार्रवाई

- **2.04 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की**
- **श्रीसन फार्मास्युटिकल के मालिक पर कार्रवाई**

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. मध्य प्रदेश में कफ सिरप से 20 बच्चों की मौत मामले में प्रवर्तन निदेशालय के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने कहा कि उसने श्रीसन फार्मास्युटिकल के मालिक जी रंगनाथन की 2.04 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है.**

अस्थायी रूप से कुर्क की गई संपत्तियों में चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित जी. रंगनाथन और उनके परिवार के स्वामित्व वाले दो आवासीय फ्लैट शामिल हैं. ईडी की यह कार्रवाई दो प्राथमिकी दर्ज होने के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत की गई जांच के आधार पर शुरू की गई. मध्य प्रदेश पुलिस ने रंगनाथन के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज की थी. जिसके कारण 20 से अधिक बच्चों की मौत हो गई थी. प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि चेन्नई स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल मैन्यूफैक्चरर द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप में विषाक्त ग्लाइकोल यौगिक मौजूद थे, जिसके कारण बच्चों में गुर्दा फेल होने की कई घटनाएं हुईं.

# पीएचसी और सीएचसी से निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेगी सरकार

- कॉल पर बुलाने की व्यवस्था होगी
- समीक्षा के दौरान सीएम ने दिए निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 दिसंबर. चिकित्सकों की कमी से जूझ रही सरकार अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यानी सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ केंद्र यानी पीएससी में निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेगी. इतना ही नहीं सीएचसी, पीएचसी में निजी चिकित्सकों को जरुरत पड़ने पर कॉल पर बुलाने की नई व्यवस्था भी बनाई जाएगी, उन्हें इसके लिये बेहतर मानदेय भी दिया जाएगा.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान इस संबंध में निर्देश दिये. इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ऐसे अस्पताल या डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल्ड नहीं है, उन्हें भी इस योजना से जोड़ा जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए विभाग भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए. उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा ग्रहण कर रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनकी फीस सरकार द्वारा अदा की जा रही है, ऐसे बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को मध्यप्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए रोका जाए. ऐसे डॉक्टर्स को प्रदेश के जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए इन्हें भी आकर्षक मानदेय राशि दी जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में अधिक संख्या में डॉक्टर्स की आवश्यकता होगी.

बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाए. बैठक में बताया गया कि बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को शासकीय डॉक्टर्स के रूप में भर्ती करने के लिए, इनके भर्ती नियम संशोधित किए जा रहे हैं. इसके लिए जल्द ही मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में गर्भवती माताओं का बेवजह सीजेरियन आपरेशन करने की शिकायत आती रहती हैं, इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए. उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस के चालकों द्वारा ज़बरदस्ती मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाने की शिकायत भी आती हैं, इसकी सख्ती से निगरानी करें और ऐसी प्रवृत्ति को रोकें. बताया गया कि प्रदेश में देहदान करने वाले 38 मृतकों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है.



## 3 चीतों को खुले जंगल में छोड़ेंगे सीएम

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस पर गुरुवार 4 दिसम्बर को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 3 चीतों को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ेंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मप्र को चीता परियोजना की सौगात मिली थी. प्रधानमंत्री मोदी ने 17 सितम्बर, 2022 को अपने जन्म-दिवस पर कूनो पालपुर में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी. नामीबिया से 8 चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था. वर्तमान में कूनो पालपुर और गाँधी सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र में प्रोजेक्ट चीता को इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. चीतों ने भारतीय वातावरण को आश्चर्यजनक रूप से पूरी तरह अपना लिया है. पिछले 3 वर्षों में 5 मादा चीता द्वारा 6 बार शावकों को जन्म देना इस परियोजना की सफलता और लचीलापन का परिचायक है.

## संभागीय मुख्यालयों में कैथ लैब की स्थापना होगी

बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि अगले तीन सालों में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सीएम-केयर योजना के सफल क्रियान्वयन को कार्य योजना में ले लिया गया है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 की समाप्ति तक राजगढ़, मंडला, छतरपुर, उज्जैन, दमोह एवं बुधनी में निर्माणाधीन गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कर देने का लक्ष्य रखा गया है. इसके अलावा पीपीपी मोड पर तैयार किए जाने वाले सभी मेडिकल कॉलेजेस का निर्माण कार्य भी इसी अवधि के दौरान पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है. विभाग द्वारा प्रदेश के एक जिले को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य लिया गया है.

# प्रदेश में इस हफ्ते कड़ाके की ठंड, कोहरा छाया

## नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस बढ़ाएगा सर्दी

**भोपाल,03 दिसंबर.मध्य प्रदेश में सर्दी का असर धीरे-धीरे तेज होकर अब निर्णायक दौर में पहुंच रहा है. दिसंबर की शुरुआत के साथ तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और कई शहरों में रातें ठिठुरन भरी हो चुकी हैं.**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 5 दिसंबर से सक्रिय होने वाला नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस प्रदेश की ठंड को और तेज करेगा, जिससे अगले दो दिनों में कई संभागों में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होगा. प्रदेश के प्रमुख शहरों भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में रात का तापमान 9 डिग्री से नीचे पहुंच चुका है. इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री दर्ज हुआ, जो मंगलवार को प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा. राजगढ़ (8.5°C), नौगांव (8.6°C), कल्याणपुर-शाजापुर (8.7°C), उमरिया (9.3°C) और रीवा (9.6°C) भी ठंड की गंभीर चपेट में रहे. ग्वालियर में सुबह घना कोहरा छाया रहा.



### मौसमी सिस्टमों की स्थिति

उत्तर तमिलनाडु-पुदुच्चेरी तट पर बना सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र अभी भी सक्रिय है, जिसके चलते उससे जुड़ा चक्रवातीय परिसंचरण 7.6 किमी ऊंचाई तक प्रभावी है. यह सिस्टम धीरे-धीरे कमजोर होकर अगले 24 घंटों में साधारण निम्न दबाव में बदल सकता है. इसी सिस्टम से एक ट्रफ दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, उत्तर केरल और लक्षद्वीप क्षेत्र तक फैली है. इसी बीच, पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और पंजाब के ऊपर सक्रिय है.

## महिला ने एक साथ दिया 4 बच्चों को जन्म

**इंदौर.** शहर के क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल में एक महिला ने एक साथ चार बच्चों तीन बच्चियों और एक बच्चे को जन्म दिया है। सभी नवजातों को कम वजन के चलते पीआईसीयू में निगरानी में रखा गया है। महिला का नाम शबाना मंसूरी, निवासी धार रोड बताया गया है। फिलहाल मां और चारों बच्चे सुरक्षित हैं। चिकित्सक डॉ. रितेश पालिया के अनुसार तीन नवजातों का वजन लगभग 1-1 किलो और एक का वजन करीब 750 ग्राम है। एहतियात के तौर पर चारों को लगातार मॉनिटरिंग पर रखा गया है। इनमें से दो नवजातों की हालत कमजोर होने पर उन्हें डॉल्फिन हॉस्पिटल रेफर किया गया।

# अत्याधुनिक पॉडकास्ट स्टूडियो की शुरुआत

## कांग्रेस कमेटी ने मुख्यालय में स्टूडियो का विधिवत उद्घाटन किया

विशेष संवाददाता

**भोपाल,03 दिसंबर. कांग्रेस कमेटी ने पार्टी मुख्यालय में अत्याधुनिक पॉडकास्ट स्टूडियो का विधिवत उद्घाटन किया। यह पहल मुद्दा-आधारित संवाद और डिजिटल आउटरीच को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।**

इस स्टूडियो की स्थापना पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी के मार्गदर्शन और संगठन प्रभारी डॉ.संजय कामले के प्रयासों से संभव हुई है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के प्रथम तल पर विकसित यह आधुनिक स्टूडियो पार्टी की नीतियों, जनसरोकार से जुड़े मुद्दों और संगठन की गतिविधियों को और अधिक स्पष्टता और तकनीकी दक्षता के साथ जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि डिजिटल युग में यह स्टूडियो कांग्रेस को जनता से सीधे संवाद स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करेगा।





## सांसद शर्मा ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट

**नई दिल्ली.** सांसद वीडी शर्मा ने बुधवार को दिल्ली में देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# घर से कांग्रेस की संगठन चला रहे जीतू : पटेल

## सारंग और लखन पटेल ने सुनी भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 दिसंबर. लगातार तीसरे दिन भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायतें और समस्याएं सुनने के लिये मंत्री पहुंचें. बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग और लखन पटेल पहुंचें.**

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया, ऐसे मामले जिसका तत्काल समाधान नहीं हो सका, उसे संबंधित विभागों को भेजा गया. दोनों ही मंत्री दोपहर एक से तीन बजे तक रहे. कार्यकर्ताओं



### वन टाइम सेटलमेंट योजना लाएगी सरकार : सारंग

से संवाद के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश के डिफाल्टर किसानों को राहत देने के लिए जल्द ही वन-टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी. डिफाल्टर सूची से किसानों को निकालकर रेगुलर श्रेणी में शामिल किया जाएगा, ताकि वे फिर से ऋण प्राप्त कर सकें.

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए गबन और घोटालों का असर किसानों पर न पड़े, इसके लिए सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाई जा रही है. कांग्रेस नेता अनावश्यक मुद्दे उठाकर सिर्फ मीडिया में स्थान पाने की कोशिश करते हैं. कांग्रेस से किसी भी प्रकार के सम्मान या सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा नहीं की जा सकती. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देती आ रही है, यही कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है.

# 97% गणना पत्रों का कार्य पूरा

## 15 जिलों में डिजिटाइजेशन का काम पूर्ण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 दिसंबर. प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है. अभी तक प्रदेश में लगभग 5 करोड़ 57 लाख गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है. जो कुल कार्य का 97 फीसदी से अधिक है.**

15 जिलों अशोक नगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी, उमरिया, बुरहानपुर, मंदसौर, सतना, टीकमगढ़ और अलीराजपुर में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम हो चुका है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि से पूर्व यह उपलब्धि सभी के प्रयास और कर्तव्य निष्ठा से ही संभव हुई है.

झा ने बताया कि प्रदेश के 19 अन्य जिलों ने 99 प्रतिशत से अधिक,12 जिलों में 98 फीसदी और 6 जिलों में 90 फीसदी से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. झा ने डिजिटाइजेशन में लगे सभी शासकीय सेवकों, बीएलओ तथा सहयोगी नागरिकों के समन्वित प्रयास की सराहना की जिसके चलते निर्धारित समय से पहले ही कार्य पूर्णता की ओर है.

# वीडियोग्राफी के आधार से 17 पर प्रकरण दर्ज

## धरना प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

**धामनोद,03 दिसंबर. खलघाट टोल प्लाजा पर किसान आंदोलन के धरना प्रदर्शन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वीडियोग्राफी के आधार पर 17 किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिए है.**

पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान कुछ किसानों द्वारा बिना अनुमति सड़क मार्ग बाधित करने और यातायात में अवरोध उत्पन्न करने जैसी गतिविधियां सामने आई साथ ही उनके द्वारा प्रतिबंधित धाराओं का उल्लंघन किया गया. जिसके आधार पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज की गई है.

धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन एवं जिले के आला अधिकारियों द्वारा संपूर्ण घटना क्रम की वीडियोग्राफी कराई गई. जिसके आधार पर पुलिस ने 17 किसानों पर प्रकरण दर्ज किया है. जिनमें गोपाल पाटीदार राष्ट्रीय किसान मजदूर महा संघ मध्य भारत संगठन मंत्री निवासी ग्राम छालपा जिला खरगोन, मंदन मुवेला राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष बडवानी, प्रकाश धाकड राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ निवासी बदनावर, सहित अन्य करीब 600 से 700 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ.



## जीएसटी निरीक्षक 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सतना.** जिले में एक व्यवसायी की शिकायत पर आज जिले में पदस्थ जीएसटी निरीक्षक सौरभ सिंह को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. विशेष स्थापना पुलिस लोकायुक्त रीवा ने सेंट्रल जीएसटी इंस्पेक्टर को उनके निवास पर व्यवसायी से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया. लोकायुक्त पुलिस द्वारा बताया गया कि 15 लाख रुपए के ईवे बिल पास करने के नाम पर शिकायतकर्ता से आरोपी ने एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसके बाद दोनों के बीच 60 हजार रुपये में लेन-देन की बात तय थी. रिश्वत की पहली 20 हजार रुपये की किश्त लेते हुए जीएसटी निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया.

# दिवंगत रेलकर्मियों के अदम्य साहस को स्मरण

## डीआरएम ने शहीद कर्मचारियों के स्मारक पर पुष्प अर्पित किया

**भोपाल,03 दिसंबर. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 2-3 दिसम्बर 1984 की रात हुई भोपाल गैस त्रासदी विश्व की सबसे भीषण औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक थी. इस त्रासदी में असंख्य लोगों की जान गई तथा लाखों लोग वर्षों तक प्रभावित रहे.**

इसी भयावह स्थिति के दौरान अपने कर्तव्य के प्रति अद्वितीय समर्पण दिखाने वाले रेलकर्मियों को स्मरण करने हेतु 03 दिसम्बर को डीआरएम पंकज त्यागी सहित मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भोपाल स्टेशन स्थित 'भोपाल गैस त्रासदी रेलकर्मी स्मारक' पर पुष्प अर्पित कर मौन रख श्रद्धांजलि दी.



यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनाइट गैस के रिसाव ने पूरे शहर में अफरा-तफरी मचा दी थी. इसी कठिन समय में भोपाल स्टेशन पर पदस्थ स्टेशन प्रबंधक स्व. हरीश धुर्वे एवं उनके साथ 44 रेल कर्मचारियों ने जोखिम उठाते हुए मुंह पर कपड़ा बांधकर ड्यूटी जारी रखी. उनका उद्देश्य बीना और इटारसी दिशा से आने वाली ट्रेनों को भोपाल स्टेशन तक पहुँचने से रोककर यात्रियों की जान बचाना था.

**मिलेगी नई पहचान** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे 20 शिकारा नाव सेवा का शुभारंभ

# अब भोपाल में उठाएं कश्मीरी शिकारा का लुत्फ़

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, झीलों की नगरी भोपाल के सौंदर्य में अभिवृद्धि करते हुए, गुरुवार 4 दिसम्बर को सुबह 9 बजे बड़े तालाब के बोट क्लब पर 20 नवीन शिकारा नाव की सेवा का शुभारंभ करेंगे.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगी. प्रदेश में पर्यटन विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में पर्यटन सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है. भोपाल के बड़े तालाब में कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील की तर्ज पर शिकारे संचालित करने की यह अनूठी पहल की गई है. यह पहल न केवल प्रदेश के जल-पर्यटन को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान देगी, बल्कि पर्यटकों के लिए प्रकृति के सानिध्य में सुकून के कुछ पल बिताने का एक जरिया भी बनेगी. इन शिकारा बोट्स राइड के दौरान पर्यटक बर्ड वाचिंग भी कर सकेंगे इसके लिए शिकारे में दूरबीन की व्यवस्था भी की गई हैं साथ ही पर्यटक अन्य शिकारों में उपलब्ध आर्गेनिक वेजिटेबल्स और फ्रूटस और मप्र में निर्मित हस्तशिल्प के उत्पाद भी खरीद सकेंगे, वहीं राइड के दौरान पर्यटक स्थानीय व्यंजन का लुत्फ भी ले सकेंगे.




इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में जल-पर्यटन (वॉटर टूरिज्म) को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुसार, प्रदेश में पहली बार इतने वृहद स्तर पर शिकारों का संचालन किया जा रहा है. विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, इन सभी 20 शिकारों का निर्माण प्रदूषण रहित आधुनिक तकनीक से किया गया है. इनका निर्माण फाइबर रीइन्फोर्सड पॉलीयूरिथेन और उच्च गुणवत्ता वाली नॉन-रिएक्टिव सामग्री से हुआ है, जो जल के साथ किसी भी प्रकार की रासायनिक क्रिया नहीं करती. इससे बड़े तालाब की पारिस्थितिकी और जल की शुद्धता पूर्णतः सुरक्षित रहेगी.

# मुरैना में पुलिस पर हमला, मारी गोली

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 दिसंबर. महाराजपुरा थाना पुलिस के साथ मुरैना के जनकपुर गांव में बुधवार को मारपीट हो गई। हत्या के प्रयास के आरोपी बदमाश हद्दू गुर्जर की तलाश में पुलिस पार्टी पहुंची थी।**

जैसे ही पुलिस जवानों ने बदमाश को पकड़ा तो गांव के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिस से मारपीट कर पुलिस जवान अनिल तोमर को पैर में गोली मार दी। यह घटना मुरैना शहर से 18 किलोमीटर दूर हुई। ग्वालियर पुलिस ने जनकपुर गांव में कार्रवाई के लिए जाने की सूचना मुरैना पुलिस को नहीं दी थी।

### पुलिस को बिना बताए पहुंची थी टीम

### बदमाश को पकड़ने गई पुलिस पर किया हमला

घायल जवान अनिल तोमर को पहले मुरैना जिला अस्पताल लाया गया और वहां से सीधे ग्वालियर के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में ग्वालियर एसएसपी धर्मवीर सिंह ने मुरैना एसपी समीर सौरभ से चर्चा की है।

ग्वालियर के महाराजपुरा थाने से पांच जवान बदमाश हद्दू गुर्जर पुत्र परीक्षत सिंह गुर्जर निवासी जनकपुर की तलाश में उसके गांव पहुंचे थे।

## 14 साल के किशोर ने की पड़ोसी की हत्या

**ग्वालियर।** झांसी रोड इलाके में हुई 17 वर्षीय किशोर नितिन की हत्या पड़ोस में रहने वाले 14 वर्षीय किशोर ने की थी। पुलिस पूछताछ में बताया कि नितिन उसे रोज पीटता था और बार-बार बेइज्जत करता था, जिससे परेशान होकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या की है। पुलिस ने बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया है। नितिन का शव बीती दोपहर झांसी रोड थाना क्षेत्र के गंजी पहाड़ी पर झाड़ियों के बीच मिला था।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14



# अच्छा आचरण रहा तो गुंडा लिस्ट से हटा देंगे नाम

## अपराधियों पर शिकंजा : पुलिस ने रिकॉर्डशुदा बदमाशों को दी हिदायत



**बेगमगंज, 3 दिसंबर. पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने निर्देशानुसार पुलिस ने असामाजिकतत्वों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है.**

एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे एवं एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थानाप्रभारी राजीव उइके ने बुधवार को 64 से अधिक चिन्हित रिकॉर्डशुदा एवं 9 निगरानीशुदा बदमाशों को थाने बुलाकर भविष्य में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने और कोई अपराध नहीं करने की हिदायत देते हुए स्पष्ट कर दिया कि यदि उनके द्वारा अब एक भी अपराध किया गया तो इस बार बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी. इसलिए आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें, यदि अन्य कोई करता हुए दिखे तो उसको पकड़वाने एवं रोकने में पुलिस का सहयोग करें. अच्छे नागरिक बनकर अच्छी जिंदगी गुजारेंगे ओर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें. आपका अच्छा आचरण देखकर एसपी से सिफारिश करके आपके नाम गुंडा लिस्ट से हटा दिए जाएंगे.

पुलिस थाने में अपनी हाजिरी देने पहुंचे सभी बदमाशों ने भविष्य में उनके द्वारा किसी भी प्रकार का अपराध नहीं करने और अन्य अपराधियों की सूचना देने के साथ अपराध की रोकथाम में पुलिस का परस्पर सहयोग करने का वचन दिया. थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशानुसार, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आपराधिक गतिविधियों को सख्ती से रोके जाने की कवायद के साथ सूचना तंत्र एवं गश्त बढ़ा दिया गया है. स्कूलों के आसपास असामाजिकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. फिलहाल रिकॉर्डशुदा बदमाशों को बुलाकर हिदायत दी गई है ताकि वो भविष्य में अपराध करने से बचें.



### सलामतपुर में 12 गुंडों, 5 निगरानी बदमाशों की परेड

**सलामतपुर, 3 दिसंबर.** सलामतपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने 12 गुंडे (हिस्ट्रीशीटर) और 5 निगरानी बदमाशों को थाने पर तलब किया. सभी को लाइन में खड़ा कर परेड कराई गई. उनके डोजियर फॉर्म भरवाए गए, पुराने रिकॉर्ड की जानकारी ली गई और सभी को शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने की सख्त हिदायत दी गई. एसपी आशुतोष गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही स्पष्ट कर दिया है कि जिले में गुंडागर्दी और अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. इसी कड़ी में थाना स्तर पर यह पहली कार्रवाई की गई है. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि आगे भी ऐसे बदमाशों पर लगातार नजर रखी जाएगी और कोई अपराध किया तो तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी. जिले में नए एसपी आने के बाद अपराधियों में हड़कंप है और आम जनता ने इस कदम का स्वागत किया है. आने वाले दिनों में और भी सख्त कदम उठाए जाने की संभावना है.



# सलमान, संरक्षण देने वाले 3 आरोपियों को भेजा जेल

▸ गौहरगंज क्षेत्र में छह साल की मासूम से दुष्कर्म का मामला

**रायसेन, 3 दिसंबर. जिले के गोहरगंज क्षेत्र में छह साल की एक मासूम से दुष्कर्म करने के आरोपी सलमान उर्फ नजर और उसे संरक्षण देने वाले तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है.**

एसपी आशुतोष गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी सलमान उर्फ नजर सहित तीन दिन तक आरोपी को संरक्षण देने वाले तीन आरोपियों को जेल भेजा गया है. वहीं आरोपी सलमान को भी पुलिस ने जेल भेज दिया है. 27 नवंबर शाम को आरोपी सलमान के द्वारा 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद मौके से फरार हो गया था. आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दुष्कर्म के बाद उसने हाईवे की एक दुकान से सिगरेट ली थी, जहां पीड़िता के पिता ने उसे देख लिया था और पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकलने में कामयाब हो गया और जंगल के रास्ते छिपता हुआ भोपाल पहुंच गया.

### भोपाल में मिला था उसे संरक्षण

जंगल में बनी एक झोपड़ी से उसने दो मोबाइल फोन चुराए और अपनी शर्ट बदली. इसके बाद वह हाईवे के रास्ते ट्रैक्टर में सवार होकर गौहरगंज कोर्ट के सामने उतरा. वहां से जंगल के रास्ते हाईवे पर पहुंचा और बस पकड़कर नादरा बस स्टैंड पहुंच गया और वहीं रात बिताई. 22 नवंबर को आरोपी सलमान बस से हबीबगंज नाका पहुंचा और एक मोबाइल आरआरएल ब्रिज के नीचे नाले में फेंक दिया. इसके बाद डीआईजी बंगला होते हुए करोंद मंडी पहुंच गया. 23 नवंबर को काम की तलाश में उसकी मुलाकात ठेकेदार जैद खान पिता सागीर खान और मकान मालिक इंसाफ हुसैन पिता होसाफ हुसैन से हुई. इन दोनों ने उसे संरक्षण दिया और निर्माणाधीन मकान में तीन दिन तक मजदूरी दी, जहां वह पुलिस से बचा रहा. 26 नवंबर को आरोपी ने चोरी का दूसरा मोबाईल तोड़कर उसके पार्ट्स नारियलखेड़ा में शहजाद कबाड़ी को बेच शराब पीकर फुटपाथ पर सो गया. 27नवंबर को वह गांधीनगर क्षेत्र के आसपास किराए का मकान की तलाश कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीमों द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

### बच्ची अस्पताल से डिस्चार्ज

एसपी गुप्ता ने बताया बच्ची की हालत में सुधार है और डॉक्टर द्वारा बच्ची को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है. बच्ची अब अपने घर पहुंच चुकी है. पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे.

# भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी साहू को पार्टी ने पद से हटाया

▸ दीवानगंज चौकी प्रभारी से शराब की बोतल मांगने का मामला

**सलामतपुर, 3 दिसंबर. विगत दिवस जिले के भाजपा मंडल सलामतपुर के मंडल मीडिया प्रभारी हरिओम साहू द्वारा दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी से शराब की बोतल मांगी गई थी, जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है.**

इस मामले में मंडल अध्यक्ष सलामतपुर रितेश अग्रवाल और मंडल मीडिया प्रभारी हरिओम साहू को भारतीय जनता पार्टी जिला अनुशासन समिति द्वारा नोटिस देकर जवाब देने को कहा था उनके लिखित जवाब मिलने के पश्चात जिला अनुशासन समिति द्वारा उक्त मामला भाजपा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा कार्यालय के लिए मंडल मीडिया प्रभारी के इस निंदनीय पार्टी विरोधी कृत्य से अवगत कराया गया था. इस मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा संगठन के निर्देश पर सलामतपुर मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल द्वारा मंडल मीडिया प्रभारी के पद से हरिओम साहू को पद मुक्त कर दिया गया है . इस संबंध में मंडल अध्यक्ष अग्रवाल द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, सांची विधायक डॉक्टर प्रभुराम चौधरी एवं जिला अनुशासन समिति के संयोजक राकेश तोमर को भी प्रति भेजकर अवगत करा दिया गया है.

गौरतलब है कि भाजपा के सलामतपुर मंडल मीडिया प्रभारी हरिओम साहू का पुलिस वाले के साथ एक ऑडियो सामने आया था. जिसमें वह दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा से शराब की बोतल की मांग करते सुनाई दे रहे हैं. और उन पर आरोप था कि मांग पूरी न होने पर मीडिया प्रभारी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में झूठी शिकायत दर्ज करा दी. वहीं दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि 29 अक्टूबर की रात में जब वह अपने कमरे पर थे तो हरिओम साहू का फोन आया था. उसने शराब की बोतल की मांग की, जिसे उन्होंने पूरा नहीं किया. तो इसके बाद 181 पर सीएम हेल्पलाइन में उनकी शिकायत की गई.

### क्या था वायरल ऑडियो में

वायरल ऑडियो में हरिओम साहू चौकी प्रभारी से पूछते हैं कहां हो? जवाब में शर्मा कहते हैं, रूम पर हूं. साहू आगे कहते हैं, ध्यान ही नहीं दे रहे हो, 10 बज गए बोतल नहीं आई. इस पर शर्मा कहते हैं, बोतल के लिए समय भी तो देख लो. साहू फिर कहते हैं, आप थोड़ी बोतल देंगे, आप तो किसी से भी बोल दो... आप कलारी वाले से बोल देते, वह हमें लाकर दे देता. चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने जवाब दिया, मैं कलारी वाले से नहीं बोलता हूं. कलारी वाला मुझे दे जाएगा, फिर मैं आपको दूंगा, सिस्टम से चलते हैं.

### सीएम हेल्पलाइन में चौकी प्रभारी पर अभद्रता करने की झूठी शिकायत की

शिकायत में मीडिया प्रभारी ने आरोप लगाया था कि चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने उनके साथ अपशब्दों का प्रयोग किया और उन्हें अपमानित किया. साहू ने खुद को मंडल मीडिया प्रभारी बताते हुए कहा कि उन्हें जनता के सामने अपमानित किया गया है, जिससे उन्हें काफी समस्या हो रही है.

# बेगमगंज में आक्रोशित कुर्मी समाज ने दिया ज्ञापन

## सोशल मीडिया पर समाज को अपमानित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**बेगमगंज, 3 दिसंबर. सागर जिले के रहली तहसील निवासी एक व्यक्ति द्वारा समस्त कुर्मी समाज के खिलाफ अशब्दों का प्रयोग करके सोशल मीडिया पर रील डालकर अपमानित किए जाने के विरोध में बुधवार को बेगमगंज तहसील से कुर्मी समाज के बड़ी संख्या में लोग दशहरा मैदान पर एकत्रित हुए और पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार प्रमोद उइके को सौंपकर समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है.**

मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज बेगमगंज नगर इकाई के अध्यक्ष डॉ. दीपक पटेल एवं ग्रामीण अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल के नेतृत्व में सैकड़ो स्वजन बंधुओं द्वारा दिए गए ज्ञापन में रहली क्षेत्र के मुरारी पाण्डे उर्फ झुन्नू पांडे निवासी ग्राम मड़िया सन्दई तहसील रहली के द्वारा समस्त कुर्मी क्षत्रिय समाज के व्यक्तियों को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करके सार्वजनिक रूप से गाली- गलौंच करते हुए जातिगत रूप से अपमानित किया गया है. सागर जिले के गढ़ाकोटा एवं रहली तहसील जिला सागर में बड़ी संख्या में कुर्मी क्षत्रिय समाज निवासरत है. 30 नवम्बर को मुरारी पाण्डे पिता भगवतशरण उर्फ झुन्नी पाण्डे निवासी ग्राम मढिया (संदई) तहसील, थाना रहली जिला सागर के द्वारा सोशल मीडिया पर 6-7 मिनट का एक विडियो वायरल किया गया है.

जिसमें समस्त कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोगों को कई बार गाली-गलौच करते हुए अशब्दों का प्रयोग कर जातिगत रूप से अपमानित किया है. इस कारण समाज के सभी लोगों को मानसिक एवं सामाजिक आघात पहुंचा है.



कथित मुरारी पाण्डे के द्वारा किए गए , इस कृत्य के कारण कुर्मी- क्षत्रिय समाज के सभी लोगों में आक्रोश व्याप्त है. उक्त व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कुर्मी समाज ने चेतावनी दी है कि समाज में सनातनधर्मियों के वर्गों के बीच वैमनस्यता एवं अशांति फैलाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए.

# विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन का समापन

**भोपाल, 3 दिसंबर. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में विश्वरंग के सातवें संस्करण के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'स्थानीय से वैश्विक : भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में साहित्य और कलाओं की भूमिका' सम्पन्न हुआ.**

कार्यक्रम का संयोजन मानविकी एवं उदार कला संकाय की डीन डॉ. रुचि मिश्र तिवारी द्वारा किया गया. श्रीलंका के दृश्य व प्रदर्शन कलाएँ विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय संबंध निदेशक डॉ. कमानी समरसिंघे ने कहा कि विश्वरंग ने कला और संस्कृति के माध्यम से 70 देशों को जोड़ते हुए एक अनूठा सांस्कृतिक-शैक्षणिक सेतु निर्मित किया है. प्रथम सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय की डीन डॉ. योजना रावत ने मानव को वस्तु की तरह देखने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय साहित्य-कला को मानवता के उत्थान का आधार बताया. उन्होंने हिंदी के वैश्विक प्रसार के लिए 'हमें हिंदी से प्यार है' जैसे अभियानों को आवश्यक बताया. पीईटीसी इंदौर की प्राचार्य डॉ. अल्का भार्गव ने भवानी प्रसाद मिश्र और अटल बिहारी वाजपेयी की रचनाओं के उदाहरणों द्वारा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं और युवाओं की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया.

# सिलवानी कृषि उपज मंडी में धान की बंपर आवक

## फसल की अच्छी पैदावार से किसानों के चेहरे पर छाई खुशी

**सिलवानी, 3 दिसंबर. इस बार धान की बंपर पैदावार और बेहतर दाम मिलने से सिलवानी कृषि मंडी में हलचल देखने को मिली है. बुधवार को दर्जनों ट्रालियां धान से भरकर मंडी में पहुंचीं, जिससे मंडी में जान फूंकी और किसानों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है.**

किसानों का कहना है कि इस वर्ष धान की उपज सामान्य से बेहतर रही है और अच्छे भाव मिलने से उनकी मेहनत सफल साबित हो रही है.किसान माखन सिंह ने बताया कि इस वर्ष प्रति एकड़ धान की पैदावार लगभग 15 से 20 क्विंटल तक हुई है. उन्होंने कहा, 'सिलवानी मंडी में हमें प्रति क्विंटल 3400 रुपए की अच्छी कीमत मिली है, जिससे किसान खुश हैं और आर्थिक रूप से लाभान्वित महसूस कर रहे हैं. 'ग्राम तिनघरा से आए किसान अवधेश आदिवासी ने धान के बढ़ते भावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'इस बार धान का भाव 2800 रुपए से लेकर 3430 रुपए प्रति क्विंटल तक मिल रहा है. यह हमारे मेहनत और लागत के हिसाब से संतोषजनक है.



'देवरी मडिया ग्राम के किसान नितेश अवस्थी ने बताया कि एक एकड़ धान की खेती में लगभग 30,000 रुपए खर्च होते हैं. 'वर्तमान भाव लागत निकालने में मददगार साबित हो रहे हैं, जिससे नुकसान की आशंका कम हो रही है. 'फिर भी किसानों ने सरकार से अपनी पूरी मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए और ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे धान की कीमत और बेहतर हो सके.

**खेल प्रतियोगिता** ▸ सांसद कप प्रतियोगिता का समापन

# युवा अपनी उर्जा का सकारात्मक उपयोग करें : रामपाल

**बेगमगंज, 3 दिसंबर. ऐसे आयोजन खेल, फिटनेस और मनोरंजन का अद्भुत संगम हैं. ये महोत्सव युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर देने के साथ- साथ 'फिट इंडिया मूवमेंट' को भी नया आयाम देंगे. सांसद कप के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है. आज के युवाओं को अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यो के लिए करना चाहिए. और नशा सहित अन्य दुर्व्यसनों से दूर रहना चाहिए.**




पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय के विशाल मैदान पर नगर एवं ग्रामीण मंडल स्तरीय सांसद कप प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए विजयी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा सांसद कप में जो अच्छा खेले हैं उन सभी को भी उनके प्रयास के लिए शुभकामनाएं. और जो दूसरे या तीसरे नंबर पर आए हैं वह अपने प्रयास को निरंतर जारी रखें ताकि आगे जाकर वह नंबर वन बन सके. कबड्डी पुरुष एवं महिला वर्ग प्रतियोगिता नगर मंडल अध्यक्ष अजय सिंह जाट के नेतृत्व में आयोजित की गई दोनों वर्गों के फायनल में विजेता हिंद एकेडमी बेगमगंज, उपविजेता शासकीय महाविद्यालय बेगमगंज रहा. कबड्डी पुरुष वर्ग ग्रामीण कि ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जगदीश लोधी के नेतृत्व में आयोजित की गई प्रतियोगिता में करहौला की टीम विजय रही, उपविजेता तुलसीपार की टीम रही. वही सुल्तानगंज ग्रामीण मंडल की प्रतियोगिता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरिराम यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें मरखंडी की टीम विजयी रही. क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान नाइस क्रिकेट क्लब, दूसरे स्थान पर माही आर्मी, और तीसरा स्थान इलेवन दाऊ ने प्राप्त किया. महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बेगमगंज प्रथम रहा. ग्रामीण मंडल पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में कीरतपुर की टीम प्रथम, द्वितीय स्थान पर मेहगांव टप्पा और तीसरा स्थान हासिल किया खजुरिया ब.ग. ने. सभी प्रतियोगिताओं की विजेता और उप विजेता टीम को पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए. कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप सोनी शून्य ने किया आभार प्रदर्शन नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट ने व्यक्त किया.

कार्यक्रम के शुरू में अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, एसडीएम सौरभ मिश्रा, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, सीएमओ राजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष व ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष जगदीश लोधी, नगर मण्डल अध्यक्ष अजय जाट, सुरेश ताम्रकार, भगवान सिंह ठाकुर, कमल साहू, राकेश भार्गव, जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू, गायत्री नगरिया, महिला मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष राजकुमारी शाक्या, सविता भार्गव, हरि नारायण लोधी, खेल समन्वयक सुभाष रैकवार एवं पार्षदगणों में गुलाब राजक, लोकराज ठाकुर, राजीव दुबे, प्रवीण जैन, रवि राज, लक्ष्मी दुबे, कुलदीप लोधी, शालगराम नेमा, राम गोपाल साहू बिट्टू जैन, शोभाराम नगरिया, जनपद सदस्य वीरू यादव, राजेंद्र सोलंकी, भगवान सिंह गौर, अमर सिंह शाक्य आदि उपस्थित रहे.



# श्री धूनी वाले दादाजी का किया रुद्राभिषेक, पूजन

**भोपाल, 3 दिसंबर.** जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में बुधवार को सभी भगवान की पूजन के पश्चात श्री धूनीवाले दादाजी (केशवानंदजी महाराज) की पुण्यतिथि के अवसर पर दादाजी धाम मंदिर के गर्भग्रह में विराजमान श्री धूनी वाले दादाजी की प्रतिमा पर पंडित राजेन्द्र पलिया ने प्रात: 10:00 बजे से रुद्राभिषेक, नर्मदा अष्टक शिवाष्टक,पूजन, हवन, आरती, विधि विधान से यजमान शिवरतन नामदेव पत्नी अर्चना नामदेव, शशि कुमार गुप्ता, मनोज मोहन अनीता नामदेव , अखिलेशश्रीवास्तव, धनंजय बोरकर, आर डी धुर्वे,जीवन नामदेव, राजन चक्रवर्ती, हर्ष, सर्वेश, अवधेश सिंह,श्वेता, अंजू,नीतू एवं अन्य सभी भक्तों को विधि विधान से पूजन किया एवं पुण्य लाभ प्राप्त किया.

# छतरपुर/सीहोर जिला







## एक नजर में



### भाजपा के राज में दिव्यांगता बन चुकी है वरदान : श्रीमती राय

**सीहोर.** विश्व दिव्यांगता दिवस की पूर्व संध्या पर क्रिसेंट रिसॉर्ट में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को संबोधित करते हुए श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने कहा कि पहले की सरकारों में शारीरिक रूप से अशक्त महिला, पुरुषों व बच्चों को अपाहिज कहा जाता था. भाजपा की केंद्र में सरकार आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक सम्मान देते हुए असक्तजनों को दिव्यांग नाम दिया. अब भाजपा के राज् में दिव्यांगता वरदान बन चुकी है और हर क्षेत्र में दिव्यांगजन तरक्की कर रहे हैं. कार्यक्रम को वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने भी संबोधित किया और दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को वसुन्धरा वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से 15 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए.




### विधिक साक्षरता शिविर दिव्यांगजनों को दी जानकारी

**आष्टा.** श्रीमती ऋचा जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. श्रीमती जैन ने कहा कि दिव्यांगता को अक्सर लोग केवल शारीरिक कमी के रूप में देखते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि यह कमी नहीं, बल्कि परिस्थितियों की एक चुनौती है. इंसान ने जब सीमाओं को स्वीकार करने से इंकार किया है, तब नई तकनीक, नई सोच और नए आविष्कार जन्म लेते रहे हैं. आज दुनिया उस मोड़ पर है, जहां विकलांगता का मतलब जीवन भर निर्भर रहना नहीं रहा, बल्कि नई संभावनाओं की शुरुआत बन चुका है. 3 दिसंबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस इसी सोच को आगे बढ़ाने का दिन है. कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष शर्मा शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का किया स्वागत

**आष्टा.** नव नियुक्त प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं महिला कांग्रेस द्वारा बाईपास चौराहे पर स्वागत किया इस मौके पर रीना बोरासी ने कहा कि पूरे देश में महिला उत्पीड़न के मामले में मध्य प्रदेश नंबर एक पर है. महिलाओं के अधिकार के लिए, युवाओं को रोजगार के लिए और देश के अन्नदाता किसान के अधिकार के लिए संघर्ष करते रहेंगे. इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, जाहिद खान गुड्डू,महेश मुंदीखेड़ी, संगीता यादव, घनश्याम जांगड़ा, राखी परमार, गीता कुशवाहा,तबस्सुम खान,प्रमिला सिरसौट,श्रीमती हेमलता चौहान, कांताबाई ,रामकली बाई, तेजू चौहान, रेखा,सीता, कमलाबाई, रीना मलेशिया,तेज कुमार चौहान, संजू ,सीमा, अलका यादव, सुषमा, ममता काकोरी,संगीता जमुना, दीपिका,सहन बी, सुनील कटारा, सुनील यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

# परा गांव में खाद वितरण को लेकर हंगामा

## 250 महिलाएं रात 2 बजे से लाइन में खड़ी, 15 ट्रक खाद ब्लैक में बेचने का लगाया आरोप

- नायब तहसीलदार पर छात्रा को थप्पड़ मारने का आरोप
- वीडियो वायरल, ब्लैक मार्केटिंग और अव्यवस्था को लेकर किसानों में गुस्सा







**छतरपुर, 3 दिसम्बर. जिले के परा गांव में बुधवार को खाद वितरण के दौरान भारी अव्यवस्था और हंगामा देखने को मिला। भीड़ नियंत्रित करने पहुंचीं नायब तहसीलदार नीतू सिंघई पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उन्होंने एक छात्रा को थप्पड़ मारा, एक किसान की कॉलर पकड़ी और एक महिला से मारपीट की। वहीं, मौके पर मौजूद पत्रकारों के मोबाइल छीनने की भी शिकायत सामने आई है। पूरा घटना क्रम वीडियो में कैद होकर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**

**छात्रा बोली - दो महीने से खाद के लिए भटक रही हूं, टोकन मांगा तो थप्पड़ मार दिया:** एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा गुड़िया पटेल ने बताया कि वह दो महीने से खाद के लिए भटक रही है, लेकिन उसे खाद नहीं मिल पा रही। जब उसने नायब तहसीलदार से टोकन मांगा तो उन्होंने कहा कि महिलाओं को टोकन नहीं दिए जाएंगे। छात्रा का आरोप है कि दोबारा टोकन मांगने पर अधिकारी ने उसे थप्पड़ मार दिया। गुड़िया ने यह भी दावा किया कि करीब 250 महिलाएं रात 2 बजे से लाइन में खड़ी थीं, फिर भी खाद नहीं मिली। आरोप है कि 15 ट्रक खाद मौजूद होने के बावजूद उसे ब्लैक में बेचा जा रहा है।

### नीतू सिंघई ने कहा — लोग लाइन नहीं बना रहे हैं

वहीं, नीतू सिंघई ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि लोग लाइन नहीं बना रहे, अफसरों पर चढ़ रहे हैं और दुपट्टे खींच रहे हैं। उनका कहना है कि महिलाओं ने जबरन पुरुषों की लाइन में घुसकर अव्यवस्था बढ़ाई। पत्रकारों के मोबाइल छीनने और थप्पड़ मारने के सवालों पर उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी को नहीं मारा और ना ही किसी का मोबाइल छीना। इस घटना ने खाद वितरण व्यवस्था की खामियों और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि टोकन सिस्टम में धांधली, ब्लैक मार्केटिंग और अधिकारियों की मनमानी के कारण उन्हें खाद के लिए घंटों नहीं, बल्कि दिनों तक परेशान होना पड़ रहा है।

# कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

## छतरपुर जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**छतरपुर, 3 दिसम्बर. छतरपुर जिले में अवैध हथियारों पर सख्ती से कार्रवाई जारी है। इसी अभियान के तहत सटई पुलिस ने ग्राम बसाटा में एक युवक को अवैध हथियार लिए घूमते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।**

गिरफ्तार युवक की पहचान नरेंद्र कुशवाहा, पिता जिम्मू कुशवाहा, निवासी अतरार, थाना सटई के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त कर रही थी, तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि बसाटा में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ नजर आया है। सूचना मिलते ही पुलिस राईपुरा तिराहे के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।



**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो भी जांच के दायरे में:** घटना से जुड़े एक वीडियो ने पुलिस की कार्रवाई को और गंभीर बना दिया है। इंस्टाग्राम पर वायरल इस वीडियो में आरोपी को एक अन्य व्यक्ति के साथ अवैध कट्टा लहराते हुए देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने यह वीडियो लोगों में दहशत फैलाने के उद्देश्य से पोस्ट किया था। अब पुलिस इस सोशल मीडिया वीडियो की भी गहन जांच कर रही है।

### जिले में जारी है अभियान

छतरपुर पुलिस ने अवैध हथियारों पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चला रखा है। विगत दिनों में पुलिस अब तक 475 से अधिक आरोपियों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही कई अवैध हथियार फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई भी की गई है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध हथियारों की गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# अनियंत्रित बाइक से गिरे अधेड़ को डायल 112 ने पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र

**चंदला, 03 दिसम्बर.** चंदला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नाहरपुर तिगैला के पास मऊपुर महाराजपुर थाना निवासी 60 वर्षीय अधेड़ धर्मदास पटेल पिता शंकर पटेल किसी कार्य से चंदला आ रहा था, तभी शराब के नशे में बाइक अनियंत्रित होने की वजह से झाड़ियो में जा घुसा वहीं से गुजर रहे ग्रामीणों ने डॉयल 112 को दी.

जिसमें तैनात आरक्षक बलवीर सिंह राजपूत मौके पर पहुंच कर और डॉयल 112 की सहायता से अधेड़ को चंदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वही डॉक्टरों के द्वारा उपचार किया गया।



# कुर्मी समाज पर अभद्र टिप्पणी : ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

## मुरारी पांडे के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग, समाज में आक्रोश

**छतरपुर, 3 दिसम्बर. गर में कुर्मी समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर विरोध तेज हो गया है। इसी के चलते ओबीसी महासभा ने बुधवार 3 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में कहा गया कि मुरारी पांडे द्वारा कुर्मी समाज के खिलाफ अपमानजनक भाषा और गाली-गलौज की गई है, जिससे समाज में भारी आक्रोश फैला हुआ है। महासभा ने इसे सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताते हुए आरोपी पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। महासभा के पदाधिकारियों और समाजजनों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो विरोध और उग्र हो सकता है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन ज्ञापन देने के लिए मौजूद रहे।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का आक्रोश भारी, मुरारी पाण्डेय के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

## चंदला तहसील तथा थाने में जाकर की नारेबाजी, गलत वक्तव्य करने पर कार्रवाई की मांग करते हुए सौंपा ज्ञापन

**गढ़ाकोटा एवं रहली तहसील जिला सागर में कुर्मी क्षत्रिय समाज निवासरत है। दिनांक 30.11.2025 को मुरारी पाण्डेय पिता भगवत शरण उर्फ झुन्नी पाण्डेय निवासी ग्राम मड़िया ( संदई ) तहसील में थाना रहली जिला सागर के द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो करीब 6 से 7 मिनट का वायरल किया गया है।**




समस्त कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोगों को कई बार गाली गलौज एवं जातिगत रूप से अपमानित किया गया है। साथ ही साथ सामाजिक एकता को चेतावनी दी है। इस कारण से समाज के सभी लोगों को मानसिक व सामाजिक आघात पहुंचा है। मुरारी पाण्डेय के द्वारा किये गये इस वक्तव्य कृत्य के कारण कुर्मी क्षत्रिय समाज के के साथ साथ एसटी, एससी ओबीसी समाज के लोगों में भी आक्रोश है, इस कारण आसमाजिकता फैल रही है।मुरारी पाण्डेय के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु सभी लोगों द्वारा सामुहिक रूप से लिखित ज्ञापन कार्यवाही हेतु दिया जा रहा है, एवं गाली गलौज करने वाले मुरारी पांडेय पर कार्यवाही न होने की दशा में सामाजिक संतुलन बिगड़ सकता है इस कारण मुरारी पांडेय पर कार्यवाही किया जाना न्याय हित में आवश्यक है। मुरारी पाण्डे पिता भगवत शरण पाण्डे उर्फ झुन्नी पाण्डेय निवासी ग्राम मड़िया (संदई) तहसील व थाना रहली के कुर्मी क्षत्रिय समाज के सभी लोगों को सोशल मीडिया पर गाली गलौज करने के कारण उचित कारवाही की मांग की है।

जातिगत अपमानित करने के कारण उचित वैधानिक कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री के नाम चंदला तहसीलदार नारायण कोरी को ज्ञापन सौंपा है,तथा चंदला थाने में आवेदन दे कर कार्यवाही की मांग की है।

# गर्भवती महिला से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

- विशेष न्यायालय ने सुनाया सख्त फैसला
- दो धाराओं में सजा और लगा अर्थदंड

**छतरपुर, 3 दिसम्बर. छतरपुर के विशेष न्यायालय ने सात माह की गर्भवती महिला से दुष्कर्म के मामले में आरोपी रामसेवक यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला एससी/एसटी एक्ट के विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह ने सुनाया। अदालत ने प्रकरण को अत्यंत गंभीर अपराध मानते हुए आरोपी को कठोर दंड से दंडित किया है।**

मामला 9 जून 2018 का है, जब दोपहर लगभग 1 बजे पीड़िता अपने घर के पास स्थित कुएं से पानी भर रही थी। इसी दौरान गांव के आरोपी रामसेवक यादव ने उसे पीछे से दबोचकर जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने महिला को जान से मारने की धमकी दी और घटना के बाद वहां से फरार हो गया। जिसके बाद थाना मातगुवां में मामला दर्ज हुआ। प्रकरण की जांच एसडीओपी राकेश कुमार पेंड्रो द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन और विशेष लोक अभियोजक प्रवेश कुमार अहिरवार ने मामले में प्रभावी पैरवी प्रस्तुत की। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(V) के तहत आजीवन कारावास और 2000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके साथ ही भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(J) के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 2000 रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

**छतरपुर में टीबी के बढ़ते मामले** | **जिला अस्पताल में अधूरा इलाज मिलना सबसे बड़ी चुनौती**

# लक्ष्य 2025 का, लेकिन समस्या गंभीर

## बीमारी छिपाने और जागरूकता की कमी के कारण बढ़े मरीज

**छतरपुर, 3 दिसम्बर. देशभर में वर्ष 2025 तक क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन का लक्ष्य लेकर केंद्र सरकार काम कर रही है, लेकिन छतरपुर जिले की स्थिति इस लक्ष्य के विपरीत दिशा में जाती दिख रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन की साझेदारी में बड़े कार्यक्रमों की घोषणाएं जरूर हुई हैं, परंतु जमीनी सत्य इससे अलग है। जिले में अब तक 7,000 से अधिक टीबी संक्रमितों की पहचान की जा चुकी है, जिनमें से सिर्फ इसी वर्ष 2,500 नए मरीज सामने आए हैं।**



जिले में लगभग 20% मरीज इलाज बीच में छोड़ देते हैं, जिसकी वजह से संक्रमण तेजी से फैलता है और कई मरीज एमडीआर टीबी (मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट) की श्रेणी में पहुंच जाते हैं। यह स्थिति उपचार को और कठिन बना देती है। इसी को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश के 23 जिलों—जिनमें छतरपुर भी शामिल है—को विशेष निगरानी सूची में रखा गया है।

इस वर्ष जिले की 65 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गईं, जिनमें 7 को सिल्वर और 58 को ब्रोंज मेडल मिला। हालांकि, केंद्र सरकार ने दो पंचायतों को मानकों पर खरा न उतरने के कारण सूची से बाहर कर दिया। पिछले साल केवल 11 पंचायतें ही टीबी मुक्त थीं, इसलिए यह संख्या प्रगति का संकेत देती है। तीन साल तक लगातार निगरानी की जाती है। यदि कोई पंचायत दूसरे साल की शर्तें पूरी नहीं करती, तो सिल्वर सर्टिफिकेट नहीं मिलता। टीबी मरीज अक्सर सामाजिक संकोच या जानकारी के अभाव में समय पर इलाज नहीं लेते। जिले में टीबी विशेषज्ञता वाला एकमात्र अस्पताल नौगांव में है, जहां एमपी और यूपी दोनों से मरीज आते हैं। कई लोग दवाएं अधूरी छोड़ देते हैं, जिससे उनका संक्रमण बढ़कर परिवार और समाज के लिए खतरा बन जाता है।

**डॉट सेंटरों की लापरवाही भी समस्या:** जिले में 17 डॉट सेंटर हैं, लेकिन कई केंद्रों के बंद रहने की शिकायतें मिलती रहती हैं। एमडीआर टीबी जांच के लिए मरीजों को खुद सैंपल लेकर भेजने को मजबूर किया जाता है, जो नियमों के पूरी तरह खिलाफ है और संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ाता है।

### टीबी मुक्त पंचायत प्रमाणन प्रक्रिया

- **पहला वर्ष :** ब्रोंज सर्टिफिकेट
- **दूसरा वर्ष :** सिल्वर सर्टिफिकेट
- **तीसरा वर्ष :** गोल्ड सर्टिफिकेट

### टीबी के प्रमुख लक्षण

- 2-3 हफ्ते तक लगातार खांसी
- बलगम में खून
- बुखार
- रात में पसीना
- वजन में कमी
- लगातार थकान

### जागरूकता अब भी बड़ी चुनौती

क्षय रोग विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र पटेल के अनुसार, जिले में पिछले कुछ वर्षों की तुलना में टीबी के मामले कम हुए हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी संक्रमण नियंत्रण में सबसे बड़ी बाधा है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। छतरपुर में टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास जारी हैं, लेकिन लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब भी व्यापक जागरूकता, मजबूत निगरानी और इलाज में निरंतरता सुनिश्चित करनी होगी।